■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbiharitime.com

■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 329
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
4 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1858: रानी लक्ष्मीबाई को अंग्रेजों से युद्ध के बाद झांसी को छोड़ना पड़ा।
1944: द्वितीय विश्व युद्ध में ऐंग्लो अमेरिकी सेना की बुखारेस्ट में पहली बमबारी में तीन हजार नागरिकों की मौत।
1968: नासा ने अपोलो 6 का प्रक्षेपण किया।
1979: पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को मौत की सजा।
1983: अंतरिक्ष शटल चैलेंजर ने अपनी पहली उड़ान भरी।

अपने सपनों पर विश्वास करो और उन्हें पूरा करने के लिए हर दिन मेहनत करो।

संक्षिप्त समाचार

नीट परीक्षा से पहले युवक ने दे दी जान

पटना(नबिटा ब्यूरो)। रविवार को देशभर में नीट 2025 का एग्जाम होना है। तमाम छात्र उसकी तैयारियों में जुटा है लेकिन राजधानी पटना में एक अभ्यर्थी ने परीक्षा से ठीक पहले अपनी जान दे दी। परिजनों के मुताबिक वह अपनी बहन के साथ रहकर परीक्षा की तैयारी करता था। सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन पता नहीं अचानक ऐसा क्यों हुआ कि उसने ऐसा कदम उठाया? पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। मामला पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र के सालिमपुर आरा रोड नंबर 3 का है। मृतक की पहचान मधुबनी जिले के रहने वाले विवेक मंडल (20 वर्ष) के रूप में हुई है।

सोनहन थानेदार के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

भभुआ(नबिटा ब्यूरो)। कैमूर जिले के सोनहन थानेदार के खिलाफ परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश विवेक कुमार द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। न्यायालय ने कैमूर एसपी को निर्देश दिया है कि वे सोनहन थानेदार को अविलंब गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थित कराएं। यह कार्रवाई न्यायालय के बार-बार के आदेशों की अनदेखी और अदालती निर्देशों की अवहेलना के चलते की गई है। मामले की शुरुआत सोनहन थाना क्षेत्र की एक महिला द्वारा अपने पति के खिलाफ भरण-पोषण (मेंटेनेंस) के लिए दायर वाद से हुई थी।

सहकारी बैंकों में भी मिलेगा गोल्ड लोन

पटना(नबिटा ब्यूरो)। राज्य के सहकारी बैंकों में भी गोल्ड लोन मिलेगा। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार सोमवार को सहकारी बैंकों में गोल्ड लोन ज्वेलरी योजना और पेमेंट गेटवे का शुभारंभ करेंगे। गोल्ड ज्वेलरी लोन योजना के अंतर्गत सहकारी बैंक अपने ग्राहकों को उनके स्वर्ण आभूषणों के मूल्यांकन के आधार पर 20 हजार से पांच लाख तक का लोन देंगे। लोन पर ब्याज दर 9.5 फीसदी से 10 फीसदी होगी। अवधि एक माह से अधिकतम 12 माह होगी। समय पर लोन चुकाने पर अवधि विस्तारित की जाएगी। सहकारिता मंत्री ने बताया कि लोन की राशि आभूषण के मूल्यांकन के आधार पर तय की जाएगी। साथ ही गिरवी रखे आभूषणों के लिए समुचित बीमा व्यवस्था की गई है। समय पर ऋण चुकता करने पर ऋण अवधी विस्तारित की जा सकेगी।

जदयू की राजनीतिक सलाहकार समिति गठित

■ **डॉ. निर्मल कुशवाहा भी समिति में**

पटना(नबिटा ब्यूरो)। जदयू ने 281 सदस्यीय राजनीतिक सलाहकार समिति का गठन किया है। प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने शनिवार को इसकी सूची जारी की। इसमें सभी क्षेत्रों और महिला समेत सभी वर्गों को समुचित स्थान दिया गया है। समिति में पार्टी के पुराने व समर्पित नेताओं-कार्यकर्ताओं को स्थान मिला है। यही नहीं विधानसभा क्षेत्रों पर भी नजर रखी गयी है। समिति में सूर्यदेव मंडल, तूफानी राम, ललन मोहन प्रसाद, हरपाल कौर, उमर नूरानी, डॉ. निर्मल कुशवाहा, सीताराम दुखारी, ओंकारनाथ सिंह, मो. अब्दुल कयूम अंसारी, शंभु कुमार सुमन, बटेश्वर प्रसाद सिंह, नंदकिशोर चौधरी, नागेन्द्र सिंह, नर्मदेश्वर सिंह, शमीम इकबाल, बबन सिंह कुशवाहा आदि शामिल हैं।

50 हजार रुपये घूस लेते सेना का इंजीनियर धराया

दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)। बिहार में सेना का एक इंजीनियर रिश्वतखोरी के मामले में पकड़ा गया है। पटना सीबीआई की टीम ने शनिवार को दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन पर तैनात सेना के सहायक इंजीनियर कौशलेश कुमार को 50 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। आरोप है कि सैन्य इंजीनियर दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन परिसर में बनी सड़क के बिल का भुगतान और किए गए कार्य की नपाई के एवज में घूस ले रहे थे। कार्रवाई के दौरान सीबीआई की टीम मजदूरों के वेश में एयरफोर्स स्टेशन में घुसी थी। इस दौरान उनकी वहां के स्टाफ से बहस भी हो गई। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सीबीआई को शिकायत मिली थी कि दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन परिसर में हुए निर्माण कार्य की एवज में इंजीनियर की ओर से घूस की मांग की जा रही है। जांच में शिकायत सही पाई गई। इसके बाद सीबीआई की एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने जाल बिछाया और सहायक इंजीनियर को घूस की राशि लेते हुए धर दबोचा। मामले में सीबीआई के स्तर पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने पीएमसीएच के 1117 बेड वाले अत्याधुनिक अस्पताल भवन का किया उद्घाटन

विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल होगा पीएमसीएच : नीतीश कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में दिन रात जुटे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राज्य के सबसे प्रमुख अस्पताल पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) के 1050 बेड वाले नए भवन का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने 65 आईसीयू 10 डीलक्स और 100 प्राइवेट और दो सुइट्स रूम का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नाक-कान-गला विशेषज्ञ के साथ प्रसूति लोग एवं आंखों की ओपीडी और इमरजेंसी इमरजेंसी सुविधा का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को आधुनिक और सुलभ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि पीएमसीएच यह नया स्वरूप सिर्फ इमारतों का विस्तार नहीं बल्कि एक बेहतर



चिकित्सा व्यवस्था की नींव है। सीएम नीतीश ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए राज्य सरकार ने जिला स्तर पर भी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों के निर्माण का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। बिहार के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिले इसके लिए डॉक्टरों की भर्ती, उपकरणों की उपलब्धता और अस्पतालों के रख-रखाव पर ध्यान दिया जा रहा है। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, सांसद रविशंकर प्रसाद के अलावा स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि टावर-1 और टावर-2 अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। इन भवनों में ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू, आपातकालीन सेवाएं, स्पेशल डिपार्टमेंट, कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के लिए समर्पित यूनिट स्थापित की गई हैं। भवन का डिजाइन मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसमें एयर-कंडीशन्ड वार्ड, साफ-सुथरे शौचालय, वेटिंग हॉल और मॉडर्न लिफ्ट की व्यवस्था दी गई है। उन्होंने बताया कि पीएमसीएच पुनर्विकास का काम लगभग 5500 करोड़ रुपये से किया जायेगा। काम पूरा होने के बाद अस्पताल में कुल 5462 बेड की व्यवस्था होगी। बिहार के स्वास्थ्य सेवा में इसे एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। बिहार की जनता के लिए अब पीएमसीएच में एक साथ 1050 बेड उपलब्ध हो गया। नये भवन में मरीजों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही पीएमसीएच अब विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल बन गया।

रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



मुजफ्फरपुर। जिले में एक और घूसखोर पदाधिकारी को रंगे हाथों घूस लेते हुए पकड़ा गया है। वह एक ग्रामीण से दाखिल-खारिज यानी म्यूटेशन के नाम पर घूस की मांग कर रहा था। उनके द्वारा काम करने के नाम पर सात हजार रुपये की मांग करने के बाद वादी ने उक्त राजस्व कर्मचारी के खिलाफ निगरानी थाना पटना में शिकायत दर्ज करवाया। उसके बाद उस शिकायत के आलोक में आरोपी राजस्व कर्मचारी पंकज सिंह को रंगे हाथों सात हजार रुपये की घूस लेते हुए पकड़ा गया है। बता दें कि वह पीड़ित को घूस लेने के लिए कथैया थाना क्षेत्र में बुलाया था। उसके बाद उसको पकड़ा गया है। आज दिन में यह कार्रवाई निगरानी विभाग के डीएसपी संजय कुमार और उनकी छह सदस्यों की टीम के द्वारा किया गया है। मामले में वादी अरुण कुमार यादव ने बताया कि बीते नौ महीने से मेरे जमीन की दाखिल-ख़ारिज के नाम पर अंचल के राजस्व कर्मचारी पंकज सिंह के द्वारा बार-बार टालमटोल किया जा रहा था। कहा जा रहा था कि आप प्रोसेस से आएं, फिर उसके बाद घूस की मांग किया जाने लगा और कहा कि आप सात हज़ार रुपये लेकर आओगे तो काम कर देंगे। उसके बाद घूस मांगने की शिकायत पर हमने निगरानी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आज उसी मामले में निगरानी विभाग के द्वारा पकड़ा गया। मामले में निगरानी डीएसपी शशि शेखर चौधरी ने बताया कि एक वादी जो कि मोतीपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले अरुण यादव हैं, उनके द्वारा एक शिकायत दर्ज करवाई गई थी और इसमें मामला म्यूटेशन के नाम पर घूस मांगने का था। उसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा है। इस मामले में आगे की जांच और कार्रवाई की जा रही है। उनके ऊपर क्या पहले से भी कोई शिकायत है, इस मामले की जांच और जानकारी जुटाई जा रही है।

आज से तीन चरणों में की जाएगी चयनित शिक्षकों की पोस्टिंग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने शिक्षा की बात-हर शनिवार कार्यक्रम के 13वें एपिसोड में कहा कि टीआरई-3 के अंतर्गत चयनित शिक्षकों की पोस्टिंग ऑर्डर रविवार से तीन चरणों में जारी किया जाएगा। सभी शिक्षक 15 मई 2025 से पहले स्कूल ज्वाइन कर लेंगे। इसके बाद वे विधिवत रूप से शैक्षणिक कार्यों की शुरुआत करेंगे। डॉ. एस. सिद्धार्थ ने टीआरई-3 की पोस्टिंग को लेकर कहा कि रविवार को सबसे पहले 11 जिलों का पोस्टिंग ऑर्डर निकलेगा। फिर सोमवार को दूसरे 11 जिलों का और फिर मंगलवार को शेष जिलों का पोस्टिंग ऑर्डर निकल जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं भी दी। डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि बीपीएससी टीआरई-1 और टीआरई-2 के अंतर्गत कार्यरत महिला शिक्षकों के दूरी आधारित स्थानांतरण की प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू की जाएगी। इसकी जानकारी सभी को ई-शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से मिल जाएगी। इस खास कार्यक्रम के दौरान डॉ. सिद्धार्थ ने एक विशेष पत्र का जिक्र किया, जिसे बीपीएससी टीआरई-1 के एक शिक्षक ने बड़े दर्द और व्यथा के साथ लिखा था। इस पत्र में वेतन में देरी, डीईओ और डीपीओ का दुर्व्यवहार, रिश्वतखोरी जैसे गंभीर मुद्दे उठाए गए थे। उन्होंने कहा कि मैंने इस पत्र को कई बार पढ़ा है और शिक्षकों की वेदना को पूरी तरह समझा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि जब तक शिक्षकों को वेतन नहीं मिलेगा, तब तक शिक्षा विभाग के कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों (ग्रुप डी को छोड़कर) को वेतन नहीं दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शिक्षकों को तंग करने या वेतन रोकने की शिकायत आयी तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

झारखंड सरकार ने अधिवक्ताओं को दिया बड़ा तोहफा

सरकार को राज्य के हर वर्ग की चिंता : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को झारखंड के अधिवक्ताओं को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने रांची के खेलगांव में आयोजित कार्यक्रम में अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना का शुभारंभ किया। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार की चिंताएं राज्य के हर वर्ग के लिए है। उन्होंने हमेशा प्रयास किया है कि सरकार की आवाज और सरकार की योजनाएं सभी तक पहुंचे। राज्य के सभी अधिवक्ताओं को सामाजिक सुरक्षा से जोड़नेवाला झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के अधिवक्तागण और उनके परिजनों के सुरक्षित भविष्य के प्रति संवेदनशीलता के साथ अबुआ सरकार आगे बढ़ी है, आज आपका दिन है। आपके उत्साह का दिन है। आपकी कई चिंताओं और जिम्मेवारियों का बोझ कम करने की कोशिश की गयी है। झारखंड, देश का पहला राज्य बन गया है, जहां राज्य के सभी अधिवक्ताओं



को सामाजिक सुरक्षा से जोड़कर उनके भविष्य को सुरक्षित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का सबसे पिछड़ा प्रदेश है झारखंड। यह सुनकर बड़ी तकलीफ होती है। उनका हमेशा से प्रयास रहा है कि झारखंड को इस कलंक से बाहर निकालें। अबुआ सरकार का हर क्षण, हर घड़ी, झारखंड की जनता के लिए समर्पित है। न्याय व्यवस्था के क्रियान्वयन का जिम्मा आप अधिवक्ताओं के कंधों पर होता है। आप सभी की वास्तविक, पारिवारिक और सामाजिक स्थिति को काफी करीब से देखा है। आलोचक कहते हैं कि वोट बैंक के लिए वे काम करते हैं, जबकि उनका मानना है कि काम करेंगे तो लोग स्वाभाविक रूप से उनसे जुड़ेंगे। गांव से लेकर शहर के हर व्यक्ति को मदद पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

कई संगीन मामले में फरार चल रहे दो नक्सली गिरफ्तार

जमुई(नबिटा ब्यूरो)। जिले में बरहट थाना क्षेत्र के स्कूल को बम से उड़ाने की साजिश समेत कई संगीन मामले में फरार चल रहे दो नक्सलियों को बरहट थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों नक्सलियों की पहचान हरि यादव और नरेश यादव के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के संबंध में एसपी मदन आनंद ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि स्कूल को बम से उड़ाने का साजिश रचने वाले दो नक्सली अपने गांव आए हुए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के करमटांड़ गांव में बरहट थाने की पुलिस द्वारा छापेमारी की गई जहां से दोनों नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि दोनों नक्सली 2009 से फरार चल रहे थे। इन पर सरकारी स्कूल को बम से उड़ाने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के कई मामले दर्ज हैं। एसपी ने छापेमारी में शामिल सभी जवानों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

PR-351613 (Women, Child Development & Social Security) 25-26

फोन नंबर जो जिंदगियां बदल देती हैं।

निःशुल्क एवं आपातकालीन 24x7 सेवा

चाइल्ड हेल्प लाइन
बेघर, बेसहारा, गुमशुदा, बाल मजदूरी, मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद के लिए डायल करें :-
दस... नौ... आठ...
1098



कौन मदद ले सकता है
- बेघर, बेसहारा, बीमार, गुमशुदा बच्चे।
- बाल श्रम, बाल तस्करी, बाल विवाह आदि से पीड़ित बच्चें।
- उत्पीड़न, शोषण, दुर्व्यवहार से पीड़ित बच्चें।
- देखरेख की आवश्यकता वाला कोई बच्चा।
- आपातकालीन सेवा का जरूरतमंद सभी बच्चा।

सभी आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए फोन नंबर (ERSS) - 112

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग
(झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था)
दूरभाष संख्या-0651-2446174, ईमेल-jharkhandiscds2020@gmail.com

राजद के पास कोई एजेंडा नहीं : ललन सिंह

अगर जाति जनगणना उनका एजेंडा होता तो लालू प्रधानमंत्री से इसकी मांग करते

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने शनिवार को पटना में राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने 2004 में यूपीए सरकार के गठन में समर्थन किया था। 2005 में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनने वाले थे, तब लालू यादव जो उस समय रेल मंत्री थे, ने बिहार विधानसभा को तत्काल भंग करने के लिए रात 2 बजे तत्कालीन प्रधानमंत्री से मुलाकात की और धमकी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो वे समर्थन वापस ले लेंगे। ललन सिंह ने कहा कि अगर जाति जनगणना उनका एजेंडा होता तो लालू प्रधानमंत्री से इसकी मांग करते, न कि विधानसभा भंग करने की। जाति जनगणना के फैसले का श्रेय प्रधानमंत्री और नीतीश कुमार को जाता है। तेजस्वी यादव को लालू यादव का एक भी वीडियो दिखाना चाहिए जिसमें वे जाति जनगणना की मांग कर रहे हों। उन्होंने कहा कि राजद के पास कोई एजेंडा नहीं है, उनका एकमात्र एजेंडा परिवारवाद है। दूसरा एजेंडा भ्रष्टाचार था चारा घोटाला, अलकतरा घोटाला, नौकरी के लिए जमीन घोटाला। अगर उनका एजेंडा सामाजिक न्याय है तो उन्होंने (तेजस्वी यादव) इतनी कम उम्र में हजारों करोड़ कैसे कमाए। राजद कार्यकर्ताओं से पूछिए कि वे पार्टी की सदस्यता के लिए क्या कीमत देते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनगणना में जातिगत गणना को भी शामिल करने के केंद्र के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इस निर्णय से देश में विकास को और गति मिलेगी जबकि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र के फैसले को समाजवादियों और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की जीत बताया। केंद्र की घोषणा के तुरंत बाद लालू प्रसाद यादव ने कहा कि जब वे जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे तब संयुक्त मोर्चा सरकार ने 1996-97 में 2001 में जाति आधारित गणना कराने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि हालांकि बाद में दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली न तत्कालीन राजग सरकार ने इसे लागू नहीं किया। 2011 की जनगणना में, हमने फिर से संसद में जातिगत गणना की जोरदार मांग उठाई थी।

कांग्रेस सांसद का बयान सेना का मनोबल तोड़ने का कुत्सित प्रयास : संतोष सुमन

पहले भी राहुल गांधी सहित अन्य कांग्रेसियों ने मांगे थे सर्जिकल व एयर स्ट्राइक के सबूत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने पहलगाम आतंकी हमले के संदर्भ में कांग्रेस सांसद चरणजीत सिंह चन्नी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा है कि एकबार फिर कांग्रेस की पाकपरस्ती उजागर हुई है। कांग्रेस सांसद का यह बयान भारतीय सेना के मनोबल को तोड़ने का कुत्सित प्रयास है जो घोर निंदनीय है। डॉ. सुमन ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद कांग्रेस सांसद चन्नी का यह कहना कि जब पहले अटैक हुआ था तो हमारे 40 बंदे मारे गए...उस समय इलेक्शन था...आज तक मुझे पता नहीं चला कि कहां स्ट्राइक हुए थे? उस समय पाकिस्तान में कितने बंदे मारे गए थे? कहीं नहीं दिखे सर्जिकल स्ट्राइक। किसी को पता नहीं चला। सांसद का यह बयान घोर आपत्तिजनक व भर्त्सना योग्य है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद का यह बयान उस समय आया है जब पूरा देश पहलगाम में हुए आतंकी हमले और निर्दोष 26 टूरिस्टों की हत्या से मर्माहत है। इस हमले का बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय सेना को खुली छूट दे रखी है। ऐसे समय में यह बयान देकर कांग्रेस ने एक तरह से भारतीय सेना के मनोबल को तोड़ने और पाकिस्तान के प्रति अपनी निष्ठा दिखाने का कुत्सित प्रयास किया है।

11 मई से एक्यूप्रेशर पखवाड़ा अंतर्गत लगेंगे हजारों शिविर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। संपूर्ण भारत देश में 11 मई से 26 मई के बीच षष्ठम राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर पखवाड़ा के अंतर्गत निशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर एवं प्रशिक्षण शिविर के आयोजन का उद्घाटन बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, बिस्कोमान गोलंबर स्थित परिसर में 11 मई को किया जाएगा। राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर पखवाड़ा के संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि एक्यूप्रेशर महागुरु डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त की प्रेरणा से हजारों निशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा एवं निशुल्क प्रशिक्षण शिविर देश के कई राज्य बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र सहित बांग्लादेश एवं नेपाल में भी आयोजित किया जाएगा। आयोजित होने वाले एक हजार से अधिक शिविर में लगभग दो लाख जनमानस एक्यूप्रेशर चिकित्सा जो सरलता पूर्वक रोग दूर करता है, का लाभ उठाएंगे।

पश्चिम रेलवे को 'छोटा भीम' का साथ, जन जागरूकता और रेलवे सुरक्षा के लिए अनूठी पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुंबई। जनसंचार और जनहित अभियानों में नवीनता लाने की दिशा में पश्चिम रेलवे ने एक नई पहल की है। बच्चों में लोकप्रिय कार्टून पात्र छोटा भीम अब रेलवे सुरक्षा के संदेशों को जनसामान्य तक पहुंचाने में सहायता करेगा। विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स 2025) के अवसर पर शनिवार को जियो वर्ल्ड सेंटर, मुंबई में पश्चिम रेलवे के प्रमुख जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक और ग्रीन गोल्ड एनिमेशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक राजीव चिलाकलापुडी ने सहयोग पत्र का आदान-प्रदान किया। इस सहयोग के तहत पश्चिम रेलवे, छोटा भीम और उसके परिवार के चरित्रों का उपयोग करके रेलवे सुरक्षा संबंधी संदेशों का प्रसार करेगी। इस सहयोग की अवधि एक वर्ष निर्धारित की गई है जिसके अंतर्गत प्रिंट, डिजिटल, दूरदर्शन, रेडियो, पोस्टर तथा विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इसके माध्यम से रेलवे परिसर में सुरक्षित व्यवहार और जिम्मेदारीपूर्ण आचरण को प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पश्चिम रेलवे ने आम जनता के हृदय तक पहुंचने के लिए पारंपरिक तरीकों से इतर एक रचनात्मक मार्ग चुना है। छोटा भीम की राष्ट्रव्यापी एवं वैश्विक लोकप्रियता विशेषकर बच्चों के बीच प्रभावी है और इसी प्रभाव का उपयोग जनहित में किया जाएगा। विनीत अभिषेक ने बताया कि यह पहल रेलवे सुरक्षा को अधिक रोचक और सुलभ बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि छोटा भीम की सहायता से इस प्रयास का व्यापक प्रभाव पड़ेगा और बच्चों समेत समूची जनता को शिक्षित किया जा सकेगा। राजीव चिलाकलापुडी ने कहा कि छोटा भीम की दुनिया सदैव सकारात्मक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देती रही है और इस अभियान के माध्यम से वह समाज की भलाई में सक्रिय भूमिका निभाएगा। यह साझेदारी रचनात्मकता, शिक्षा और जनकल्याण के समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करती है जो जनसंपर्क और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल कही जा सकती है।

नौकरी के बाजार का हो रहा विकास : शशि कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। वित्त वर्ष 2025 में भारत के नौकरी बाजार में तेजी बनी हुई है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत में नियोक्ताओं द्वारा विशेषकर टेक प्रतिभाओं और फ्रेशर्स की नियुक्ति पर दोगुना जोर दिया जा रहा है। इनडीड की लेटेस्ट 'हायरिंग ट्रैकर' रिपोर्ट के अनुसार 82 प्रतिशत नियोक्ताओं द्वारा जनवरी से मार्च, 2025 के बीच नियुक्तियां की गईं तथा अक्टूबर और दिसंबर 2024 के मुकाबले नियुक्तियां 3 प्रतिशत बढ़ीं। इनडीड इंडिया के हेड ऑफ सेल्स, शशि कुमार ने कहा नौकरी के बाजार का विकास हो रहा है। नियोक्ता सावधानी के साथ आशान्वित रहते हुए आगे बढ़ रहे हैं। फ्रेशर्स की नियुक्ति स्थिर रूप से हो रही है और टेक पदों पर नियुक्तियां बढ़ रही हैं। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स और एआई जैसे क्षेत्रों में कौशल की कमी को पूरा किए जाने की आवश्यकता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। वित्त वर्ष 2026 में प्रवेश करने के साथ ही कंपनियां इस बारे में गहराई से विचार कर रही हैं कि उन्हें किन लोगों की नियुक्ति करनी है और भविष्य के लिए तैयार टीम कैसे बनाना है।

फार्मासिस्टों की बहाली पर लगातार संशय, 2014 से अब तक लटकी है हजारों युवाओं की उम्मीदें

निर्वाचित सदस्य, बिहार स्टेट फार्मेसी कौंसिल, विकास कुमार सिंह ने उठाई आवाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना/औरंगाबाद। राज्य में फार्मासिस्टों की बहाली को लेकर एक बार फिर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। फार्मासिस्टों की बहाली परीक्षा को सरकार ने अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। वहीं, उच्चतम न्यायालय में संजीव कुमार मिश्रा द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका संख्या 11572/2025 पर सुनवाई के दौरान न्यायालय द्वारा परीक्षा परिणाम पर रोक लगाए जाने से यह संकेत मिलता है कि सरकार द्वारा जारी नए नियमावली में बैचलर डिग्रीधारकों को बहाली से बाहर किए जाने के निर्णय पर गहरी आपत्ति है। बिहार स्टेट फार्मेसी कौंसिल के निर्वाचित सदस्य विकास कुमार सिंह ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वर्ष 2014 से अब तक राज्य में फार्मासिस्टों की नियमित बहाली नहीं हो पाई है जबकि इस अवधि में डिप्लोमा और बैचलर दोनों प्रकार की फार्मेसी की पढ़ाई पूरी कर चुके छात्र लगातार सरकार की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में आयोजित की गई बहालियों – चाहे वह आरबीएसके योजना के तहत रही हो या जेलों में फार्मासिस्टों की नियुक्ति – दोनों ही स्तरों पर डिप्लोमा और बैचलर को समान अवसर दिया जाता रहा है। विकास कुमार सिंह ने कहा कि नए नियमावली में जहां अन्य सभी पैरा-चिकित्सा पाठ्यक्रमों में डिप्लोमा के साथ-साथ बैचलर डिग्रीधारकों को भी पात्र माना गया है, वहीं फार्मेसी के मामले में बैचलर डिग्रीधारकों को अयोग्य घोषित करना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि यह सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति के भी विपरीत है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि संजीव कुमार मिश्रा की याचिका एवं अन्य समरूप मामलों की न्यायिक समीक्षा के चलते परीक्षा परिणाम पर रोक और अब परीक्षा ही स्थगित किया जाना यह दर्शाता है कि सरकार स्वयं भी इस निर्णय को लेकर स्पष्ट नहीं है। इससे न केवल बैचलर फार्मासिस्ट प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि डिप्लोमा धारक अभ्यर्थियों की भी नियुक्ति अधर में अटकी हुई है। राज्य में फार्मासिस्टों की भारी कमी पहले से ही स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित कर रही है। विकास कुमार सिंह ने सरकार से आग्रह किया कि वह इस विषय पर शीघ्र निर्णय ले और एक समावेशी नीति बनाकर डिप्लोमा व बैचलर दोनों को समान अवसर दे ताकि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती मिल सके और वर्षों से संघर्ष कर रहे युवाओं को न्याय मिल सके।

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ गिरिजा व्यास को प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजस्थान कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ नेत्री डॉ. गिरिजा व्यास के असामयिक निधन पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि शिक्षा, सामाजिक न्याय और विशेषकर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ गिरिजा व्यास का योगदान बेहद महत्वपूर्ण रहा है। उनका जाना कांग्रेस परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है जिसका निकट भविष्य में भरपाई नामुमकिन है। इस दुःखद घड़ी में उनके परिजनों, समर्थकों और शुभचिंतकों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं है और उनके निधन से व्यक्तिगत तौर पर मर्माहत हूं। इस दौरान उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने दो मिनट का मौन धारण किया। श्रद्धांजलि सभा में विचार विभाग के चेयरमैन शशि कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, राजेश राठौड़, अजय चौधरी, ब्रजेश प्रसाद मुन्न, आनंद माधव, प्रवीण सिंह कुशवाहा, सरवत जहां फातिमा, मंजीत आनंद साहू, डॉ संजय यादव, सत्येंद्र कुमार सिंह, शशि रंजन, राजीव मेहता, राज कुमार शर्मा, कुंदन गुप्ता, रौशन कुमार सिंह, रवि गोल्डन, मो. शाहनवाज, मृणाल अनामय, बैद्यनाथ शर्मा, फिरोज हसन, किशोर, यशवंत चमन, प्रवीण भगत, अमित कुमार, अरशद रिजवी, सुनील कुमार सहित अन्य नेता मौजूद थे।

'एक राष्ट्र एक चुनाव' की व्यवस्था यथाशीघ्र लागू हो : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। देश में यथा शीघ्र 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की व्यवस्था लागू होनी चाहिए। यह राजनैतिक स्थिरता और मजबूत सरकार के लिए आवश्यक है। इस व्यवस्था से देश अनावश्यक खर्चे से बचेगा जो काम एक बार हो सकता है, उसके लिए पांच-पांच बार देश के चुनाव आयोग, राजनैतिक दलों, शासन-तंत्र और आम जन को परेशान होना पड़ता है और अनावश्यक रूप से लाखों करोड़ रूपए व्यय करते हैं। देश के इस धन को बचाकर इसकी उन्नति में लगाया जा सकता है। निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए भी एक साथ चुनाव आवश्यक है। ये बातें सामाजिक और वैचारिक संस्था 'एजुकेशनल रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्थान के तत्वावधान में शनिवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी में बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कही। समारोह के मुख्य अतिथि और पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा पटना साहिब के सांसद रवि शंकर प्रसाद ने डा भीम राव अम्बेडकर को स्मरण करते हुए कहा कि वे ही सामाजिक न्याय के सच्चे और प्रामाणिक प्रणेता थे। आजकल जो लोग सामाजिक न्याय की बातें कर रहे हैं वे इसे अपने परिवार के लिए जरूरी मानते हैं।

ओवैसोदुद्दीन ओवैसी के बिहार दौरे से राजद और कांग्रेस की बढ़ी चिंता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचने के बाद सूबे में सियासी हलचल तेज हो गई है। ओवैसी शनिवार को किशनगंज पहुंचे हैं जहां बहादुरगंज में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद रविवार को मोतिहारी के ढाका में दूसरी बैठक करेंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक रविवार को उनका गोपालगंज में भी कार्यक्रम है। बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए असदुद्दीन ओवैसी के इस बिहार दौरे को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल, बिहार के मुस्लिम बहुल जिले किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और कटिहार के साथ ही उनकी नजर मिथिलांचल और चंपारण क्षेत्र की कुछ विधानसभा सीटों पर भी है। एआईएमआईएम सूत्रों के अनुसार पार्टी बिहार में 50 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। हालांकि अभी इस पर अंतिम फैसला होना बाकी है। लेकिन, ओवैसी के बिहार दौरे से बिहार की राजनीतिक फिजा में गर्माहट आ गई है और खास तौर पर महागठबंधन खेमे में सियासी टेंशन अधिक है। ओवैसी का बिहार दौरा राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए एआईएमआईएम का चुनावी आगाज माना जा रहा है। असदुद्दीन ओवैसी ने पहले ही घोषणा की है कि वे इस बार बिहार में पिछले चुनाव की तुलना में ज्यादा सीटों पर अपनी पार्टी से उम्मीदवार उतारेंगे। राजद का नाम लिए बिना उन्होंने यह भी कहा है कि सीमांचल और बिहार के लोग उन दलों को सबक सिखाएंगे जिन्होंने उनके विधायकों को चुराया था। ओवैसी का इशारा राजद की ओर था जिसने एआईएमआईएम के चार विधायकों को तोड़कर अपनी पार्टी में शामिल कर लिया था। गौरतलब है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने 18 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिन में 5 पर विजय प्राप्त की थी। इसके साथ ही कई सीटों पर राजद के उम्मीदवारों की हार का कारण असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ही बनी थी। लेकिन, बाद के समय में ओवैसी के पांच विधायकों में से चार विधायक राजद में शामिल हो गए थे जिसकी टीस असदुद्दीन ओवैसी को अभी है। अब जब पूरी तैयारी के साथ बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर असदुद्दीन ओवैसी अपनी तैयारी कर रहे हैं तो 18 फीसदी आबादी वाली बिहार प्रदेश के मुस्लिम सियासत में हलचल मचनी तय मानी जा रही है। सीमांचल के जिलों किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार आदि में मुस्लिम बहुल इलाके माने जाते हैं। किशनगंज में करीब 67 फीसदी मुस्लिम आबादी मानी जाती है।

संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर का उद्घाटन समारोह सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। श्रीराम भक्त हनुमत स्मृति में आयोजित अन्तर्जालीय (ऑनलाइन) दशदिवसीय संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। यह शिविर संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार तथा व्याकरणीय ज्ञान के संवर्धन हेतु एक महत्त्वपूर्ण पहल के रूप में आयोजित किया गया है। समारोह की अध्यक्षता एवं उद्घाटन डॉ. मुकेश कुमार ओझा ने की जिन्होंने संस्कृत व्याकरण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे भाषा का प्राणतत्व बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से न केवल विद्यार्थियों को लाभ होता है, बल्कि संस्कृत के प्रति नवीन रुचि भी जागृत होती है। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रामरेखा कुमार, विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग, आर.बी.एम. कॉलेज, मुंगेर ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हनुमानजी की स्मृति में यह शिविर संस्कृत साधना के लिए अत्यंत उपयुक्त अवसर है। इस अवसर पर डॉ. रम्भा कुमारी, सुषमा सिंह, सुप्रिया, आरती, तथा वन्दना पटोरिया जैसी विदूषी सदस्याओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ जिसे सुजाता घोष ने भावपूर्ण शब्दों में प्रस्तुत किया। शिविर में देशभर से बड़ी संख्या में संस्कृतप्रेमियों की सहभागिता अपेक्षित है।

आदिगुरु शंकराचार्य संस्कृत सम्भाषण शिविर का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर्वत्र संस्कृतम एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत पटना स्थित बांकीपुर बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आदिगुरु शंकराचार्य स्मृति संस्कृत सम्भाषण शिविर संस्कृतमय वातावरण में भव्य उद्घाटन इस शिविर में इस विद्यालय के शिक्षक एवं दो सौ छात्राएं भाग ले रहीं हैं।

संस्कृत बोलने के प्रति जागरूकता का संकल्प

कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता एवं अध्यक्षीय उद्बोधनकर्ता डॉ मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना) रहे। उन्होंने कहा कि शिविर में सरल पद्धति से संस्कृत बोलने का अभ्यास कराया जाता है। दस दिनों में संस्कृत बोला जा सकता है। संस्कृत में सम्भाषण करना अति आवश्यक है। मुख्य अतिथि हृदय नारायण झा ने कहा कि संस्कृत विश्व की भाषा है। यह भाषा मानव कल्याण की शिक्षा देता है। उन्होंने आदिगुरु शंकराचार्य के जीवन पर विस्तृत चर्चा की।

भारतीय वायुसेना में अग्निवीर अंतर्गत संगीतकार हेतु रोजगार के अवसर

21 अप्रैल से 11 मई 2025 तक कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारतीय वायु सेना द्वारा अग्निवीरवायु (संगीतकार) भर्ती रैली (नई दिल्ली और बेंगलुरु में) योग्य अविवाहित पुरुष और महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है जिनका जन्म 01 जनवरी 2005 और 01 जुलाई 2008 (दोनों तिथियों सहित) के बीच हुआ हो। केवल पंजीकृत उम्मीदवार जिन्हें अस्थायी प्रवेश पत्र जारी किया गया है, उन्हें भर्ती रैली में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। तिथि, समय और स्थान अस्थायी प्रवेश पत्र में उल्लिखित होंगे। ऑनलाइन पंजीकरण 21 अप्रैल 2025 से 11 मई 2025 तक कर सकते हैं।

मिस यूनिवर्स इंडिया का ऑडिशन आज, मिस यूनिवर्स रिया सिंघा करेंगी शिरकत

राज्यभर की प्रतिभागी देंगी ऑडिशन, विनर का होगा मिस यूनिवर्स में इंट्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। मिस यूनिवर्स इंडिया का बिहार स्टेट ऑडिशन राजधानी पटना के निफ्ट कैंपस में रविवार 4 मई को आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मिस यूनिवर्स इंडिया के नेशनल डायरेक्टर निखिल आनंद, मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 विजेता रिया सिंघा, मिस यूनिवर्स इंडिया के फ्रेंचाइजी निदेशक अमजद खान, मिस यूनिवर्स बिहार काजल चौधरी बतौर ज्यूरी शिरकत करेंगी। वहीं कार्यक्रम को होस्ट करेंगी मिस टूरिज्म इंडिया अस्मिता चक्रवर्ती। ऑडिशन में चयनित विजेता मिस यूनिवर्स के खिताब के लिए बतौर प्रतिभागी जाएंगी और बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगी। विगत वर्ष भी एनिमो पेट केयर के सौजन्य से यह ऑडिशन पहली बार बिहार की राजधानी पटना में संपन्न किया गया था। इस साल भी एनिमो पेट केयर राज्य की प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए आधिकारिक ऑडिशन की मेजबानी कर रहा है।

श्रम के सहारे ही व्यक्ति या संस्थान अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है : ग्लेन जॉसेफ गॉल्स्टेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल, दीघा, पटना के सभागार में श्रमिक दिवस का उल्लासपूर्वक आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी छात्रा-छात्रा, शिक्षकगण, प्रबंधन के सदस्य तथा चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा श्रम की महत्ता पर आधारित एक लघु-नाटक की भी प्रस्तुति की। अपने संबोध्न में निदेशक ग्लेन जॉसेफ गॉल्स्टेन ने कहा कि श्रम के सहारे ही व्यक्ति या संस्थान अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है। श्रम के सहारे ही सृष्टि का निर्माण तथा पुनरूत्थान संभव हो सका है। श्रम के सहारे ही दुनिया चलती है तथा मानव जीवन का उत्तर भी श्रम से ही संभव है इसलिए श्रम की महत्ता तथा उपयोग को आंका नहीं जा सकता। हाल ही में जी-20 देशों के सम्मेलन में भी श्रम को एक विषय के रूप में चुना गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या ग्लेण्डा गॉल्स्टेन ने भी अपने संबोधन में सभी कामगारों के कार्य एवं सहयोग की प्रशंसा की तथा सभी को उपहार भी भेंट किया। कार्यक्रम के अंत में उप-प्राचार्या सैण्ड्रा इलिस ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया और उनके स्वस्थ, उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की।

राकेश टिकैत पर हुए हमले का किसान मुंहतोड़ जवाब देंगे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राकेश टिकैत पर हुए हमले का किसान मुंहतोड़ जवाब देंगे। भगवाधारियों की गुंडागर्दी अब किसानों को बर्दाश्त नहीं। आज लाखों की संख्या में भाजपाई गुंडों को जवाब देने किसान मुजफ्फरनगर की सड़कों पर निकले हैं। आगे यह विरोध पूरे देश में होगा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं संयुक्त किसान मोर्चा के नेता राकेश टिकैत पर मुजफ्फरनगर की जन आक्रोश रैली में कुछ भगवाधारी गुंडों के द्वारा भगवा झंडा लेकर रैली में घुस कर मोदी जिंदाबाद का नारा लगाते हुए हुर्दंग मचाते हुए उन पर हमला किया। आक्रोशित किसानों ने आज मुजफ्फरनगर में विशाल किसान महा पंचायत आयोजित की जिसमें लाखों किसान शामिल हुए। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के नेता दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह प्रो आनंद किशोर, रामायण सिंह, अनिल कुमार सिंह, आशीष रंजन, रामप्रवेश सिंह, रामचंद्र आजाद, नरेश यादव, कल्लू सिंह, अशोक कुमार सिंह आदि ने राकेश टिकैत पर हमला को किसानों पर हमला करार दिया। राकेश टिकैत को अपमानित करना, यानी देश के किसानों को अपमानित करना है। पूर्व में भी राकेश टिकैत जी के ऊपर कई बार हमले किए जा चुके हैं। इसलिए इस हमले को काफी गंभीर माना जा रहा है। देश के किसान इस हमला से आक्रोशित है। उल्लेखनीय है कि देश में संयुक्त किसान मोर्चा का आंदोलन जब चरम पर था, तब राकेश टिकैत जी ने 10 लाख किसानों का ऐतिहासिक रैली कर किसानों के बीच हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश दिया था। मुजफ्फरनगर दंगे से सहमे हुए देश के अल्पसंख्यक किसान भाइयों के बीच आपसी भाईचारा और हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश दिया था। फल स्वरुप मुजफ्फरनगर के लाखों हिंदू मुसलमान किसान मिलकर दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर किसान आंदोलन को ऐतिहासिक बनाने में दिन-रात कठिन मेहनत किया और बॉर्डर पर जम रहे जिस आंदोलन ने मोदी सरकार को झुकने के लिए मजबूर किया। उस हार को मोदी जी और उनके अंध भक्त पचा नहीं पा रहे हैं। उसी का बदला लेने के लिए टिकैत जी को अपमानित करने के लिए उन पर हमला किया जाता है। राकेश टिकैत पर हुआ यह हमला किसानों की एकजुटता को तोड़ने के उद्देश्य किया गया हमला है।

जहरीली शराब कांड में आरोपित मुन्ना मुशहर दोषी करार

कोर्ट ने सुनायी उम्र कैद की सजा और पांच लाख का जुर्माना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भभुआ। कैमूर जिले के व्यवहार न्यायालय भभुआ के उत्पाद कोर्ट प्रथम के विशेष न्यायाधीश अनिल कुमार ठाकुर द्वारा जहरीली शराब से दो लोगों की हुई मौत और एक व्यक्ति गंभीर होने के मामले में मुख्य आरोपी मुन्ना मुसहर को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पांच लाख रुपए का अर्थ दंड भी लगाया है और दंड की राशि नहीं देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। साल 2021 में मुन्ना मुसहर द्वारा जहरीली शराब पिलाये जाने से भभुआ थाना क्षेत्र के कूड़ासन गांव में लाल मोहर बिंद और राम केसी कहार की मौत हो गयी थी। वहीं धर्मेंद्र कहार गंभीर हो गया था जिसका वाराणसी के ट्रामा सेंटर में इलाज हुआ था, 4 साल बाद कोर्ट ने मुन्ना मुसहर को दोषी करार देते हुए सजा सुनाया है। मृतक की पत्नी फूला देवी ने बताया साल 2021 में मेरे पति बाहर गाड़ी चलाते थे अपने गांव आए थे। रात में मुन्ना मुसहर के यहां से शराब पीने से उनकी तबीयत बिगड़ने लगी तो उनके द्वारा मुझे पूरी बात बताया गया। फिर उनको इलाज कराने के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन हम उनको बचा नहीं पाए उनकी मौत हो गई। उनके मौत के बाद देख रेख के अभाव में मेरे दो बच्चों की मौत हो गई। अब सरकार से मांग करते हैं कि हमें मुआवजा दिया जाए जिससे कि अपने परिवार का पालन पोषण किया जा सके। व्यवहार न्यायालय भभुआ के विशेष लोक अभियोजक उधम नारायण सिंह ने बताया कि साल 2021 में भभुआ थाना क्षेत्र के कूड़ासन गांव में जहरीली शराब से दो लोगों की मौत हुई थी। वही एक गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। बीमार का उपचार कराया गया जिससे वह ठीक हो गए। इसके बाद पूरी घटना में कूड़ासन गांव के ही मुन्ना मुसहर को आरोपी बनाया गया था जहां भभुआ उत्पाद कोर्ट प्रथम के विशेष न्यायाधीश अनिल कुमार ठाकुर द्वारा इस मामले में मुन्ना मुसहर को दोषी करार करते हुए फैसला सुनाया गया है जिसमें उसको उम्र कैद की सजा और 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना नहीं देने पर 6 महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

खेलो इंडिया की तैयारियां पूरी : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 04 से 15 मई तक गया जिला के बिपार्ड एवं आईआईएम बोधगया में निर्धारित है। गया जिला में सात खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिसमें बिपार्ड में तैराकी, खो-खो, थांगटा एवं गटका तथा आईआईएम बोधगया में मलखंम, कलारिपयट्टु एवं योगासन खेल का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने प्रेस कांफ्रेंस कर उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि गया में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया की तैयारियां पूरी कर ली गई है। खिलाड़ियों का आना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेल का आयोजन होने से राज्य में खेल के प्रति बच्चों में रुचि बढ़ी है। बिहार सरकार के मेडल लाओ नौकरी पाओ की घोषणा से खेल के क्षेत्र में बिहार के युवक और युवतियों में काफी उत्साह है।

जातीय जनगणना के समर्थन में जदयू ने निकाली रैली


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



सासाराम। जनता दल यूनाइटेड युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अभिषेक पटेल के नेतृत्व में शनिवार को रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सासाराम के प्रभाकर रोड स्थित जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय से शुरू होकर शहर के मुख्य भागों से होते हुए सासाराम समाहरणालय परिसर स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा स्थल तक पहुंच कर समाप्त हुई। रैली का उद्देश्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश में जातीय जनगणना करने के लिए धन्यवाद देना था। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अभिषेक पटेल ने कहा कि पूरे देश में जातीय जनगणना करना एक ऐतिहासिक कम है। इससे समाज के वंचित जातियों को समाज की मुख्य धारा में आने में सहयोग मिलेगा तथा उनका समुचित और सर्वांगीण विकास होगा। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रेणु कुशवाहा ने इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि यह जातीय जनगणना करने का फैसला समाज तथा देश के विकास के मार्ग में एक अविस्मरणीय और बहुमूल्य योगदान होगा। इससे सदियों से वंचित लोगों को विभिन्न जातियों को विकास की एक नई दशा और दिशा मिलेगी। इस अवसर पर बदरी भगत, धनन्जय भाई पटेल, अलख निरंजन, बनारसी पटेल, ऊषा पटेल, रेणु कुशवाहा, निखिल जय सिंह, उषा कुशवाहा, वीरेंद्र गोंड, गुड्ड पटेल, अजय रजक, वैजयंती शर्मा, अमन पटेल, संजीव कुमार, परमानंद कुशवाहा, तबाही कुशवाहा, अजय कुशवाहा, अमर कुमार, रिंकल कुमार, राहुल कुमार, रौनक कुमार, रंजीत कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे।

जातीय जनगणना की घोषणा एनडीए सरकार का ऐतिहासिक फैसला : डॉ निर्मल कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। देश में जातीय जनगणना कराये जाने के फैसले पर जदयू के वरिष्ठ नेता व चर्चित चिकित्सक डॉ निर्मल कुशवाहा ने स्वागत किया है। उन्होंने बिहार तथा केंद्र सरकार की इस कदम को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह देश के लिए बड़ा कदम उठाया है। देश में पहली बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस जनगणना से देश की सभी जातियों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक, स्थिति का सटीक आंकड़े सरकार के पास उपलब्ध होगा जिससे देश और राज्य के विकास की गति और तेज होगी। जातीय जनगणना से पिछड़े, दलितों व आदिवासियों को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम जातीय जनगणना गणना नितीश कुमार ने करवाया। आज पूरे देश में इसकी सैद्धांतिक सहमति केन्द्र सरकार ने प्रदान कर दी। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना की घोषणा बिहार व केन्द्र सरकार का ऐतिहासिक फैसला है ।

शहरी फुटपाथ विक्रेता संघ ने मनाया मजदूर दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। गुरुवार को मजदूर दिवस के अवसर पर स्टेशन सब्जी मंडी में शहर स्तरीय फुटपाथ विक्रेता संघ मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहर स्तरीय फुटपाथ विक्रेता संघ स्टेशन रोड सब्जी मंडी रोहतास उद्योग डालमियां समूह का भूमि डिहरी नगर परिषद द्वारा अधिग्रहण कर वेडिंग जोन घोषित करने के लिए जिनेश कुमार, मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग को मांग पत्र भेजा गया। साथ सारे स्ट्रीट वेंडर्स फुटपाथी दुकानदारों का हस्ताक्षर करा कर स्टेशन रोड सब्जी मंडी बेचने के लिए मुख्यमंत्री से मांग पत्र भेजा जाएगा। स्टेशन रोड सब्जी मंडी के दस सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी, एसडीएम और कार्यपालक पदाधिकारी से मिल कर सब्जी मंडी बचाने की मांग रखी जायेगी। रोहतास उद्योग डालमिया समूह स्टेशन रोड बची हुई भूमि को डिहरी नगर परिषद द्वारा भूमि अधिग्रहण करा वेडिंग जॉन घोषित कर स्टेशन रोड सब्जी मंडी को उजाड़ने से रोका जा सकता है जबकि नगर परिषद का टैक्स के रूप में करोड़ों रूपए बकाया है। साथ ही यह भी फैसला लिया गया है कि चार जून को द्धडहरी नगर परिषद का घेराव किया जाएगा। वेंडिग जॉन निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि है पूरे शहर के स्ट्रीट वेंडर्स फुटपाथी दुकानदारों को हमेशा के लिए बसाया जा सकता है। मगर स्थानीय अधिकारी आनाकानी करने की वजह से ही आज शहर में जाम की समस्या बराबर बनी रहती है। व्यापार बुरी तरह से फेल हो गया है। दूर दराज से आने वाले हर तरह सब्जी व्यापारी को घाटा हो रहा है। रोज कमाने वाले मजदूरों की हालत बहुत खराब है। इस मजदूर दिवस पर बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स फुटपाथी दुकानदार शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता अब्दुल कलाम आजाद, अध्यक्ष, नरेंद्र कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार कोषाध्यक्ष, भोल राइन सचिव, विनोद कुमार उप साचिव, धमेंद्र कुमार, महेश कुमार शाह, अनिल, अनिता देवी, मंजू देवी, सहीदार देवी, रवींद्र कुमार, पप्पू राइन, मुन्ना राइन, बदरे आलम, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार, सुधीर चौधरी, इकबाल बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

विहिप ने संगठन की मजबूती के लिए की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। नगर विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल की बैठक श्रीरुद्र हनुमान मंदिर कैनाल रोड के प्रांगण में शनिवार को किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती व विस्तार किया गया। अध्यक्षता बजरंग दल नगर संयोजक अमर सिन्हा ने किया। बैठक में प्रांत सुरक्षा प्रमुख दीपक दास, विभाग मंत्री विकास गुप्ता, जिला संयोजक चंदन गुप्ता उपस्थित थे। जिसमें संगठन के सभी आयाम के मुख्य एवं प्रमुख कार्यकर्ता इस बैठक में उपस्थिति हुये। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद् जिला मंत्री यश उपध्याय ने बताया कि संगठन के कार्य पर विस्तार से चर्चा की।
कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार के टिप्स दिए। विहिप के जिला सह मंत्री धर्मवीर सिंह ने डिहरी नगर एवं वार्ड के कुछ कार्यकर्ता को नई दायित्व की घोषणा की। मौके पर अंशुल कश्यप, भोला चौहान, पंकज कुमार उर्फ गोपी, अर्जुन प्रसाद केशरी, सन्नी कुमार, रवि गुप्ता, रवि प्रजापति सहित कई उपस्थित थे।

अतिपिछड़ा राजद की रैली में गुड्डू चन्द्रवंशी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पटना रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



डिहरी ऑन-सोन। राजद प्रदेश अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गुड्डू चंद्रवंशी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पटना में आयोजित पार्टी की अति पिछड़ा जगाओ तेजस्वी सरकार बनाओ रैली में भाग लेने शनिवार को रवाना हुए। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद बनने वाली नई सरकार हर दिल अजीज नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बनेगी। बिहार में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं व बेरोजगारी से त्रस्त जनता को तेजस्वी सरकार भय मुक्त व रोजगार युक्त करेगी। बिहार की जनता को भय व भूख की स्थिति से निजात मिलेगी। उक्त बातें राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गुड्डू चंद्रवंशी ने अति पिछड़ा जगाओ, तेजस्वी सरकार बनाओ रैली में मिलर हाई स्कूल पटना में भाग लेने जाने से पूर्व शनिवार की सुबह यहां 'नवबिहार टाइम्स' से कहा। उन्होंने कहा कि अति पिछड़ा जगाओ तेजस्वी सरकार बनाओ रैली का उद्घाटनकर्ता राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव तथा मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रहेंगे। उन्होंने कहा कि अति पिछड़ा जगाओ, तेजस्वी सरकार बनाओ रैली में दर्जनों बस व तीस छोटे वाहनों से डिहरी प्रखंड व नगर अकोढ़ी गोला से सैकड़ों राजद अति पिछड़ा कार्यकर्ता महिला पुरुष पटना जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पटना का मिलर हाई स्कूल मैदान से अति पिछड़ा द्वारा भरा गया हुंकार तेजस्वी सरकार बनाने के लिए निर्णायक सिद्ध होगा। इस मौके पर राजद नगर अध्यक्ष धनंजय यादव, अवधेश राम, प्रदेश नेत्री कलावती चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रीता देवी, सीमा कुमारी, पूनम यादव, प्रखंड अध्यक्ष ललिता देवी, दीपक चन्द्रवंशी, सोनू खान, प्रकाश, प्रमोद, राजेश, अरविंद चन्द्रवंशी सहित काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे।

अनुमंडल विधिज्ञ संघ की बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ की बैठक अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई। अनुमंडल विधिज्ञ संघ की दो वर्षों की कार्यकाल समाप्त होते ही अनुमंडल विधिज्ञ संघ नए चुनाव तक के लिए शनिवार को बैठक कर भंग कर दिया गया जिसमें दो वर्षों का आय-व्यय अध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया और नई कमिटी गठन के लिए सर्वसम्मति से निर्वाची पदाधिकारी प्रभात कुमार सिंह और सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में सुनेश्वर प्रसाद सिंह, प्रवीण दुबे का चयन किया गया। निर्वाची पदाधिकारी ने कहा कि संघ का चुनाव इस माह के अंत तक संभावित है जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक के लिए कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में निवर्तमान अध्यक्ष उमा शंकर पांडेय उर्फ मुटुर पाण्डेय रहेंगे। बैठक में रितेश कुमार, मिथलेश सिंहा, मनोज अज्ञानी, हरिद्वार सिंह, बैरिस्टर सिंह, मुनमुन पांडेय समेत कई उपस्थित थे।

नारायण स्कूल आफ लॉ में आयोजित दो दिवसीय सातवें इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण स्कूल आफ लॉ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सातवें इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। दो और तीन मई को हुए इंट्रा मूट कोर्ट प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम संकाय के निदेशक एवं शिक्षकों के माध्यम से किया गया। प्रतियोगिता के बाद विशेषज्ञों द्वारा जारी परिणाम के अनुसार सर्वश्रेष्ठ पुरुष वक्ता के रूप में मिस्टर शुभम संदीप चुने गए जबकि महिला वक्ता के रूप में सुश्री शायिका परवीन चुनी गई। इसी प्रकार सर्वश्रेष्ठ रिसर्चर के रूप में सुहानी प्रसाद तथा सर्वश्रेष्ठ मेमोरियल के लिए खुशी कुमारी, मिस्टर शुभम संदीप एवं मुस्कान यादव चयनित हुए। इसी प्रकार उपविजेता टीम में शीतल सिंह, नेहा कुमारी, सुप्रिया चौधरी रहे जबकि सर्वश्रेष्ठ टीम के रूप में खुशी कुमारी, मिस्टर शुभम संदीप एवं मुस्कान यादव चयनित किए गए। इसकी जानकारी कार्यक्रम के संयोजक एवं नारायण स्कूल आफ ला के शिक्षक मिस्टर सुबोध कुमार सिंह ने दी।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम का गया में आगमन, मीडिया से हुए मुखातिब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार राजेश राम शनिवार को गया पहुंचे। इनके गया आगमन पर कांग्रेसी नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में गया शहर के मुख्य मार्गों पर संविधान बचाओ पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान इनका स्वागत कई स्थानों पर भव्य तरीके से कार्यकर्ताओं ने किया। पदयात्रा के उपरांत गया के आजाद पार्क में सभा हुई। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आज गया में आने का हमें मौका मिला है। कार्यकर्ताओं ने भव्य तरीके से स्वागत किया है इसके लिए तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के द्वारा संविधान बचाओ पैदल यात्रा निकाली गई है जिसके तहत पूरे बिहार का दौरा करने का मौका मिला है। आज गया आया हूं। यहां के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ संविधान बचाओ पैदल यात्रा में पैदल चलकर लोगों को संदेश और आग्रह करने का काम कर रहा हूं कि देश खतरे में है। दिल्ली में बैठी भाजपा की सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है, लेकिन हम लोग जब तक धरती पर है तब तक संविधान को खत्म होने नहीं देंगे।

जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू

प्रेस विज्ञप्ति

सामग्रियों की नीलामी हेतु अल्पकालीन सूचना :–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक–1393/आपूर्ति, दिनांक–05.07.2024 द्वारा पूर्व में प्रकाशित निविदा को तकनीकी खामी के कारण रद्द करते हुए सामग्री के नीलामी हेतु इच्छुक क्रेता/खरीदार से निविदा की मांग की जाती है। नीलामी हेतु रद्दीकृत सामग्रियों की सूची निम्नवत् है :–

क्रमांक	समानों का नाम	संख्या
1.	हमीफलक्रम	01
2.	चैन टेकल	02
3.	वायर गज	01
4.	मोंची का निहाई	01
5.	लोहे का रेक बड़ा	17
6.	लोहे का रेक छोटा	06
7.	लोहे का रेक तीन खाना	01
8.	लकड़ी का रेक बड़ा	04
9.	गोदरेज अलमीरा बड़ा	02
10.	गोदरेज अलमीरा छोटा	05
11.	तावा बड़ा	12
12.	तावा छोटा	04
13.	चेमरन स्टिक	29
14.	चूटा	17
15.	बेसिन लैट्रिंग	02
16.	घण्टा पाइप	03
17.	घण्टा	01
18.	झंझरा छोटा	04
19.	झंझरा बड़ा	07
20.	डब्बू कल्छूल बड़ा	05
21.	छोलनी बड़ा	02
22.	छोलनी छोटा	05
23.	रायफल सिलिंग रड	11
24.	ट्रैफिक हेलमेट	22
25.	पीतल परात बड़ा	01
26.	पीतल परात छोटा	05
27.	कढ़ाही बड़ा	10
28.	कढ़ाही छोटा	07
29.	खल्ल	02
30.	थरमाहाईट मीटर	01
31.	हण्डा बड़ा	06
32.	ढक्कन बड़ा	06
33.	हण्डा छोटा ढक्कन सहित	02
34.	मैगजीन स्टैंड	01
35.	गालीज	97
36.	वी0आई0पी0 गोदरेज टेबुल	10
37.	ऑटो कटस्टेप्लाईजर	01
38.	ओटोमेटिक स्टेप्लाईजर	01
39.	लकड़ी का अलमीरा	02
40.	लकड़ी का रेक छोटा	01
41.	सीढ़ी बड़ा	07
42.	हॉकी स्टिक	35
43.	बिगुल	01
44.	टेबुल पुराना	01
45.	टेबुल लकड़ी का	05
46.	लकड़ी का कूर्सी	09
47.	बक्सा बड़ा	01
48.	बक्सा छोटा	01
49.	कूलर	01
50.	कैष बॉक्स	01
51.	लोहे का फहसुल	01
52.	कूदाल	02
53.	स्वतंत्रतापदक	2735
54.	फायरबाल्टी	02
55.	रायफल बैनेट फ्रॉक	647
56.	जनरेटर 05 kb	01
57.	ताला	09
58.	छेनी	01
59.	ऑल बोतल ब्रश	07
60.	फुल थ्रू कोड डब्बल	19
61.	फुल थ्रू कोड सिंगल	283
62.	ऑफिर टेबुल	01
63.	स्टूल उडेन	04
64.	रिक्को फोटो कॉपी मशीन	01
65.	ऑल–इन–वनकम्प्यूटर	01
66.	प्रिंटर	01
67.	फैक्स मशीन	01
68.	पीतल लोटा	251

अतः इच्छुक क्रेता/खरीदार कार्यालय अवधि में जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक–13/05/2025 तक रद्दीकृत सामग्री का अवलोकन कर सामग्री का समेकित रूप में अधिकतम मूल्य बन्द लिफाफे में अंकित कर अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध निविदा बॉक्स में ही जमा करेंगे।

दिनांक–15/05/2025 को समय 11:00 बजे समिति के सदस्य/क्रेताओं की उपस्थिति में निविदा बॉक्स खोली जायेगी। बन्द लिफाफा में अधिकतम मूल्य अंकित करने वाले क्रेता पूर्ण राशि का भुगतान कर रद्दीकृत सामग्री 03 (तीन) दिन के अन्दर प्राप्त करना सुनिश्चित् करेंगे।

ह0/–
जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,पलामू

PR 351587 District(25-26).D

खेलो इंडिया के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए बौद्ध भिक्षुओं का दल पटना रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए भगवान बुद्ध की ज्ञान भूमि बोधगया से बौद्ध भिक्षुओं का दल पटना के लिए रवाना हुए। बिहार में पहली बार आयोजित होने वाले इस खेलों की श्रृंखला के उद्घाटन अवसर पर 137 बौद्ध भिक्षु उद्घाटन समारोह की शोभा को बढ़ाएंगे। बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधगया से पटना के लिए तीन वातानुकूलित बसों में रवाना हुए। वे 4 मई 2025 को होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। भिक्षुओं की भागीदारी का उद्देश्य बिहार की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करना मुख्य है। इतनी संख्या में बौद्ध भिक्षुओं की उपस्थिति से आयोजन में एक अद्वितीय आध्यात्मिक आयाम जोड़ देगी। पटना जाने वालों में महाबोधि मंदिर के मुख्य भिक्खु चलिंदा मुख्य भिक्षु, भिक्खु दीनानंद, डॉ. मनोज, डॉ. महाश्वेता महारथी सचिव, बीटीएमसी, श्री किरण लामा सदस्य, बीटीएमसी मुख्य हैं।

भागवत कथा में ध्रुव व विदुर चरित्र का प्रसंग सुन मंत्रमुग्ध हुए भक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



सासाराम। कैमूर जिला के भभुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोहारी गांव में चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में पण्डित बालकृष्ण शास्त्री ने ध्रुव व विदुर चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। वही शास्त्री जी ने आगे कहा कि अगर ध्रुव पांच साल की उम्र में भगवान को पा सकता है तो फिर हम कैसे पिछड़ सकते हैं। अगर सच्चे मन से भगवान की भक्ति की जाए तो भगवान खुद अपने भक्तों से मिलने पहुंच जाते हैं। कथा के दौरान झांकियां भी सजाई गई। वहीं विदुर प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम की व्याकुलता के बारे में उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण विदुरजी की कुटिया में भोजन करने गए और वहां केले के छिलकों का भोग स्वीकारा। इससे पहले वे दुर्योधन के महल में छप्पन भोग का त्याग कर आए थे। भगवान तो प्रेम के भूखे होते हैं और विदुर-विदुरानी ने भगवान को प्रेम से भोजन करवाया तो उन्होंने केले के छिलके भी प्रेम से खा लिए। कथा के दौरान शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं के समक्ष सृष्टि वर्णन के प्रसंग को भी विस्तार से सुनाया जिसमें उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के अनुसार ब्रह्मा जी को सृष्टि का रचयिता माना जाता है। उन्होंने जल का छिड़काव करके एक विशाल अंड का निर्माण किया जिसमें सदाशिव ने अपनी चेतना प्रवाहित की, इसी चेतना से विभिन्न अंग उत्पन्न हुए और उन्होंने संपूर्ण पृथ्वी को आवृत कर लिया। इसके उपरांत ब्रह्मा जी ने सृष्टि की संरचना प्रारंभ की, ब्रह्म पुराण में भी इस बात का जिक्र है कि सृष्टि का जन्म ब्रह्म देवता द्वारा हुआ है। वहीं यजमान के रूप में शिव शंकर मिश्रा, रमावती देवी, अमरेन्द्र मिश्रा, सतेन्द्र मिश्रा, अरविन्द मिश्रा, दीपक मिश्रा, अशोक पाण्डेय, देवानंद उपाध्याय, राजेन्द्र उपाध्याय, अवधेश उपाध्याय, राम स्नेही उपाध्याय, हरिओम उपाध्याय, जय प्रकाश उपाध्याय, यमुना उपाध्याय देवी दयाल उपाध्याय, विवेकानंद उपाध्याय, जितेन्द्र सिंह, बेचन सिंह, विकास कुमार सिंह, रमेश सिंह, नीरज कुमार सिंह, सोनू सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्त कथा में शामिल हुए।

रेलिंगविहीन पुलिया से टोटो पलटने से दो महिलाओं की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। रेलिंग विहीन पुलिया पर टोटो के अनियंत्रित होकर पलटने से शनिवार दोपहर दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा नारदीगंज-नवादा मुख्य सड़क पर भट्ट बिगहा और लक्ष्मीपुर गांव के बीच गोखाना नाले पर बने पुलिया पर हुआ।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, कादिरगंज थाना क्षेत्र के अमरखी गांव निवासी सुनील चौहान की पत्नी 35 वर्षीय धन्यवंती देवी, अपने दोनों बेटों - 7 वर्षीय सिद्धांत कुमार और 5 वर्षीय आर्यन कुमार के साथ मायके, ननौरा पंचायत के तरौनी गांव जा रही थीं। उनके साथ टोटो पर नारदीगंज थाना क्षेत्र के कहुआरा पंचायत अंतर्गत गढ़ही गांव निवासी उमेश यादव की पत्नी 50 वर्षीय कारी देवी भी सवार थीं।

जैसे ही टोटो गोखाना नाले की रेलिंग विहीन पुलिया पर पहुंचा, वह अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरा। टोटो में कुल छह लोग सवार थे। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी को बाहर निकाला। मौके पर ही कारी देवी की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल धन्यवंती देवी को उनके बच्चों के साथ नारदीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद धन्यवंती देवी को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायल बच्चों का प्राथमिक इलाज किया गया।

हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात लगभग एक घंटे तक बाधित रहा। मौके पर पहुंचे एसआई आदित्य कुमार और थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने लोगों को समझाकर शांत किया और सरकारी प्रावधानों के तहत मुआवजे का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम हटाया गया और यातायात सामान्य हुआ।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटना के बाद टोटो चालक मौके से फरार हो गया, जबकि वाहन को जब्त कर लिया गया है।

प्रशासन के प्रति उठे सवाल:

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेलिंग विहीन पुलिया लंबे समय से हादसे को दावत दे रही थी, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह दर्दनाक घटना हुई। लोगों ने पुलिया पर शीघ्र रेलिंग लगाने और स्थायी समाधान की मांग की है।

भाई को चाकू गोद किया जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। थरथरी थाना क्षेत्र के अस्ता खरजमा गांव में शुक्रवार की रात 9 बजे घरेलू विवाद को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई को चाकू मारकर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि थरथरी थाना क्षेत्र के अस्ता खरजमा गांव में भाई भाई के बीच घरेलू विवाद में बड़े भाई बबलू कुमार ने छोटे भाई हिमांशु कुमार को चाकू मारकर घायल कर दिया। स्थानीय व पुलिस के सहयोग से घायल हिमांशु कुमार को पीएचसी थरथरी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बिहारशरीफ रेफर किया गया। इस मामले में घायल की पत्नी गुड़िया देवी ने चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है।

राज्यपाल के आगमन को लेकर जिलाधिकारी ने लिया तैयारी का जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हिसुआ। नगर परिषद स्थित कॉलेज टीएस कॉलेज हिसुआ में 5 मई को महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग तथा आइक्यूएसी द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन समारोह में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां शामिल होंगे। सेमिनार की तैयारी का जायजा लेने जिलाधिकारी रवि प्रकाश टीएस कॉलेज हिसुआ पहुंचे तथा कॉलेज प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्राचार्य डॉ पवन कुमार शर्मा ने बताया कि युद्ध स्तर से राज्यपाल के आगमन का तैयारी चल रही है, जिसमे मगध विश्वविद्यालय प्रशासन से लेकर ज़िला प्रशासन का सहयोग मिल रहा है, प्राचार्य ने बताया कि राज्यपाल महोदय के आगमन हेतु इंटर विद्यालय हिसुआ में हेलीपैड बनाया



जा रहा है, सुबह 11 बजे राज्यपाल हिसुआ पहुंचेंगे तथा अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन करेगें, सेमिनार आयोजन समिति के सचिव डॉ अंजनी कुमार ने बताया दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में देश विदेश के सैकड़ों प्रधिनिधि शामिल होंगे। महाविद्यालय राजदूत डॉ स्वर्गेश कुमार ने बताया कि टीएस कॉलेज हिसुआ के लिए गर्व की बात है की टीएस कॉलेज में राज्यपाल का आगमन हो रहा है, महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही, कुलसचिव प्रो बिपिन कुमार, नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अभय प्रताप सिंह सांसद विवेक ठाकुर, विधायक नीतू कुमारी, एमएलसी नीरज कुमार, एमएलसी अशोक कुमार आदि मौजूद रहेंगे। सेमिनार आयोजन के तैयारी में सभी शिक्षक एवं कर्मचारी लगे हुए है।

समाहरणालय परिसर में नीरा स्टॉल का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा समाहरणालय परिसर में ताड़ी टेपर उमेश कुमार चौधरी से नीरा स्टॉल का फीता काटकर शुभारंभ करवाया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक नीरा उद्योग को संगठित रूप से विकसित कर एक स्वास्थ्यवर्धक पेय नीरा को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करना है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करेगी, बल्कि पारंपरिक पेय को वैज्ञानिक रूप से प्रचारित करने में भी सहायक सिद्ध होगी। पेड़ मालिकों और टैपरों के बीच अनुबंध सुनिश्चित कर नीरा उत्पादन को नियमित, पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाया गया है। डीपीएम



जीविका ने जानकारी दी कि नीरा एक प्राकृतिक, मीठा, पौष्टिक एवं नशामुक्त पेय है, जो ताड़, खजूर एवं नारियल के पेड़ों से प्राप्त होता है। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार गिरी, प्रबंधक - जीविकोपार्जन दीपक कुमार, प्रबंधक - संचार राजीव रंजन, प्रबंधक - स्वास्थ्य एवं पोषण दीपक कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक (नवादा सदर) रौनक कुमारी एवं जीविका दीदियां उपस्थित रहीं।

विधायक विभा देवी कर रहीं क्षेत्र का सघन दौरा महिला केंद्रित योजनाओं को मिल रही प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। नवादा सदर विधायक विभा देवी इन दिनों अपने क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों का सघन दौरा कर रही हैं। विधायक मद की वार्षिक राशि को पारदर्शी तरीके से व्यय करने के उद्देश्य से वे गांव-गांव जाकर जनसुनवाई कर रही हैं और ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं द्वारा सुझाई गई प्राथमिक जरूरतों के अनुरूप योजनाओं का चयन कर अनुशंसा कर रही हैं।

शनिवार को विधायक का काफिला खरांठ पंचायत के आधा दर्जन से अधिक गांवों में पहुंचा। इस दौरान उन्होंने गोरीघाट, पनसल्ला, भलुइयां टांड़, जगरनाथपुर, खरांठ डीह, मुस्लिम टोला, महादलित टोला, जकीचक और भूरहा जैसे गांवों का दौरा कर ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही और उनकी मांगों के आधार पर दर्जनों विकास योजनाओं को हरी झंडी दी गई। विधायक ने इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर समग्र विकास अभियान के अंतर्गत महादलित परिवारों को जागरूक किया और मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 22 योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि पात्र परिवारों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर पूरा प्रयास किया जाएगा। विधायक विभा देवी ने कहा, हमारे क्षेत्र की महिलाएं आज जागरूक हैं। वे अपने अधिकार के लिए खुलकर बात करती हैं, और मुझसे एक आत्मीय रिश्ते की तरह संवाद करती हैं। उनकी ओर से आई योजनाएं न केवल गांव के समग्र विकास में सहायक होती हैं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी एक ठोस कदम होती हैं।

लाभुक को सौंपा गया एक-एक लाख का एफडी प्रमाण पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर चुके नवविवाहित दंपती को सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप में एक-एक लाख रुपये की सावधि जमा (एफडी) की रसीद प्रदान की गई। यह प्रमाण पत्र प्रभारी सहायक निदेशक अमरनाथ कुमार द्वारा अपने कार्यालय में आयोजित सादे समारोह में संगीता कुमारी एवं उनके पति राकेश कुमार को सौंपा गया। यह योजना सरकार द्वारा निःशक्त व्यक्तियों के जीवन को सम्मान एवं सहयोग देने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत यदि कोई सामान्य महिला किसी निःशक्त पुरुष से, सामान्य पुरुष किसी निःशक्त महिला से या फिर दोनों विवाह करने वाले युगल निःशक्त हों, तो सरकार द्वारा प्रति



व्यक्ति एक लाख रुपये की राशि सावधि जमा के रूप में दी जाती है, जिसकी परिपक्वता अवधि तीन वर्ष निर्धारित है। इस अवसर पर सहायक निदेशक ने जिले में संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि जिले में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं बिहार राज्य निःशक्तता पेंशन योजना जैसी कई लाभकारी योजनाएं चल रही हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना एवं मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना के माध्यम से आकस्मिक या आपराधिक घटनाओं में मृतक के आश्रितों को 20,000 की एकमुश्त सहायता राशि दी जाती है। कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना के तहत बीपीएल परिवारों को अंतिम संस्कार हेतु 3,000 की सहायता दी जाती है। उन्होंने बताया कि बिहार शताब्दी कुष्ठ कल्याण योजना के तहत कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए सरकार 1,500 प्रतिमाह की सहायता राशि प्रदान करती है। वहीं मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए अंतर्जातीय विवाह करने वाले जोड़े को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, बशर्ते वर की आयु 21 वर्ष और वधू की आयु 18 वर्ष से अधिक हो। प्रभारी सहायक निदेशक ने जिलेवासियों से अपील की कि वे इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालय या जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग में संपर्क करें।

इस अवसर पर निम्नवर्गीय लिपिक साजन पासवान, डाटा एंट्री ऑपरेटर संजीत मेहता सहित कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

पांच योजनाओं का मंत्री ने किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि गांव में शहरो जैसी सुविधा मिल रही है। सरकार हर गांव में कल्याणकारी योजना पहुंचा रही है ताकि सरकार की लाभकारी योजना से कोई बंचित ना रहे ये बाते मंत्री श्रवण कुमार ने नादियौना पंचायत में पांच योजना का शिलान्यास केवईडीह गांव मे पांच लाख की लागत से छठघाट नादियौना गांव में सात लाख की लागत से छठ घाट महादेव बिगहा में दूध उत्पादन समिति महादेव बिगहा में नाला निर्माण का शिलान्यास के दौरान लोगो को सम्बोधित करने के दौरान कह रहे थे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के शिल्पकार है जो बिहार का कायाकल्प कर दिया, जो बिहार में विकास का



कार्य किया वो इतिहासिक है डबल इंजन की सरकार में बिहार में विकास की गति दुगनी हो गई है। बिहार में 90 लाख से ज्यादा लोग प्रधानमंत्री आवास की मांग की सभी को जांच कर जरूरतमंद लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। नूरसराय प्रखंड में लगभग 23 हजार प्रधानमंत्री आवास का सर्वे हुआ है। बिहार के लोगों को आवास योजना का ज्यादा लाभ मिले उसके लिए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चैहान से मिल बात की है। उन्होंने इसका आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा किसानों के लिए बिजली की सरकार मुक्कमल व्यवस्था की है। जिसके कारण किसानों का उत्पादन बढ़ा है और लागत में कमी आई हैं। इस अवसर पर जदयू के प्रवक्ता डॉ. धनजय देव, प्रखण्ड प्रमुख रेखा देवी, जनार्धन चंद्रवंशी, गौतम सिंह, संजय कुमार, पप्पू कुमार, तन्नू सिंह, चुन्नू सिंह, मनोज कुमार, चन्द्रमणि पासवान आदि लोग उपस्थित थे।

नीट (यूजी) 2025 परीक्षा के सफल संचालन हेतु समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। रविवार को अपराह्न 02 बजे से 05:00 बजे तक आयोजित होने वाली गक्क्ट्ठ 2025 परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु आज समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, परिवहन सुविधा एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित सभी पदाधिकारियों को परीक्षा के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। परीक्षा नवादा जिले के तीन केंद्रों-इंजीनियरिंग कॉलेज नवादा, कन्हाई इंटर स्कूल नवादा एवं कन्हाई लाल साहू



कॉलेज नवादा-पर आयोजित की जाएगी। सभी केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा संचालन एवं पर्यवेक्षण के लिए जिला स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो परीक्षा तिथि को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष से कार्य करेगी।राज्य नोडल पदाधिकारी के रूप में श्री भागीरथ झा, निदेशक को तथा सीटी कोऑर्डिनेटर के रूप में डॉ. रामानंद तिवारी, प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, रेवार (पकरीबरावां) को नियुक्त किया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा और किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने हेतु सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों के निर्देश दिए, जिनमें पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, अग्निशमन वाहन की उपलब्धता, यातायात नियंत्रण आदि शामिल हैं। साथ ही, परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सख्त निगरानी और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए।सिविल सर्जन, नवादा को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा के दौरान जिला नियंत्रण कक्ष में स्वास्थ्य दल, आवश्यक दवाएं, उपकरण एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करें। महिला एवं पुरुष परीक्षार्थियों की तलाशी महिला एवं पुरुष गार्ड द्वारा क्रमशः की जाएगी। अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी नवादा एवं साइबर पुलिस उपाधीक्षक परीक्षा के वरीय प्रभार में रहकर समस्त व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण करेंगे।

जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक एवं इमानदारी से निर्वहन करें।

आज की बैठक में सिविल सर्जन नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, प्रभारी पदाधिकारी जिला स्थापना शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय नवादा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवादा, एवं प्रभारी जिला जन संपर्क पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक ही मामले में अलग-अलग कार्रवाई से अधिकारियों की पारदर्शिता पर उठी उंगली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। जिले की स्वास्थ्य महकमा में इन दिनों वेतनमद में अधिक राशि निकाल कर सरकारी राशि गवन करने की मामला सुर्खियों में हैं। इन मामलों को निकाल पाने में सिविल सर्जन ने सफलता पाई, लेकिन एक ही तरह के मामलों में अलग-अलग कार्रवाई से उनके उपर ही पारदर्शीता पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वेतन के रूप में अधिक राशि निकासी मामले में जहां दो कर्मियों को निलबिंत करते हुए प्राथमिकी की कार्रवाई की गई। वहीं दुसरी ओर इसी तरह की मामले में एक कर्मी को अबतक किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करते हुए मनचाही जगह प्रतिनियुक्ति या पदस्थापना करने की कार्रवाई चर्चा में हैं। विदित हो कि सदर अस्पताल के उपाधीक्षक कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत पंकज कुमार पर वेतन के अतिरिक्त करीब 6-7 लाख रूपया निकासी कर लेने का आरोप है। श्री कुमार पूर्व में सरमेरा एंव राजगीर अस्पताल में भी सेवा दे चुके हैं। लिपिक के अलावे इन्हें विभाग द्वारा वितिय कार्य के अधिकार भी दिया गया था। राजगीर अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत कुमार कोमल पर भी करीब 76 हजार रूपए वेतन से अतिरिक्त राशि निकालने का मामला की पुष्टि हुआ है। सिविल सर्जन ने उक्त दोनों कर्मियों पंकज कुमार एवं कुमार कोमल को उक्त मामले में निलबिंत करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया, जबकि इसी तरह की मामला सिविल सर्जन कार्यालय में प्रतिनियुक्त नदीम पर भी वर्ष 2011 से करीब 4-5 लाख रूपया अतिरिक्त राशि भुगतान कर लेने का आरोप की पुष्टि हुआ है।

दहेज के लिए महिला को जहर देकर मार डाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बेना थाना क्षेत्र के सिवायबिगहा गांव में दहेज की खातिर एक महिला को जबरन जहर देकर हत्या किये जाने की घटना घटी है। मृतका मनीष यादव की 20 वर्षीया पत्नी गुड़िया कुमारी थी। पटना जिले के खुसरूपुर थाना क्षेत्र के मिसीपुर गांव निवासी मृतका के भाई हरेराम कुमार ने बताया कि शादी के बाद से ही परिवार वाले दहेज की खातिर मारपीट किया करता था। कुछ दिनों पहले भी जब मारपीट किया था तो मायके वाले आकर दोनों पक्ष को समझा दिए थे। मगर इसके बावजूद लोग मारपीट और प्रताड़ित किया करता था। शुक्रवार की रात उसके पड़ोसी ने सूचना दी कि मारपीट करने के बाद जबरन उसे जहर पिला दिया है। इसके बाद उसकी की मौत हो गई है। मौत के बाद शव को खलिहान में छिपा दिया है। सूचना मिलते ही परिवार वाले वहां पहुंचे तो घर के लोग फरार थे। खलिहान में पुआल के नीचे शव छुपा कर रखा हुआ था। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि परिवार वालों द्वारा सास, ननद, देवर पर मामला दर्ज कराया है मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

पेंशनर भवन में विश्व प्रेस दिवस को लेकर संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नारदीगंज,नवादा। प्रखंड के पेंशनर भवन में विश्व प्रेस दिवस की संगोष्ठी शनिवार को आयोजित हुई । अध्यक्षता प्रखंड पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ में प्रेस की स्वतंत्रता की भूमिका अहम है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में निष्पक्ष पत्रकारिता आवश्यक है। कहा गया है कि लोकतंत्र में पत्रकारिता करना आसान नहीं है। लोकतांत्रिक देश अमेरिका, ब्रिटेन, भारत में प्रारंभ से ही प्रेस की स्वतंत्रता मौलिक अधिकार में संवैधानिक रूप में प्रदत्त है। प्रेस की सेवा करते हुए दिवंगत पत्रकारों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आज पूरे विश्व में उन सभी दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी दिवस है। निष्पक्ष पत्रकारिता करने के लिए आवश्यक है कि सरकार पत्रकारों को सुरक्षा की व्यवस्था करें, साथ ही नियमित सुविधाएं जैसे वेतन, जीवन बीमा, निःशुल्क इलाज एवं उनके बच्चों को निःशुल्क शिक्षा समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाए। बिहार में विधानसभा चुनाव 2025 आयोजित है, उसकी पृष्ठभूमि तैयार करना भी पत्रकारों की अहम भूमिका होगी। जिनके द्वारा किए गए सर्वे से सरकार के गठन में काफी सहायता और सहूलियत मिलेगी बशर्ते की सही भूमिका का निर्वहन पत्रकारों द्वारा किया जाए। वर्तमान सरकार में पत्रकारों को पेंशन देने की घोषणा भी की गई है, समाज के सभी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक समस्याओं से संबंधित तथ्यों की जानकारी सरकार के पास पहुंचाने की अहम भूमिका पत्रकारों की है। अतः पत्रकारिता करना सच में कठिन कार्य है। पेंशनरों ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पत्रकारों को अधिक सुविधाएं देने की मांग भी की है।

महिला संवाद कार्यक्रम से महिलाएं हो रही जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। महिला सशक्तीकरण से जुड़े सरकार के विभिन्न योजनाओं का असली हाल जानने के उद्देश्य से नवादा समेत राज्य के सभी जिलों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में जीविका स्वयं सहायता से जुड़ी हुई एवं अन्य स्थानीय महिलाएं शामिल हो रही है। जिले में अब तक जीविका के 396 ग्राम संगठनों में यह कार्यक्रम हो चुका है। इन कार्यक्रमों में जिले की 69 हजार से अधिक महिलायें शामिल होकर अपने परिवार तथा गाँव के विकास पर मंथन की हैं। इस दौरान महिलाओं ने सरकारी योजनाओं से जुड़कर खुद में आये बदलाव को साझा करने के अलावा उन मुद्दों पर भी अपनी बात रखी जहाँ अभी भी सुधार की बहुत गुंजाइश है। जिले में अभी तक संपन्न हुए महिला संवाद कार्यक्रम में 08 हजार से अधिक आकांक्षाएं दर्ज की गई है। इन आकांक्षाओं में परिवार से लेकर गाँव और पंचायत के विकास से जुड़ी बातें हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार, अधिकारिता से लेकर सुरक्षा तक की बातें शामिल हैं। इन आकांक्षाओं के आधार पर सरकार अपनी नीतियों में इसका समावेशन करेगी।

महिला संवाद कार्यक्रम के लिए जिले के 13 प्रखंडों में 13 महिला संवाद रथ चल रही है। ये गाड़ियाँ एलईडी स्क्रीन, सेल्फी पॉइंट, स्टैंडी, केनोपी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधाओं से लैस हैद्य एक गाड़ी एक प्रखंड के दो पंचायत में प्रति दिन दो कार्यक्रम कर रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम में समाज में महिलाओं की समुचित भागीदारी के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाये गए महत्वपूर्ण कदमों के बारे में महिलाओं को लीफलेट के माध्यम से बताया जा रहा है। एलईडी स्क्रीन युक्त महिला संवाद रथ के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित फिल्में दिखाई जा रही है। महिलाओं के नाम माननीय मुख्यमंत्री का सन्देश भी बांटा जा रहा है जिसमें महिलाओं के हित में सरकार द्वारा उठाये गए कदमों का जिक्र है। कार्यक्रम में शामिल महिलाएं सरकार के द्वारा चलाये जा रहे महिला सशक्तीकरण से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं से अवगत हो रहीं है।

नवादा में 43 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 02 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, मद्य निषेध में 13 एवं अन्य गिरफ्तारी 30 कुल 43 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 140 लीटर महुआ शराब एवं 9 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-08 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-01 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 780 वाहनों की जांच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 09 हजार 500 रूपया वसूला गया है।



अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत ट्रैक्टर 02, मोबाइल 02, एल्यूमिनियम का तसला 2 एवं चुलाई मशीन 1 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

लाभुक द्वारा क्रय किये गए बस का जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। बिहार सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुलभ बनाने हेतु संचालित मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के अंतर्गत कौवाकोल प्रखंड के निवासी एवं चयनित लाभुक गौतम कुमार को पांच लाख रूपये मात्र का अनुदान प्रदान किया गया। उक्त अनुदान प्राप्त होने के उपरांत गौतम कुमार द्वारा एक यात्री बस क्रय की गई। शनिवार को नवादा समाहरणालय परिसर में एक गरिमामय समारोह के दौरान जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा हरी झंडी दिखाकर उक्त बस को औपचारिक रूप से परिचालन के लिए रवाना किया गया। यह बस अब कौवाकोल प्रखंड एवं इसके आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में



निर्धारित मार्गों पर नियमित रूप से संचालित होगी, जिससे आमजन, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में सहूलियत प्राप्त होगी। यह पहल न केवल परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को भी प्रोत्साहन प्रदान करेगी। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के साथ-साथ ग्रामीण परिवहन को सुदृढ़ करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अन्य पात्र एवं इच्छुक लाभुकों से भी योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय, एलडीएम पंजाब नेशनल बैंक नवादा, कौवाकोल प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जदयू प्रवक्ताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन 6 और 7 मई को बोधगया में

जातीय गणना सहित विभिन्न मुद्दों पर पार्टी का पक्ष स्पष्ट और मजबूती से रखने के दिये जायेंगे टिप्स

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को जदयू के शीर्ष नेतृत्व ने पार्टी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में तय किया गया कि सरकार की उपलब्धियों और नीतियों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रवक्ताओं की भूमिका को और अधिक सशक्त किया जाएगा। इसी क्रम में 6 और 7 मई को बोधगया में जदयू के राष्ट्रीय और प्रांतीय प्रवक्ताओं की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रवक्ताओं को सरकार की योजनाओं, जातीय गणना, वक्फ नीति और विकास कार्यों पर स्पष्ट और मजबूती से पार्टी का पक्ष रखने का टिप्स दिया जाएगा। यह भी तय किया गया कि प्रवक्ताओं की भूमिका को केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं, बल्कि एक राजनीतिक योद्धा के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रवक्ताओं की दो दिवसीय कार्यशाला में सरकारी योजनाओं की जानकारी और प्रचार की तकनीक के बारे में बताया जाएगा। जातीय गणना के पक्ष में वैज्ञानिक और सामाजिक तर्क की जानकारी दी जाएगी। वहीं वक्फ नीति को लेकर पार्टी का स्टैंड क्लियर किया जाएगा। नीतीश कुमार के दो दशक के विकास कार्यों को संप्रेषित करने की रणनीति को समझाया जाएगा। मीडिया प्रबंधन, साक्षात्कार तकनीक और जनसंचार कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रवक्ताओं को सिर्फ आंकड़ों से लैस करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी और रणनीतिक वक्ता बनाना है। नीतीश कुमार द्वारा करवाई गई जातीय जनगणना को पार्टी अपनी प्रमुख उपलब्धियों में गिन रही है। कार्यशाला में इसे दूरदर्शी कदम बताते हुए इसका सामाजिक और आर्थिक महत्व प्रवक्ताओं को समझाया जाएगा ताकि वे जनता के सामने इसे सशक्त रूप से प्रस्तुत कर सके। जदयू नेतृत्व का मानना है कि मजबूत संवाद और संगठनात्मक समन्वय ही आगामी चुनाव में पार्टी की जीत की नींव बनेगा। इसी के तहत प्रवक्ताओं की भूमिका को केंद्र में लाया गया है। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रवक्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षण और अपडेट दिए जाएंगे ताकि वे किसी भी मुद्दे पर पार्टी का पक्ष बिना भ्रम के रख सकें।

जिलाधिकारी ने किया विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर इवीएम की प्रथम स्तरीय जांच का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार डॉ. त्यागराजन एसएम, जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- जिलाधिकारी द्वारा आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनजर जेलप्रेस स्थित ई0वी0एम0 वेयर हाउस में ई0वी0एम0 के प्रथम स्तरीय जांच का निरीक्षण किया गया। बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 2 मई से 2 जून तक एफएलसी का काम चलेगा इसमें भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 14 की संख्या में इंजीनियर गया जिले में आए हुए हैं जो एफएलसी के दौरान उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा 28 की संख्या में पदाधिकारी एवं कर्मियों को लगाया गया है जो एफएलसी के कार्य को संपन्न करवाएंगे। इस अवसर पर ई0वी0एम0 के प्रथम स्तरीय जांच के पर्यवेक्षण हेतु भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षक, राघवेन्द्र वी., जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गया, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी गया सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के नामित पदाधिकारी उपस्थित थे।

जनता दरबार में छाया रहा मंदिर निर्माण मुद्दा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



गुरारू। शनिवार को थाना परिसर में जनता दरबार आयोजित किया गया। अंचल अधिकारी श्रीमती नुपूर एवं थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने भूमि विवाद से जुड़े कई मामलों में पक्षकारों को सुना एवं आवश्यक निर्देश दिया। गौरतलब है कि जनता दरबार में इंदिल गांव में मंदिर निर्माण का मुद्दा जोर शोर से छाया रहा। एक पक्ष के लोगों द्वारा यज्ञ आयोजित कर उक्त सरकारी भूमि पर सूर्य मंदिर निर्माण हेतु झंडा गाड़ दिया गया। इसका गांव के दूसरे पक्ष द्वारा विरोध कर जनता दरबार में आवेदन दिया। दूसरे पक्ष के लोगों ने कहा कि इस सरकारी भूमि पर नहीं अन्यत्र सरकारी भूमि पर मंदिर बनना चाहिए जबकि प्रथम पक्ष के लोगों ने विरोध करते हुए कहा कि इस स्थान पर क्यों नहीं जबकि दोनों हीं सरकारी भूमि है। ज्ञात हो कि इस विवाद में दोनों पक्ष सरकारी भूमि पर ही मंदिर बनाने की बात करते हैं, परन्तु मंदिर निर्माण हेतु अपना रैयती एक धूर जमीन देने को तैयार नहीं हैं। इस विवाद की रोकथाम नहीं किया गया तो कोई भी अनहोनी घटना घट सकती है। गांव में दोनों पक्षों द्वारा अपना-अपना वर्चस्व के लिए अलग-अलग यज्ञ आयोजित किया गया था। सुनवाई के दौरान गांव के ही दोनों पूर्व उपप्रमुख लालदेव यादव एवं संजीत कुमार दांगी उपस्थित रहे।

महिला ने प्रताड़ना का लगाया आरोप, मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। थाना क्षेत्र के टनकुप्पा गांव की एक महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर शनिवार को प्रताड़ना का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि उसे ससुराल में मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। महिला की शिकायत पर कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है। ग्राम टनकुप्पा निवासी वैष्णवी शांडिल्य का आरोप है कि मेरी शादी बीते तीन वर्ष पूर्व हुई थी। ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित कर रहे थे। इस मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

मगध विश्वविद्यालय की छात्रा सोनाली कुमारी ने जंतु विज्ञान में राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया

सीएसआईआर-यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा में राष्ट्रीय रैंक 182 प्राप्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



गया। मगध विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग की मेधावी छात्रा सोनाली कुमारी ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा सीएसआईआर/यूजीसी नेट जूनियर रिसर्च फैलोशिप (दिसंबर 2024) में अनुकरणीय सफलता प्राप्त कर विश्वविद्यालय एवं बिहार का नाम गौरवान्वित किया है। सोनाली कुमारी ने जीवन विज्ञान विषय में 97.7 पर्सेंटाइल के साथ अखिल भारतीय स्तर पर 182वीं रैंक प्राप्त की है। औरंगाबाद जिले के ओबरा निवासी सोनाली कुमारी वर्ष 2020-22 सत्र की एम.एससी. की छात्रा रही हैं। इससे पूर्व उन्होंने जून 2024 की सीएसआईआर/यूजीसी नेट परीक्षा में सहायक प्राध्यापक पात्रता में भी सफलता प्राप्त की थी। एम.एससी. परीक्षा में भी उन्होंने विभाग में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया था। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में शनिवार को जंतु विज्ञान विभाग में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभागाध्यक्ष दिलीप कुमार केशरी, पूर्व विभागाध्यक्ष सिद्धनाथ प्रसाद यादव, दीन कुमारी अदिति, पूनम सिंह, आभा कुमारी तथा गया कॉलेज के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की विभागाध्यक्ष अर्चना कुमारी ने सोनाली को अंगवस्त्र और उपहार प्रदान कर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वर्तमान में सोनाली कुमारी केंद्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार के जीवन विज्ञान विभाग में अमृता श्रीवास्तव के निर्देशन में शोधकार्य कर रही हैं। पूर्व में उन्होंने गया कॉलेज से जंतु विज्ञान (प्रतिष्ठा) में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की थी। सोनाली की इस सफलता ने मगध विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई प्रदान की है और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनकर सामने आई हैं।

अवैध दो ट्रैक्टर जब्त, दो गिरफ्तार, गए जेल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। थाना क्षेत्र के धानो बिगहा गांव के पास से चलाए जा रहे अवैध दो ट्रैक्टर जब्त शनिवार को किया गया और उक्त मामले में प्रवीण यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा एक अन्य मामले में उतरेंन गांव से एक शराबी मलू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि दोनों मामलों में कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। आगे भी पुलिस इस तरह की कार्रवाई जारी रखेगी और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

लोकतांत्रिक तरीके से बाल संसद का चुनाव विद्यालय में संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



बेलागंज। रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में बाल संसद का लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव संपन्न हो गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद अबरार आलम ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक तरीके से भारतीय चुनाव पद्धति की संपूर्ण जानकारी दी और विद्यालय में बाल संसद के गठन की प्रक्रिया बताया। साथ ही साथ चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में विद्यालय के प्लस टू शिक्षा अभिमन्यु कुमार को राजेश कुमार राजू को पीठासीन पदाधिकारी प्रदीप कुमार मार्च को मतदान पदाधिकारी अनीश कुमार को मतदान पदाधिकारी एवं दूसरे बूथ पर अनामिका कुमारी को पीठासीन पदाधिकारी मधुबाला जी को मतदान पदाधिकारी रिंकी कुमारी को मतदान पदाधिकारी नियुक्त किया। इन लोगों ने मतदान की प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यार्थियों का चुनाव संपन्न कराया और वोटो की गिनती में विष्णु कुमार को प्रधानमंत्री एवं आकांक्षा कुमारी को शिक्षा मंत्री हंसराज को उप प्रधानमंत्री आदित्य कुमार को उप शिक्षा मंत्री संजीव कुमार को अनुशासन मंत्री हंसिका कुमारी को अनुशासन मंत्री काजल कुमारी को खेल मंत्री आरोही आगरा को अप खेल मंत्री स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अंशु कुमारी उप स्वास्थ्य मंत्री के रूप में इरफान कला एवं संस्कृति मंत्री के रूप में जुली कुमारी उपकलम संस्कृति मंत्री के रूप में अर्चना कुमारी पर्यावरण मंत्री के रूप में बंटी कुमार अप पर्यावरण मंत्री के रूप में दिव्या कुमारी का मतदान के प्रक्रिया से चयन किया गया। इस अवसर पर सभी निर्वाचित बाल संसद के पदाधिकारी को प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम के निर्देश पर अभिमन्यु कुमार ने शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर विद्यालय के तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थी। विद्यालय में आज बाल संसद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने किया तथा मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व के प्रधानाध्यापक राम सेवक सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कला संस्कृति के अंतर्गत गायन की प्रस्तुति की गई। साथ ही साथ संगीत शिक्षक दीपक कुमार, संगीत शिक्षिका श्वेता कुमारी, वाणी वंदना ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राशिद अनवर अनेश कुमार चंद्रमणि प्रसाद शिक्षा कर्मचारियों में पंपी कुमारी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

प्रखंड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। प्रखंड के किसान सभागार भवन में प्रखण्ड बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष श्रीकांत शर्मा व संचालन उपाध्यक्ष मो. जमिलू रहमान ने किया। बैठक में सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के संचालन हेतु बारी - बारी से समीक्षा किया गया जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के सुचारू रूप से संचालन करने की बातें कही गई। सदस्यों द्वारा मनरेगा योजना में हो रही गड़बड़ी पर जोरदार बहस किया गया जिसमें प्रखण्ड उपाध्यक्ष मो. जमिलू रहमान ने कहा कि बीस सूत्री का गठन सरकार द्वारा जनता के सभी कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए किया गया जिसमें कोताही बरतने वाले कोई भी पदाधिकारी को बख्सा नहीं जायेगा। ईमानदारी पूर्वक कार्यों को निष्पादन करने की नसीहत दी है। वहीं, प्रोटोकॉल को लेकर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के बीच भी नोक झोंक किया गया है। बैठक में अनुपस्थित कर्मियों व पदाधिकारियों पर कार्रवाई की मांग सदस्यों ने किया जिस पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज ने जिला के वरीय पदाधिकारी को लिखने का आश्वासन दिया। उक्त बैठक में अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, प्रखण्ड प्रमुख मणी देवी, मुखिया कलावती देवी, मो. मोईन अंसारी आदि शामिल थे।

पूर्व शोधार्थी रजनीश कुमार के असामयिक निधन पर मगध विश्वविद्यालय में शोकसभा व वृक्षारोपण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। मगध विश्वविद्यालय परिसर शोक और संवेदना से भरा रहा। विश्वविद्यालय के पूर्व शोधार्थी रजनीश कुमार की गेट संख्या-2 के समीप भीषण सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु से विश्वविद्यालय समुदाय स्तब्ध है। यह केवल एक छात्र की नहीं, पूरे शैक्षणिक परिवार की अपूरणीय क्षति है। दिवंगत छात्र की स्मृति में विश्वविद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें कुलपति प्रो एसपी शाही, प्रतिकुलपति प्रो बीआरके सिन्हा, कुलसचिव प्रो बीपिन कुमार, कुलानुशासक प्रो उपेंद्र कुमार, शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। दो मिनट का मौन रखकर सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर स्व. रजनीश कुमार की स्मृति में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कुलपति सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं छात्र प्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर स्व. रजनीश के प्रति प्रकृति के माध्यम से श्रद्धांजलि व्यक्त की। वृक्ष को 'जीवन का प्रतीक' मानते हुए यह संकल्प लिया गया कि उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कुलपति प्रो शाही ने परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा करते हुए कहा कि यह दुखद घटना हम सबके लिए चेतावनी है कि सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। छात्र संगठनों द्वारा गेट संख्या-2 पर स्पीड ब्रेकर निर्माण एवं गेट संख्या-1 पर ओवरब्रिज या वैकल्पिक सुरक्षित मार्ग की मांग पर कुलपति ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर देश में जाति जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। तेजस्वी ने पत्र में जाति जनगणना को बदलाव का बड़ा मौका बताया है, लेकिन साथ ही चेताया भी है कि यदि इस डेटा का सही उपयोग नहीं हुआ तो यह अवसर इतिहास के पन्नों में गुम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इसे सतर्क आशावाद के साथ देखा जाना चाहिए। तेजस्वी ने पत्र में लिखा है कि अब तक केंद्र सरकार और भाजपा के नेता जाति जनगणना को विभाजनकारी और अनावश्यक बताते रहे थे। जब बिहार ने अपने राज्य की 63 फीसदी आबादी ओबीसी और ईबीसी वर्ग से आती है। उन्होंने कहा कि ऐसी ही तस्वीर पूरे देश में उभर सकती है। तेजस्वी ने केंद्र सरकार से मांग की कि स्तर पर जाति सर्वे कराया तब केंद्र और उसके सहयोगियों ने बाधाएं उत्पन्न कीं। इसके बावजूद बिहार सरकार ने यह सर्वे कर दिखाया जिससे यह तथ्य सामने आया कि संसाधनों का लाभ उठाते हैं, उन्हें भी समाज की विविधता का सम्मान करते हुए रोजगार और प्रतिनिधित्व में समावेशिता सुनिश्चित करनी चाहिए। तेजस्वी यादव ने पत्र के अंत में प्रधानमंत्री से अपील की कि इस ऐतिहासिक निर्णय को केवल घोषणा तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे प्रभावी तरीके से लागू किया जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बिहार इस प्रक्रिया में केंद्र सरकार को रचनात्मक सहयोग देगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल आंकड़ों की लड़ाई नहीं है, बल्कि सम्मान और सशक्तिकरण का भी प्रश्न है। उन्होंने लिखा है कि जब बिहार ने अपना जाति सर्वेक्षण कराने की पहल की तो सरकार और आपकी पार्टी के शीर्ष विधि अधिकारी सहित केंद्रीय अधिकारियों ने हर कदम पर बाधाएं खड़ी कीं। आपकी पार्टी के सहयोगियों ने इस तरह के डेटा जनगणना का उद्देश्य केवल आंकड़े जुटाना न होकर, सामाजिक सुरक्षा और आरक्षण नीतियों को जनसंख्या के अनुरूप पुनर्गठित करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिसीमन की प्रक्रिया में भी इन आंकड़ों का समुचित उपयोग होना चाहिए ताकि वंचित तबकों को लोकतांत्रिक भागीदारी का पूरा अवसर मिले। पत्र में तेजस्वी ने इस बात पर भी जोर दिया कि निजी क्षेत्र को भी सामाजिक न्याय की दिशा में जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि जो निजी उद्योग सरकारी संग्रह की आवश्यकता पर ही सवाल उठाए। आपका विलंबित निर्णय उन नागरिकों की मांगों की व्यापक स्वीकार्यता को दर्शाता है जिन्हें लंबे समय से हमारे समाज के हाशिये पर धकेल दिया गया है। उन्होंने आगे लिखा है कि बिहार के प्रतिनिधि के रूप में जहां जाति सर्वेक्षण ने जमीनी हकीकत के प्रति कई लोगों की आंखें खोली हैं, मैं आपको वास्तविक सामाजिक परिवर्तन के लिए जनगणना के निष्कर्षों का उपयोग करने में रचनात्मक सहयोग का आश्वासन देता हूं। इस जनगणना के लिए संघर्ष करने वाले लाखों लोग सिर्फ डेटा नहीं बल्कि सम्मान, सिर्फ गणना नहीं बल्कि सशक्तिकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

'स्वस्थ धरा, खेत हरा' के संकल्प के लिए मिट्टी और उर्वरक जांच को बताया जरूरी

उप मुख्यमंत्री ने उर्वरता मैप सभी प्रखंडों में प्रदर्शित करने के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



पटना। उप मुख्य (कृषि) मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा मीठापुर, पटना स्थित रसायन भवन में संचालित मिट्टी, बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी जांच प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल भी मौजूद थे। 'स्वस्थ धरा, खेत हरा' के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु इस निरीक्षण का उद्देश्य राज्य में कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, खेती की लागत को कम करना और मिट्टी की गुणवत्ता को बनाए रखना है। मंत्री ने सबसे पहले मिट्टी जांच प्रयोगशाला का अवलोकन किया जहां मृदा नमूना विश्लेषकों ने उन्हें जांच में प्रयुक्त उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लाइव मिट्टी परीक्षण देखा और मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा की पहचान करने की प्रक्रिया में रुचि दिखाई।

श्री सिन्हा ने कहा कि मिट्टी की जांच कर जांच परिणाम के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरक के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए कृषि योग्य मिट्टी को स्वस्थ रखना, फसल उपज में वृद्धि लाना एवं खेती की लागत को कम करना है। इसलिए किसानों को उर्वरकों का सही मात्रा में उपयोग हेतु यह आवश्यक है कि किसानों को मिट्टी की उर्वरता मैप की जानकारी मिले। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जिला मुख्यालय और प्रखंडों में उर्वरता मैप प्रदर्शित किया जाय। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि वैसे प्रखंडों में जहां मिट्टी में जिंक और बोरोन की कमी है वहां के किसानों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराया जाय। मंत्री ने बताया कि अनुमंडल स्तर पर कृषकों को मिट्टी जांच की सुविधा उपलब्ध कराने एवं मिट्टी जांच सेवाओं के विकेन्द्रीकरण के उद्देश्य से 11 अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। नये प्रयोगशाला के स्थापना से किसानों को अपनी मिट्टी जांच करने में आसानी होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को सरल भाषा में मिट्टी जांच के महत्व की जानकारी दी जाय।

उधना से समस्तीपुर एवं जयनगर तथा अहमदाबाद से दानापुर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में और 3 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी संख्या 09069/09070 उधना-समस्तीपुर-उधना स्पेशल (मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र- डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते): गाड़ी संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर स्पेशल 3 मई से 31 मई, 2025 तक प्रत्येक शनिवार को उधना से 20.35 बजे खुलकर रविवार को 19.30 बजे डीडीयू, 22.40 बजे पाटलिपुत्र, 23.30 बजे हाजीपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए सोमवार को 02.30 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09070 समस्तीपुर-उधना स्पेशल 05 मई से 02 जून, 2025 तक प्रत्येक सोमवार को समस्तीपुर से 04.00 बजे खुलकर 4.55 बजे मुजफ्फरपुर, 7.00 पाटलिपुत्र एवं 10.50 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए मंगलवार को 14.00 बजे उधना पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09067/09068 उधना-जयनगर-उधना स्पेशल (दरभंगा-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर- हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते): गाड़ी संख्या 09067 उधना-जयनगर स्पेशल 04 मई से 25 मई, 2025 तक प्रत्येक रविवार को उधना से 12.20 बजे खुलकर सोमवार को 10.22 बजे डीडीयू, 14.15 बजे पाटलिपुत्र, 16.00 बजे मुजफ्फरपुर, 19.00 बजे दरभंगा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 21.30 बजे जयनगर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 09068 जयनगर-उधना स्पेशल 05 से 26 मई, 2025 तक प्रत्येक सोमवार को जयनगर से 23.30 बजे खुलकर मंगलवार को 01.00 बजे दरभंगा, 03.45 बजे मुजफ्फरपुर, 06.00 पाटलिपुत्र एवं 10.20 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए बुधवार को 12.15 बजे उधना पहुंचेगी।

संपादकीय

मप्र : लव जिहाद का रैकेट

मप्र की राजधानी भोपाल और इंदौर शहर से हिंदू लड़कियों को फंसाकर उनसे दुष्कृत्य करने, उसके वीडियो बनाने और बाद में धर्म बदलने पर मजबूर करने के हाल में सामने आए लव जिहाद के मामले सचमुच बेहद चौंकाने और चिंतित करने वाले हैं। लव जिहाद करने वाले मुस्लिम युवाओं से त्रस्त होकर पुलिस में शिकायत करने वाली अब तक पांच युवतियां सामने आई हैं, जिनका बेरहमी से शारीरिक शोषण किया गया तथा जिनके साथ दुष्कर्म के वीडियो पोर्न बाजार में बेचने की कोशिश की जा रही थी। पुलिस ने अब तक ऐसे छह मुस्लिम युवाओं और एक युवती को भी इस मामले में गिरफ्तार किया है। ये सभी एक संगठित गिरोह के तौर पर यह घृणित काम अंजाम दे रहे थे। दो अन्य आरोपियों की पुलिस को अभी भी तलाश है, जबकि एक अन्य आरोपी ने पहले आत्महत्या कर ली थी। दो फरार आरोपियों को पुलिस अभी पश्चिम बंगाल और बिहार में तलाश रही है। इससे पता चलता है कि इनका नेटवर्क कितना फैला हुआ है। इस हैरान करने वाली घटना ने 'द केरल स्टोरी' की याद दिला दी है। यह घटना उन सामाजिक सौहार्द की बातें करने वाले उन फर्जी लोगों के लिए भी नसीहत है, जो यह मानने को ही तैयार नहीं कि 'लव जिहाद' जैसा भी कुछ होता है। तमाम धमकियों, ज्यादतियों के बाद जो लड़कियां इन शिकायतों को लेकर पुलिस तक पहुंची हैं, उनकी हिम्मत की दाद देनी होगी, वरना अंदर ही अंदर चलने वाला यह काला कारोबार समाज के सामने ही नहीं आता। इस घटना के उजागर होने के बाद राज्य महिला आयोग ने भी इसका गंभीरता से संज्ञान लिया है। आरोपियों से पूछताछ में उजागर हुआ है कि वो मिशन की तरह यह घृणित धंधा चला रहे थे। यह कहना गलत नहीं होगा कि देश में हिंसक धार्मिक जिहाद के समांनातर हिंदू लड़कियों को मुस्लिम बनाने का यह जिहाद बड़े पैमाने पर देश में अंजाम दिया जा रहा है और इस पवित्र भाव से दिया जा रहा है कि वो ऐसा नापाक कृत्य कर मजहब की सेवा कर रहे हैं। यह भी पता चला कि एक आरोपी की बहन हिंदू लड़कियों का अपने रिश्तेदारों से परिचय करवाती थी। जल्द ही वो उन्हें बातों में उलझा कर इश्क का नाटक करने लगते थे। कभी पढ़ाई तो कभी पार्टी के नाम पर लड़कियों को बुलाया करते थे। पहले उन्हें नशे का आदी बनाया जाता था फिर यौन शोषण किया जाता था। डांस क्लास और जिम इन षड्यंत्रकारियों के पसंदीदा अड्डे थे। भोपाल के एक रेस्टोरेंट संचालक की भी इसमे संदिग्ध भूमिका है। लड़की के फंसते ही उसका यौन शोषण शुरू हो जाता था। इसके वीडियो बनाकर युवतियों को ब्लैकमेल करते थे। कोई लड़की अगर रिश्ते खत्म करना चाहती तो उसके अश्लील वीडियो दिखाकर उसे आने पर मजबूर किया जाता था। पीड़िता दो सगी बहनों का शोषण करने वाले दो युवक तो कॉलेज में उनके सहपाठी थे। पुलिस की पूछताछ में एक आरोपी ने यह निर्लज्ज जवाब दिया कि अगर उसे पता होता कि पुलिस ये वीडियो जब्त कर लेगी तो वह पहले ही उन्हें पोर्ट वीडियो साइट्स को बेच चुका होता। इन आरोपियों को अपने किए पर कोई अफसोस भी नहीं है। पुलिस इस गिरोह के टेरर फंडिंग की भी जांच कर रही है। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इस गंभीर और घृणित अपराध के आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। आरोपी किसी कीमत पर बचने नहीं चाहिए। इस संगीन मामले में पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है, लेकिन समाज को भी सोचना होगा कि उनकी बेटियां किसी रैकेट के चंगुल में तो नहीं फंस रही हैं।

जातीय जनगणना व विकसित भारत का प्रश्न

भारत में अब जाति जनगणना होगी। यह एक ऐसी गणना है जिसमें वे आनुपातिक समीकरण सामने आएंगे जिससे भारत को नए तरह से समझने का मौका मिलेगा। भारत में जब 35 करोड़ लोग थे और देश आज़ादी के बिल्कुल आसपास खड़ा था उस समय जाति के बारे में डॉ. आंबेडकर ने सवाल उठाया था। जाति एक मजबूत पक्ष रहा जिसे डॉ. आंबेडकर ने अपने हर वक्तव्य में रखा। वह यह जानते थे कि हिंदुस्तान में जाति एक ऐसी विषय है जिसे भारतीय सनातन समाज कभी छोड़ ही नहीं सकता। तत्कालीन स्थितियां यह थीं कि संभ्रांत समाज कभी भी अछूतों की श्रेणी में रहने वाले हिन्दुस्तानियों को वह दर्ज़ा देने को तैयार ही नहीं था। अस्पृश्य समाज की चुनौतियों को डॉ. आंबेडकर की आँखों से देखें तो कुछ ऐसी ही थीं, कि सबको बराबरी का हक था ही नहीं। अब आज भी जाति के सवाल पर देश आज़ादी के 75 वर्ष बाद अपने आज़ादी के अमृत पड़ाव में पुनः बातें शुरू हुई हैं। डॉ. आंबेडकर को उन दिनों जितनी भी गंभीरता से देखा, समझा व जाना गया, वह एक तरफ आज उनके जाति विषयक उठाए गए सवाल पर क्यों भारत पुनः अटक गया, यह सोचनीय है।

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी



जाति किसी देश की दुरूहता नहीं है बल्कि दुरूहता तो देश के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक व सांस्कृतिक असमावेशी समाज से है। यहाँ बराबरी जातीय जनगणना से नहीं आने वाली है। भारत की सत्तापक्ष व विपक्ष की भले आज एक सहमति बन रही हो कि जातीय जनगणना होनी ही चाहिए, लेकिन इससे भारत विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा, यह एक बहुत बड़ा मिथ है। भारतीय समाज को समझने की यह आज कोशिश करनी पड़ेगी कि यह कैसे एक निरर्थक प्रयास है जिसमें भारतीय जनमानस उलझने जा रहा है, यह आज बिलकुल समझ नहीं आएगा बल्कि सही मायने में यह 10-20 वर्ष बाद पता चलेगा कि देश 21वीं सदी के 25वें वर्ष में एक निरर्थक कार्यों में उलझा हुआ था।

देश के विकासशील अवधारणा को विकसित अवधारणा में तब्दील करने की यह कतई सार्थक कोशिश नहीं है। चीन और अमेरिका जैसे देश जातीय प्रश्न पर क्यों आज नहीं उलझे हुए हैं। भारत की हिन्दू समर्थक पार्टी यह मानती है कि हम सभी ईश्वर की संतान हैं। हम सनातन हैं। हम सभी के हितों में विश्वास करते हैं, तो यह जातीय प्रश्न कहाँ से आ जाते हैं? सूचना, तकनीकी, नवाचार, चेंज-मेकर की राजनीति की जगह जातीय जनगणना एक ऐसे राजनितिक विमर्श का आमंत्रण है जो भारत में सनातन की समावेशिता को चुनौती देगी। ऐसे में हमारे ज्ञान परंपरा में यह एक खाई खोदने की कोशिश है जिसे विपक्ष लम्बे समय से मांग कर रहा था और सत्ता पक्ष ने इसे करने की घोषणा कर दी। सब मिलाकर यह भारतीय राजनीति की विवशता ही मानी जाएगी। यह भारतीय राजनीति के समावेशी संस्कृति को विखंडित करने की नई कोशिश कही जाए, तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात नहीं होगी।

भारत में आरक्षण को लेकर बहस जो आज हो रही है, उसकी पुनर्परिभाषा गढ़ी जाएगी। हमारा अधिकार, हमारा हिस्सा, हमारा हक, हमारे लोग, हमारा क्षेत्र, हमारी बारी, हमारी भागीदारी, हमारा व्यापार, यह सब आने वाले समय में राजनीति के बहस के केंद्र में विषय बनेंगे। यह सब हमारा, हमारा का किस्सा भारतीय समाज की बुद्धि को इस प्रकार किल करेगा कि विकास की बातें दूर का स्वप्न बन जायेंगी। इससे कोई आर्थिक समृद्धि नहीं बढ़ने वाली है, क्लेश ज़रूर बढ़ेंगे। इसके साथ अब आने वाले समय में महिलाओं और थर्ड जेंडर के लोगों की संख्या और उनकी फिर जातीय संख्या यह भी मांगें होंगी। यह जो तुच्छ अस्मिताई विमर्श है, यह देश की समेकित विकास यात्रा को कभी आगे बढ़ने देंगे, आपको क्या लगता है? क्या इस प्रकार कभी एक स्वर में विश्व में भारत की चुनौतियों से लड़ने की क्षमता में अभिवृद्धि होगी? क्या इससे राज्य की स्थायी स्थिरता व शांति बहाली के आसार दीखते हैं, सवाल यह है। तर्क करने वाले कहेंगे कि इससे जिनकी संख्या भारी, उनकी उतनी भागीदारी। अधिकार व कर्तव्य का भेद ही भारतीय नहीं कर पा रहे हैं, आज सबसे बड़ी समस्या यही है। इसका भी लाभ उन्हीं को मिलेगा जो पढ़, लिखकर अपने पुरुषार्थ से अपनी मंजिल को हासिल कर लिए हैं।

अपने ही परिजन, माता-पिता, बुजुर्गों, महिलाओं व विकलांगों का ख्याल तक न रखने वाले भारतीय भले आज जातीय जनगणना पर खुश हो रहे हों, लेकिन यह किसी समस्या के हल की ओर भारत का प्रस्थान नहीं है। बल्कि खुद के ऊपर हंसने व लड़ने के लिए एक नई चुनौती का आमंत्रण है। राष्ट्र में गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी और आनंद के विघ्न पर परिचर्चा के बजाय देश अब एक ऐसी चर्चा में पड़ने जा रहा है जिसका कोई न अंत है और न ही कोई परिणाम है। इस पर से ऐसा लगता है कि भारत के लोग जाति से कभी मुक्त हो ही नहीं पाएंगे और संघर्ष भी बढ़ेंगे। आज देखा जाए तो जाति अपने विलोपन की स्थिति में बढ़ रही थी। अंतरजातीय विवाह बढ़े हैं। जो किसान है उसकी जाति तो किसान की है। जो व्यापारी है वह तो व्यापारी है। उसका किस जाति में जन्म हुआ, यह कौन देखता है। श्रमिक होने का दंश यदि सरकारें व विपक्षी पार्टियाँ समझतीं तो श्रमिकों की जनगणना जरूर करायी जाती लेकिन यहाँ तो जातीय जनगणना हो रही है। देश में जातीय अस्मिताओं के लिए राजनीति करने वाले ऐसा क्यों नहीं सोच पा रहे हैं कि भारत अब बदल गया है। श्रम की जनगणना से यह ज़रूर भला होगा कि श्रमिकों के हितों पर सर्कार पॉलिसीज बनाएगी। जाति के हिसाब से राजनीति में चमक रहे राजनेता, अपने जाति के एहसास के साथ क्या अपने जाति के लोगों में अपनी संग्रह की गयी संपत्ति को वितरित करने के लिए तैयार हो जायेंगे? क्या ब्यूरोक्रेसी व डिप्लोमेसी में अपने कर्तृतव्य का निर्वहन करने वाले एलीट वर्ग के लोग अपनी जाति के हिसाब से कोई निर्णायक निर्णय लेने की स्थिति में आयेंगे, यदि जातीय जनगणना हो जाएगी? संभ्रांतों की नई परिभाषा आज नए तरीके से समझने की आवश्यकता नहीं है। यह तो भारतीयों ने औपनिवेशिक सभ्यता से उधार ले रखा है। देश के ब्यूरोक्रेसी के लोग अपने ब्यूरोक्रेटिक जाति का कोई प्रश्न आएगा, उसका अहित नहीं होने देंगे। भारत के लोग उलझे रहें जातीय जनगणना में। देश के लोग उलझे रहें जातीय जनगणना में देश की न्यायपालिका में रह रहे लोग अपने न्यायपालिका से जुड़े लोगों का अहित होने ही नहीं देंगे। फिर यह जनगणना हो किस लिए रही है और करायी ही क्यों जा रही है? क्या भारत के सामने निपटने के लिए आज समस्याएं कम हैं क्या?

भारत निःसंदेह तेजी से बदल रहा है। भारत विश्व की महाशक्तियों में सम्मिलित होने जा रहा है। भारत विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होने भी जा रहा है लेकिन यदि अपने से उलझने बनाकर वह यह उपलब्धि हासिल करने की उम्मीद रखता है तो उसकी मकड़ी-मृत्यु निश्चित है। यहाँ समस्या बनाकर, उस समस्या में उलझाकर, उससे निपटने के लिए राय देने वालों की कमी नहीं रही है। इसी कारण आज तक भारत की यह दुर्दशा है। भारत को यदि तरक्की की राह चलना है तो कम से कम ऐसे मुद्दों के साथ अपनी ग्रोथ सुनिश्चित करनी होगी, जिसमें वास्तव में भारत कुछ करके वैश्विक स्तर पर भारत को स्थापित कर सकता है। अपने भारत की खोज भारत को ही करना है। अब देखना यह है कि वह अपनी राह में क्या सूझबूझ अपनाकर भारतीय समावेशी मानसिकता के लिए कर सकता है। यदि नहीं करेगा और उसे तात्कालिक लाभ के लिए ऐसे अर्थहीन एजेंडे बहुत महत्वपूर्ण लगेंगे, तो इस देश का मालिक भगवां ही है, इंसान तो बिल्कुल नहीं।

अध्यात्म

सच्ची संतुष्टि ज्यादा पाने में नहीं बल्कि हमारे पास जो है उसमे खुश रहने में है



एक अमीर कारखाने के मालिक ने अपनी नाव के बगल वाले मछवारे से पूछा, तुम मछली पकड़ क्यों नहीं रहे हों? मछुवारे ने कहा, क्यों की आज के लिए पर्याप्त मछली पकड़ ली है। अमीर आदमी ने कहा, आप और मछली क्यों नहीं पकड़ते? मछुवारे ने कहा, मै अधिक मछली पकड़कर क्या करूंगा और आज के लिए मेरे पास पर्याप्त मछली है। आप बताए मछवारे ने पूछा? अमीर आदमी ने कहा, आप ज्यादा मछली बेचकर ज्यादा रूपए कमा सकते है और इसके साथ ही आप एक मोटर नाव भी खरीद सकते है। फिर आप नायलॉन जाल खरीदने के लिए पर्याप्त कमा सकते है और वे आपको अधिक मछली और अधिक पैसा दिला सकते है। इसके साथ जल्द ही आपके पास दो नाव और खरीदने के लिए पैसे होंगे। अगर ऐसा करोंगे तो तुम भी मेरे जैसे अमीर आदमी बन जाओंगे। मछुवारे ने अमीर आदमी की बाते सुनकर पूछा, तब में क्या करूंगा? कारखाने के मालिक ने जवाब दिया तब आप वास्तव में जीवन का आनंद ले सकते है। मछुवारे ने जवाब दिया, आपको क्या लगता है में अभी खुश और आनंदमय नहीं हूँ क्या? मुझे पता है जीवन में मुझे जितना भी सुख और संसाधन मिले में उन सब में में बहोत खुश हूँ और अगर में इन्हे ज्यादा मात्रा में पाने की कोशिश करूँगा तो यह मेरे लिए निराशा और दुःख का कारण बनेगा और में यह नहीं चाहता। इनसे मेरी लालच और बढ़ेंगी जो मुझे कभी सुखी जीवन व्यतीत नहीं करने देंगी। अब अमीर आदमी को मछुवारे की बाते समझ आयी और वह समझ गया की सच्ची संतुष्टि ज्यादा पाने में नहीं बल्कि हमारे पास जो है उसमे खुश रहने में है।

याद रखिये इस सृष्टि में अनंत मात्रा में वस्तुएं उपलब्ध है और आप जितना इस संसाधनों को प्राप्त करोंगे, उतनी ही ओर अधिक इन संसाधनों को पाने की लालसा मन उत्पन्न होंगी। यही हर एक प्राणी का स्वाभाव है और इसके लिए संतुष्ट होना महत्वपूर्ण है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता: भारत के उज्जवल भविष्य की कुंजी

एआई एक ऐसी शक्ति है जो विभिन्न क्षेत्रों को अदृश्य रूप से संचालित करती है। एआई अब केवल अनुसंधान प्रयोगशालाओं और सॉफ्टवेयर कंपनियों तक सीमित नहीं है; यह हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है। कार्यस्थलों पर स्वचालित प्रक्रियाएं, कक्षाओं में व्यक्तिगत शिक्षण उपकरण, बैंकिंग में ऋण प्रबंधन प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाओं में निदान उपकरण, कृषि में डेटा विश्लेषण आधारित निर्णय–हर क्षेत्र में एआई की भूमिका बढ़ रही है 7 एआई केवल मनोरंजन, साहित्य और सोशल मीडिया को प्रभावित नहीं कर रहा, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक विमर्श को भी नया आकार दे रहा है। इस संदर्भ में, एआई साक्षरता का मतलब केवल तकनीक को समझना नहीं है, बल्कि यह जानना भी है कि यह हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करती है और हम इसका उपयोग अपने लाभ के लिए कैसे कर सकते हैं?

अरूण कुमार डनायक

भारत का भविष्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। मनुष्य के विकास की कहानी बुनियादी साक्षरता से शुरू हुई और समय के साथ कौशल उन्नयन ने आर्थिक गतिशीलता तथा तकनीकी प्रगति के द्वार खोले। इसी कड़ी में आज एआई साक्षरता एक नई आवश्यकता बनकर उभरी है। हम एक डिजिटल और स्वचालित युग में प्रवेश कर रहे हैं, जहां एआई की समझ न केवल तकनीकी विशेषज्ञों के लिए बल्कि हर नागरिक–छात्र, किसान, शिक्षक, उद्यमी–के लिए अनिवार्य हो गई है।

एआई एक ऐसी शक्ति है जो विभिन्न क्षेत्रों को अदृश्य रूप से संचालित करती है। एआई अब केवल अनुसंधान प्रयोगशालाओं और सॉफ्टवेयर कंपनियों तक सीमित नहीं है; यह हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है। कार्यस्थलों पर स्वचालित प्रक्रियाएं, कक्षाओं में व्यक्तिगत शिक्षण उपकरण, बैंकिंग में ऋण प्रबंधन प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाओं में निदान उपकरण, कृषि में डेटा विश्लेषण आधारित निर्णय–हर क्षेत्र में एआई की भूमिका बढ़ रही है 7 एआई केवल मनोरंजन, साहित्य और सोशल मीडिया को प्रभावित नहीं कर रहा, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक विमर्श को भी नया आकार दे रहा है। इस संदर्भ में, एआई साक्षरता का मतलब केवल तकनीक को समझना नहीं है, बल्कि यह जानना भी है कि यह हमारे जीवन को कैसे प्रभावित करती है और हम इसका उपयोग अपने लाभ के लिए कैसे कर सकते हैं? एआई साक्षरता के बढ़ने से एक शिक्षक एआई का उपयोग छात्रों के लिए व्यक्तिगत शिक्षण योजनाएं बनाने में कर सकता है, जबकि एक किसान मौसम और मिट्टी के डेटा के आधार पर फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए एआई का लाभ उठा सकता है। भविष्य में बैंक या ऋण देने वाली संस्थाएं ऋण स्वीकृति के लिए आवेदनों के मूल्यांकन में एआई का उपयोग करेंगे ऐसे में उपभोक्ताओं में इस निर्णय की आलोचना,व्याख्या व समीक्षा कर सकने की जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता होगी। भविष्य में एआई का उपयोग स्वास्थ सेवाओं या यातायात व्यवधान से निपटने में भी किया जा सकता है। और सबसे बड़ी बात एआई का उपयोग राजनीतिज्ञों द्वारा विरोधी के खिलाफ दुष्प्रचार करने व जनमत को प्रभावित करने में भी किया जा सकता है अथवा असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाने में भी। इसीलिये आवश्यक है कि एआई को सभी के लिए सुलभ बनाया जाय, न कि केवल तकनीकी विशेषज्ञों के लिए।

1990 के दशक में भारत सरकार ने कंप्यूटेशनल थिंकिंग को बढ़ावा देना शुरू किया, जिसे गणित और साक्षरता के समान महत्वपूर्ण माना गया। इस पहल के कारण आईटी सेक्टर में भारत का वर्चस्व स्थापित हुआ। पिछले कुछ दशकों में, भारत ने वैश्विक स्तर पर बैक-ऑफिस संचालन, आईटी परामर्श, और व्यावसायिक आउटसोर्सिंग में अपनी पहचान बनाई है। इसने हमें एक सॉफ्टवेयर सेवा केंद्र के रूप में स्थापित



किया, जिससे आर्थिक लाभ तो हुआ, लेकिन नवाचार और शोध की क्षमता सीमित रही। सॉफ्टवेयर क्रांति में, भारत ने मुख्य रूप से श्रम प्रदान किया, जबकि बौद्धिक पूंजी और उत्पाद विकास पश्चिमी देशों के हाथों में रहा। अब, एआई क्रांति एक नया अवसर प्रस्तुत करती है। यह वह क्षण है जब भारत केवल एक सेवा प्रदाता से आगे बढ़कर एक वैश्विक नवोन्मेषक बन सकता है।


एआई साक्षरता को भारत में एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। इसके लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। हमारे देश में किसानों के लिए एआई-आधारित समाधान विकसित किये जा रहे हैं, जैसे कीटों का पता लगाना और फसल प्रबंधन में सुधार। भारत सरकार ने मार्च 2025 तक 'इंडिया एआई मिशन' को और मजबूत किया है, जिसमें 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्तावित है। इसके तहत एआई इनोवेशन हब्स, डेटा सेंटर्स और स्वदेशी एआई टूल्स विकसित करने पर काम चल रहा है। वर्ष 2025-26 बजट में भारत सरकार ने रू. 22,500 करोड़ का प्रावधान एआई विकास, शिक्षा हेतु एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने , डीप टेक फंड, और स्किलिंग सेंटर स्थापित करने हेतु किया है, ताकि भारत वैश्विक एआई हब बने। केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय सहयोग हासिल करने की दिशा में भी प्रयासरत है। भारत ने जी7, जी20 और अन्य मंचों पर एआई के नैतिक उपयोग पर चर्चा में भाग लिया है और वैश्विक एआई पार्टनरशिप में शामिल हुआ है। साथ ही, अमेरिका, जापान और यूरोपीय देशों के साथ एआई अनुसंधान में सहयोग बढ़ाया जा रहा है।

इन प्रयासों के बावजूद, चुनौतियाँ जैसे डेटा गोपनीयता, बुनियादी ढांचे की कमी और कुशल प्रतिभा की आवश्यकता बनी हुई हैं। भारत में डिजिटल विभाजन एक बड़ी बाधा है–ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और तकनीकी संसाधनों तक पहुंच सीमित है। इसके अलावा, शिक्षा प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है ताकि शिक्षक स्वयं एआई साक्षर बन सकें और इसे छात्रों तक पहुंचा सकें। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार और निजी क्षेत्र को मिलकर काम करना होगा। उदाहरण के लिए, सस्ते डेटा प्लान और डिजिटल डिवाइस उपलब्ध कराने के साथ-साथ शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं।

भारत सरकार के बजट 2024-25 और 2025-26 में एआई के लिए उठाए गए कदम सही दिशा में हैं। हालांकि, ये कदम वैश्विक नेतृत्व हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। बदलते वैश्विक परिदृश्य में अमेरिका और चीन जैसे देशों से मुकाबला करने के लिए भारत को निवेश को कई गुना बढ़ाने, बुनियादी ढांचे में सुधार करने, और निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। साथ ही, नीतिगत ढांचे को तेजी से लागू करना होगा ताकि एआई का लाभ समावेशी और सुरक्षित तरीके से समाज तक पहुंचे। वर्तमान कदम एक शुरुआत हैं, लेकिन वैश्विक दौड़ में आगे बढ़ने के लिए और अधिक आक्रामक रणनीति अपनानी होगी।

एआई साक्षरता कोई वैकल्पिक कौशल नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की कुंजी है। अगर हम अभी कदम उठाते हैं, तो भारत न केवल एआई क्रांति में भाग लेगा, बल्कि इसका नेतृत्व भी करेगा। इससे रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। जैसा कि गांधीजी कहते थे, यह तकनीक मानव श्रम और समय की बचत में सहायक होगी तथा अधिक से अधिक जानकारियाँ सुलभ कराएगी। अधिक जानकारियाँ और सूचनाएं हमें सत्य के निकट ले जाने में सहायक होंगी । सवाल यह नहीं है कि क्या एआई भारत को नया आकार देगा–सवाल यह है कि क्या हम इस परिवर्तन का नेतृत्व करेंगे, या फिर पीछे छूट जाएंगे? यह एक ऐसा अवसर है, जिसे भारत को किसी भी कीमत पर नहीं खोना चाहिए।

आज का कार्टून



राशिफल

मेष

आज चीजें आपके पक्ष में होने की संभावना है। आज शाम आप कोई नया प्रोजेक्ट हाथ में ले सकते हैं। स्वास्थ्य कार्ड आज सकारात्मक संकेत दे रहे हैं।

वृषभ

आपने देखा होगा कि एक-दो दिन से आपके जीवन में शांतिपूर्ण घटनाएँ घट रही हैं। स्वास्थ्य कार्ड आपके पक्ष में रहने की संभावना है।

मिथुन

आर्थिक रूप से, कोई नया प्रोजेक्ट आपको कुछ अच्छा मुनाफ़ा देगा। रिश्तेदार के साथ समझौता करने से बचें, क्योंकि धोखा मिलने की संभावना है।

कर्क

अगर आपको लगता है कि समस्या बनी हुई है,तो एकमात्र विकल्प शांत और धैर्य रखना है क्योंकि समय सब कुछ ठीक कर देता है।

सिंह

आज कानूनी मुकदमे आपके पक्ष में नहीं हो सकते हैं। काम पर अच्छा दिन नहीं है। आज किसी समझौते में प्रवेश करने से बचें ।

कन्या

आज शाम को कपल्स कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी से आपको अच्छी खबर मिल सकती है। पेशेवर जीवन स्थिर रहेगा।

तुला

छात्रों को अपने शिक्षाविदों में उत्कृष्टता प्राप्त करने की संभावना है। पेशेवर जीवन में आपको अगले स्तर पर पदोन्नत किए जाने की संभावना है।

वृश्चिक

किसी पुराने दोस्त से मुलाक़ात होने का अनुमान है। यह पुराना मित्र आपको सुखद समाचार देकर आश्चर्यचकित कर सकता है।

धनु

युवा आज आपको अपने आदर्श के रूप में देख सकते हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से स्थितियाँ आपके पक्ष में होने की संभावना है। आज कार्यक्षेत्र में आपकी कड़ी मेहनत रंग ला सकती है।

मकर

आज आपको कुछ स्वास्थ्य समस्याओं से निपटना पड़ सकता है। आर्थिक रूप से, कोई रिश्तेदार मदद के लिए हाथ बढ़ा सकता है। आपके प्रेम जीवन में मजबूती आएगी।

कुंभ

आज का दिन अपने दोस्तों और परिवार के साथ कुछ अच्छा समय बिताने के लिए अच्छा है। आज आपको आर्थिक संकट से जूझना पड़ सकता है।

मीन

आपके अच्छे काम आज आपको कुछ सुखद पुरस्कारों से आश्चर्यचकित करेंगे। व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में मजबूती आएगी।

विशेष विकास शिविर की डीएम ने की समीक्षा

वासगीत पर्चा के 3424 प्राप्त आवेदनों में 89 आवेदनों के निष्पादन पर सभी सीओ को दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा जिला के सभी प्रखंडों के पंचायतों मे डा. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत लगाये जा रहे विशेष विकास शिविर को लेकर सभी संबंधित 22 विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों के पदाधिकारियों को शिविर एवं शिविर से पूर्व प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के धीमी गति के प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए शत-प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। सभी विभागों के



पदाधिकारियों को अपने विभाग अंतर्गत योजनाओं में प्राप्त हो रहे आवेदनों के प्रत्येक दिन समीक्षा करने का निर्देश दिया। शिविर में शिक्षकों के भाग नहीं लेने पर जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को आदेश निकालकर शिविर एवं शिविर से पूर्व दलित-महादलित टोलों में शिक्षकों-टोला सेवकों के जाने का निर्देश दिया ताकि दलित-महादलित टोलों के बच्चों को नामांकन, शिक्षण कार्य में हो रहे परेशानियों को दूर किया जा सकें। इसके लिए सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को प्रत्येक दिन समीक्षा करने का भी निर्देश दिया गया। तथा इस कार्य में कोताही बरतने वाले पर कार्रवाई करने की भी बात कहीं गई। डीएम ने शिविर में प्रतिनियुक्त किये गये शिविर प्रभारी के नहीं पहुंचने एवं शिविर समाप्त होने से पूर्व शिविर से चले जाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सभी पदाधिकारियों को इसका जाँच करने का निर्देश दिया। बसगीत भूमि पर्चा की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने 3424 प्राप्त आवेदनों में 89 आवेदनों के निष्पादन पर अपर समाहर्ता को सभी अंचल अधिकारी के साथ बैठक कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का मना स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरौनी। बरौनी प्रखंड के देवना चौक स्थित राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक), के जिला (इंटक) अध्यक्ष चुनचुन राय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। विदित हो कि राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) की स्थापना 3 मई 1947 को हुआ था। इसके प्रथम अध्यक्ष आचार्य जेबी .पलानी थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह बेगूसराय जिला इंटक अध्यक्ष चुनचुन राय ने कहा कि इंटक सदैव देश के संगठित-असंगठित क्षेत्र के मेहनतकश कामगार साथियों के हक-अधिकार एवं उनके जीवन के बेहतरी के लिये संघर्ष किया है। आगे भी देश के किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान साथियों के बेहतरी को लेकर संघर्षरत रहने का काम करती रहेगी। श्री राय ने आगे कहा कि आज देश में कार्पोरेट सेक्टर परस्त मोदी सरकार लगातार देश के किसानों, मजदूरों, छात्र-नौजवानों के हक-अधिकार को छीनने का कुंठित प्रयास कर रही है। जो अतिदुखद एवं निंदनीय है।आज देश और बिहार में आशा वर्कर्स,आंगनबाड़ी वर्कर्स, ट्रक-टैंकर-बस चालकों-उपचालकों, निर्माण मजदूरों सहित अन्य श्रमिकों का लगातार दोहन-शोषण सरकार के श्रमिक विरोधी नीतियों के कारण किया जा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार और बिहार की नीतिश सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है। कार्यक्रम में श्री राय के अतिरिक्त अशोक शर्मा, मो जमाल खान, संतोष कुमार, मो फिरोज, मो मोती, मनोहर सिंह, मो शरीफ सहित अनेकों श्रमिक साथी उपस्थित थे।

एक नजर

मुखिया के निधन से शोक

शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड के बेला गांव निवासी रहियार उत्तर पंचायत मुखिया गजेंद्र प्रसाद सिंह के निधन होने से पंचायत से लेकर प्रखंड छेत्र में शोक की लहर दौर गई। ग्रामीणों ने बताया कि वह लगभग 65 वर्ष थे उनके दो पुत्र एवं तीन पुत्री है। निधन की जानकारी मिलते बीडीओ आलोक कुमार सिंह बीपीआरओ राजू कुमार सहित सभी मुखिया उनके गांव पहुंच पीड़ित परिवार को सांत्वना दिलाते हुए शोक व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत मुखिया गजेंद्र प्रसाद सिंह पिछले कई महीनो से बीमार चल रहे थे।जिनका इलाज चल रहा था। अचानक शुक्रवार रात उनका निधन हो गया। मौके पर बीडीओ आलोक कुमार सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष रामचंद्र सिंह,मुखिया असर्फी सहनी, नटवर राय, संजीव पासवान, सुनैना देवी, रेखा देवी, विनोद पासवान आदि मौजूद थे।

जनता दरबार में पांच मामले निष्पादित

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए जमीनी विवाद को निपटारे को लेकर वीरपुर थाना स्थित प्रतीक्षालय भवन में पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को अंचल के राजस्व कर्मचारी राधेश्याम कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पूर्व का ग्यारह मामलों की सुनवाई की गई जिसमें पांच मामलों को आपसी समझौता के आधार पर निष्पादित किया गया। वही नया एक भी आवेदन नहीं आया। मौके पर अंचल के कर्मी पुंजेश कुमार, थाना के पदाधिकारी समेत कई अन्य फरियादी मौजूद थे।

जनता दरबार में सुनी गई समस्याएं

नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अंचल क्षेत्र में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को थाने में आयोजित जनता दरबार में चार पुराने मामले को निष्पादित किये गये। साथ ही दो नया भूमि विवाद का मामला सुनवाई के लिए दर्ज किया गया। दर्ज मामला महेशवाड़ा के संजीव कुमार महाराज व कैलाश तांती तथा पहसारा के योगेन्द्र सहनी व चंदन सहनी की विवादित भूमि का है। वहीं चार मामले निष्पादित किये गये। जनता दरबार में कुल 12 मामले लंबित है। मौके पर सीओ सूरज कुमार, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, एसआई मनोज प्रसाद, अंचल कर्मी अमरजीत कुमार व फरियादी आदि मौजूद थे।

मामला निष्पादित

बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बरौनी थाना में जनता दरबार लगाया गया अंचलाधिकारी के नेतृत्व में राजस्व अधिकारी नितिन कुमार बताया कि एक मामला सही कागजात पेपर को देखते हुए निष्पादित किया गया तीन नए आवेदन प्राप्त हुआ बरौनी थाना अध्यक्ष रंजन कुमार ठाकुर, राजस्व कर्मचारी, देवेंद्र कुमार सहायक थानाध्यक्ष चंद्रकांत कुमार, एसआई आलोक, एसआई साक्षी, राकेश कुमार मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

बहू ने दर्ज कराई प्राथमिकी

वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। थाना क्षेत्र के मुजफ्फरा वार्ड संख्या 10 निवासी नेहा कुमारी ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ भेदभाव को लेकर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने बताया है कि उनकी शादी थाना क्षेत्र के मुजफ्फरा निवासी सूर्य नारायण चौधरी के पुत्र बमबम चौधरी के साथ 2018 मे हुई थी। 2023 तक सब कुछ ठीक ठाक रहा। 2024 में उसने लड़की को जन्म दिया। पुत्री के जन्म देने के कारण ससुराल के लोग उसे प्रताड़ित करने लगे। प्रताड़ना से परेशान होकर वह मायके चली गई। इस दौरान उनके पति ने उन्हें कोई खर्च नहीं दिया। शुक्रवार को जब वह अपने पिता, भाई और बहन के साथ मुजफ्फरा अपने घर आई तो पता चला कि उसके पति बमबम चौधरी ने 2 और शादी कर ली है। अपने घर आने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उनके पिता, भाई, बहन और अन्य परिजनों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगे और घर से निकाल दिया। शादी में दिए गए डेढ़ लाख रुपए, 2 भर सोना, 10 भर चांदी व अन्य घरेलू सामान लौटाने से भी वे लोग इन्कार कर गए। इस दौरान वे उनकी पुत्री को भी छीनने का प्रयास कर रहे थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जांच की जा रही है।

जातीय जनगणना से लोगों को होगा लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के द्वारा पिछले कई वर्षों से जातीय जनगणना की मांग की जा रही थी। आज जब देश में जाति आधारित जनगणना कराने को केन्द्र सरकार की स्वीकृति मिल चुकी है तो यह हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष व युवा दिलो की धडकन चिराग जी और लोजपा रा की जीत है। लोजपा रा के जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार सिंह उर्फ हीरा सिंह ने शुक्रवार को संवाददाताओं से उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए खुशी का दिन है। बताते चलें कि केन्द्र सरकार ने बिहार में संपन्न जाति आधारित जनगणना से प्रेरित हो कर इसे पूरे देश में लागू करने का निर्णय लिया है। इस उपलक्ष्य में



लोजपा रा जिलाध्यक्ष श्री सिंह की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि सरकार के इस फैसले से नीतियों को अधिक न्यायसंगत बनाने में मदद मिलेगी। इससे वंचित तबको को सशक्त करने की दिशा में ठोस जानकारी और आधार मिलेगा। साथ ही वंचित शोषित व उपेक्षित वर्ग को समुचित न्याय मिल सकेगा। इस दौरान सांसद शांभवी चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम देश के समावेशी विकास की दिशा में एक बड़ा बदलाव लाएगा। जिससे देश विकास की दिशा में एक नया प्रतिमान गढेगा। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार ठाकुर ने इसे ऐतिहासिक एवं भाजपा के सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत के अनुरूप महत्वपूर्ण कदम बताया।

अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् में केन्द्रीय कोषाध्यक्ष बने प्रेम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

समस्तीपुर। अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् में केन्द्रीय कोषाध्यक्ष पद पर प्रवीण कुमार झा, परिषद् की ईकाई मिथिला बाल परिषद् के संयोजक पद पर ईश्वर चंद्र विद्यासागर, उद्योग मिथिला के अध्यक्ष पद पर विजय मिश्रा तथा परिषद् की राजनीतिक ईकाई आदर्श मिथिला पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर ई सुरेश्वर पोद्दार का मनोनयन किया गया। पिछले दिनों जयनगर में संपन्न परिषद् के कार्यकारिणी की बैठक में परिषद् के खाली पड़े पदों पर मनोनयन किया गया था। जिसमें समस्तीपुर से चार मिथिला सेवियों को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। नयी जिम्मेदारी के लिए परिषद् के संस्थापक अध्यक्ष डॉ धनाकर ठाकुर, केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक अविचल, नेपाल ईकाई के



अध्यक्ष डॉ राम रीझन यादव, केन्द्रीय महासचिव नारायण यादव, मिथिला विद्यार्थी परिषद् की संयोजक डॉ ममता झा, मिथिला दलित मंच के संयोजक सुरेश पासवान, मिथिला मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ राहत हुसैन, मिथिला साहित्यकार परिषद् के डॉ रविन्द्र नारायण चौधरी, आदर्श मिथिला पार्टी के पूर्व अध्यक्ष डॉ परमानन्द लाभ, आदर्श मिथिला पार्टी के मिथिला क्षेत्र के अध्यक्ष उमेश भारती, आदर्श मिथिला पार्टी के प्रेमजीत झा, अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली परिषद् के डॉ हीरा नंद झा, प्रो प्रमोद कुमार चौधरी, सुशांत चन्द्र मिश्र आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनायें दी है।

सावित्री बनी मध्य विद्यालय की प्रधानमंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। एपीएस मध्य विद्यालय नावकोठी में शनिवार को बाल संसद का गठन किया गया। प्रधानाध्यापक राजेश की अध्यक्षता में बच्चों की आम सभा हुई। सर्वसम्मति से सावित्री कुमारी का चयन प्रधानमंत्री के पद पर किया गया। वहीं उपप्रधानमंत्री लक्ष्य राज चुने गये। हिमांशु कुमार शिक्षा मंत्री चुने गये वहीं उप-शिक्षा मंत्री के पद पर अवनी चौधरी का चयन किया गया। संनु कुमारी खेल मंत्री बने, वहीं उप खेल मंत्री के पद पर उत्सव राज बनाये गये। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री के पद पर आशुतोष कुमार का चयन किया गया तथा उप स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री के पद पर मीनाक्षी जायसवाल का चयन किया गया। पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री के पद पर पलक कुमारी तथा उप पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री नीरज कुमार का चयन किया गया। बागवानी एवं सफाई मंत्री वसंत कुमार तथा उप बागवानी एवं सफाई मंत्री मीठी कुमारी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने चयनित सभी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

अलग-अलग घटनाओं में तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस तीनों मामलों में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज कर पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। पहली घटना लोहिया नगर थाना क्षेत्र में एसएच 55 पर हुई। जहां अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दिया। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरदिया वार्ड नंबर 11 निवासी मोहम्मद जाबिर के 32 वर्षीय पुत्र फिरदौस के रूप में की गई है। बताया जा रहा है फिरदौस की चचेरी बहन का शनिवार को निकाह होना था। शुक्रवार की रात घर में समाप्त होने के बाद वह अपने मामा अफरोज के साथ खाना पहुंचाने ई रिक्शा से ननिहाल बेगूसराय मुगेरीगंज आ रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन ने ई रिक्शा में ठोकर मार दी जिससे ई रिक्शा पलट गई और उसमें दबकर फिरदौस की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र के बनबारीपुर मननपुर गांव की है। जहां की एक महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान स्थानीय निवासी स्वर्गीय जनार्दन शर्मा की 70 वर्षीय पत्नी मनोरमा देवी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के छोटे पुत्र लालू कुमार शर्मा ने बताया कि हम चार भाई हैं, बड़ा भाई और मंझला भाई एक साथ तथा संझला और छोटा भाई एक साथ रहते हैं। रात में मम्मी मेरे यहां खाना खाकर सोने चली गई, इसी दौरान उल्टी हुआ और थोड़ी देर बाद ही हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई। लेकिन मंझले भाई ने थाना में आवेदन देकर जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। जिसके कारण शव का पोस्टमार्टम करवा रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। तीसरी घटना डंडारी थाना क्षेत्र के तेतरी गांव की है जहां 50 वर्षीय बलराम तांती की मौत तार के पेड़ से गिरने से हो गई। बताया जाता है कि बलराम तांती तार के पेड़ पर जलावन तोड़ने के लिए चढ़ा था लेकिन वह पेड़ पर से नीचे गिर गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

महाराणा प्रताप, भामाशाह सम्मेलन को लेकर मंत्री ने चलाया जनसंपर्क अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बाढ़। बाढ़ के डाकबंगला परिसर में पहुंचकर लोक स्वास्थ्य एवं अभियंत्रण मंत्री नीरज सिंह बबलू ने स्थानीय लोगों को राणा प्रताप भामा शाह सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर उन्होंने बाढ़ के कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पटना पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर वह राष्ट्रीय जनता दल एवं कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना पर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस क्रेडिट लेने के लिए कुछ भी बोल रहे हैं। पिछले 70 सालों से केंद्र में इनकी सरकार रही, बिहार में लालू की सरकार रही, तब यह जातीय जनगणना नहीं कराया। उन्होंने कहा कि हमलोग काम करने के लिए जाने जाते हैं। मंत्री नीरज सिंह 'बबलू' ने बाढ़ सभा क्षेत्र के रामनगर दियारा, करजान, शहरी, राणाबीघा, बिहारी बीघा, लक्ष्मीपुर गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर मंत्री को पुष्पगुच्छ तथा तलवार भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सियाराम सिंह, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, भाजपा के युवा नेता संतोष सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंत्री ने अपने अभियान की शुरुआत बख्तियारपुर के नरौली गांव से की जहां पर भाजपा नेता राजेश सिंह उर्फ ललन सिंह ने उनका स्वागत किया।

वक्फ कानून के विरोध में प्रदर्शन

बेगूसराय। शनिवार को वक्फ कानून के विरोध में हजारों मुसलमानों के साथ साथ राजनीतिक दल के लोग ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में जुटी हजारों की भीड़ के कारण हर हर महादेव चौक एनएच 31 से लेकर पूरा शहर अस्त व्यस्त पर रहा। हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के युवाओं और बुजुर्गों के हाथों में तिरंगा झंडा, वक्फ कानून को रद्द करने मांग, संविधान न बदलने की मांग और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर नारेबाजी किया जाता रहा है। इस दौरान प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वक्फ संपत्ति हमारे पूर्वजों की संपत्ति है। केंद्र सरकार के द्वारा वक्फ कानून लाकर हमारे पूर्वजों की संपत्ति को हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। यह विरोध मार्च हर महादेव चौक एनएच 31 से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए डीएम आफिस होते हुए गुजरा। इस विरोध प्रदर्शन में सीपीआई, राजद का झंडा लेकर भी प्रदर्शनकारी अपनी मांग को लेकर सड़क पर उतरे हुए हैं। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि केंद्र सरकार साजिश के तहत वक्फ बिल कानून लाया है जिसे संविधान में धार्मिक आजादी मिली थी।

एपीएसएम में एनसीसी कैडेट्स सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बरौनी। ओटीसी बरौनी 9 बिहार बटालियन एनसीसी के अंतर्गत 21अप्रैल से चल रहे एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर, 30 अप्रैल 2025 को संपन्न हुआ। 10 दिवसीय शिविर में कैडेट्स ने सैन्य जीवन की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण शिविर में अयोध्या प्रसाद सिंह स्मारक महाविद्यालय, बरौनी, के 35 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। जिसमें 13 गर्ल्स कैडेट एवं 22 बयज शामिल हुए एवं अपने उत्तम प्रतिभा को भी दर्शाया जिसमें इस महाविद्यालय के 17 कैडेट्स को रैंक देकर सम्मानित किया गया। एक एस यू ओ के लिए रोशन कुमार, तीन- यू ओ (रोशन, रीना हिमांशु), एक- सीएचएम के लिए हिमांशु, 4 - एस जी टी के लिए (नीतीश, मनीषा, तनुजा, सनी), 5-



सीपीएल केलिए(आमोद, रोशन, स्वीटी, निशिकांत, प्रशांत), दो-एलसीपीएल के लिए (पायल, हर्ष) को रैंक प्रदान किया गया, साथ ही कुछ कैडेट्स को बेस्ट कैडेट्स के रूप में भी सम्मानित किया गया, इनमें से दो कैडेट्स (प्रियांशु राज एवं केशव कुमार) का चयन आई डी एस एस सी के लिए भी किया गया। इस संदर्भ में शनिवार को अयोध्या प्रसाद सिंह स्मारक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय, प्रोफेसर मुकेश कुमार सर के द्वारा कैडेटस को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के लिए रैंक समारोह का आयोजन किया गया। तथा, प्रोफेसर मुकेश कुमार सर के द्वारा यह भी बताया गया कि किस प्रकार एन सी सी युवाओं को जिम्मेदार बनाता है तथा समाज के लिए कि यह किस प्रकार प्रेरणादायक है। इस आयोजन में इस महाविद्यालय के कई विभागाध्यक्ष, एवं, एनसीसी सीटीओ आदि मौजूद थे।

ट्रक से कुचलकर युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। नगर थाना क्षेत्र के सुभाष चौक के समीप शुक्रवार की देर शाम एनएच -31 फोरलेन पर ट्रक से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गढ़पुरा थाना क्षेत्र के कुमहारसों निवासी श्री सिंह के 42 वर्षीय पुत्र रामरतन सिंह के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रामरतन परिवार के साथ अपने भतीजा सौरभ कुमार सिंह का जनेऊ संस्कार करने टेंपो से अशोक धाम गए थे। वहां से लौटने के दौरान बेगूसराय में हर-हर महादेव चौक से आगे बढ़ते ही पीछे से आ रहे ट्रक ने टेंपो में साइड से टक्कर मार दिया। इसके बाद टेंपो चालक ने खदेड़ कर निर्माणाधीन फ्लाई ओवर के पिलर नंबर-62 के पास ट्रक रोका तथा राम रतन अटो से उतरकर ट्रक ड्राइवर को रोककर जुर्माना देने की बात कह रहे थे। लेकिन ट्रक ड्राइवर जुर्माना देने के बदले रामरतन के शरीर पर ट्रक चढ़ाते हुए फरार हो गया। जिससे राम रतन की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आसपास के लोगों ने खदेड़ा तो ड्राइवर ट्रक साइड में लगाकर फरार हो गया। मृतक के भतीजे सौरभ कुमार ने बताया कि मेरे पिताजी संजय सिंह की 15-16 साल पहले मौत हो गई थी। चाचा राम रतन ने ही पालन-पोषण किया। चाचा सपरिवार मेरा जनेऊ करने अशोक धाम गए थे। खुशी का माहौल था, लेकिन तेज गति से आ रहे ट्रक ने पहले तो ऑटो में धक्का मारा, फिर चाचा को कुचल दिया जिससे चाचा जी की मौत घटनास्थल पड़ी हो गई। इधर हादसा की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। जानकारी मिलते ही सदर-वन डीएसपी सुबोध कुमार एवं नगर थानाध्यक्ष अरूण कुमार मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर करीब 1 घंटे बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना के बाबत सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि मृतक अपने परिजनों के साथ अशोक धाम से अपने भतीजे का जनेऊ संस्कार करवा कर लौट रहे थे तभी विपरीत दिशा से आ रही ट्रक जो इनके टेंपो में धक्का मारा।

हैजर्ड हंट से संबंधित बच्चों को दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। सुरक्षित शनिवार को बच्चों को आपदा से संबंधित तथ्यों की जानकारी दी गयी। इसके तहत फोकल शिक्षकों में राम बहादुर यादव, शैलेश कुमार सुधाकर, सत्येन्द्र कुमार, प्रदोष कुमार, सच्चिदानंद ठाकुर, शकील अहमद बेग, अवनेश पाण्डेय,हरे राम रजक आदि ने बच्चों को स्कूलों में होने वाले संभावित खतरों की जानकारी दी। साथ ही उससे निपटने के गुर भी सिखाए। इन शिक्षकों ने बताया कि संभावित खतरों को ढूंढना,पता लगाना ही हजर्ड हंट कहलाता है। इसका अर्थ है कि किसी क्षेत्र में संभावित खतरों को ढूंढना और उसके बारे में पता लगाना। यह आमतौर पर एक जागरूकता अभियान के रूप में होता है। जिसमें लोग अपने कार्य क्षेत्र में खतरों की पहचान करते हैं। प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने चेतना सत्र के दौरान बच्चों को बताया कि हैजर्ड हंट किसी नुकसान पहुंचाने वाली वस्तुएं, खतरनाक चीजों या कोई ऐसी प्रक्रिया जो दुर्घटना या चोट का कारण बन सकती है। इसकी खोज करना तथा उसकी रिपोर्टिंग है। उन्होंने कहा कि यह एक प्रक्रिया है। जिसमें लोगों को खतरों की पहचान करनी है। संभावित खतरों की पहचान करने के लिए एक खतरा खोज अभियान आयोजित किया जा सकता है। साथ ही खतरनाक पदार्थों का पता लगाना और उन्हें सही ढंग से लेबल करना, असुरक्षित प्रक्रियाओं या उपकरणों की पहचान करना है।

खेलो इंडिया यूथ गेम का आगाज आज

देश भर से आये कुल 16 टीमों के खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेगूसराय। खेलो इंडिया यूथ गेम का आगाज रविवार को किया जा रहा है जिसमें बेगूसराय जिला फुटबल मैच की मेजबानी के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुका है। पहली बार बिहार खेलो इंडिया यूथ गेम में मेहमान नहीं मेजबान की तरह शामिल होगा। जिला प्रशासन द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मुख्यालय से यमुना भगत स्टेडियम तेघरा एवं रिफाइनरी बरौनी स्टेडियम बेगूसराय तक व्यापक रूप से हडिंग, फलैक्स, बैनर वल पेंटिंग, रास्तों पर पेंटिंग प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पूरे जिले में खेलो इंडिया यूथ गेम का प्रचार रथ जिला प्रशासन द्वारा धूमाया जा रहा है। पूरा जिला फुटबल खेल मे रंग गया है। युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने और भारत में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित यह खेल प्रतियोगिता इस बार और भी भव्य रूप में प्रदर्शित हो रहा है। खेल प्रेमियों और युवाओं के लिए यह एक सुनहरा अवसर होगा, जब वे देश के भविष्य के सितारों को मैदान पर चमकते हुए देख पाएंगे। बेगूसराय जिला में फुटबल मैच आयोजन 5 मई से शुरू होकर अगले 15 मई तक जारी रहेगा। जिसमें देश भर से आये कुल 16 टीमें के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा दिखायेंगे, और चौंम्पियन बनने के लिए जी-जान लगायेंगे। जिला प्रशासन द्वारा दोनों मैदानों में खेल प्रेमियों को मैच देखने के लिए बैठने की अलग व्यवस्था की गई है। जहाँ बैठकर खिलाड़ी खेल का आनंद उठायेंगे एवं खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ायेंगे। जिला प्रशासन ने दर्शकों के लिए प्रवेश बिल्कुल निःशुल्क रखा है।मैच का शैड्यूल भी जारी कर दिया गया है। पहला मुकाबला सोमवार को यमुना भगत खेल स्टेडियम में सुबह सात बजे से शुरू होगा। जहां झारखंड की महिला टीम राजस्थान से भिड़ेगी।

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इवीएम व वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत इलेक्ट्रॉनिक मतदान यंत्र (ईवीएम) व वीवीपैट (वोटर वेरीफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) 2 मई से शुरू हो चुकी है, जो 24 मई तक चलेगी। यह जांच समाहरणालय परिसर स्थित वीवीपैट गोदाम के एफएलसी कक्ष में की जा रही है। इसकी जानकारी उप निर्वाचन पदाधिकारी सरफराज नवाज ने दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गठित 17 अभियंताओं की टीम यह जांच कार्य कर रही है, जो सामान्य कार्यदिवसों के साथ-साथ अवकाश के दिनों में भी प्रातः 9 बजे से संध्या 7 बजे तक चलेगा। जिले में जांच के लिए उपलब्ध यंत्रों की संख्या इस प्रकार है: बैलेट यूनिट (ईवीएम): 7209, कंट्रोल यूनिट: 5613, वीवीपैट मशीन: 6058। एफएलसी का उद्देश्य है कि निर्वाचन में उपयोग किए जाने वाले मतदान यंत्रों का निर्माणकर्ता कंपनी के अधिकृत अभियंताओं द्वारा गहन परीक्षण व जांच की जाए। यह कार्य जिला निर्वाचन पदाधिकारी के पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। जो यंत्र जांच में 'उत्तीर्ण' (एफएलसी ओके) पाए जाते हैं, उन्हीं का चुनाव में प्रयोग किया जाएगा। जो असफल (एफएलसी रिजेक्टेड) पाए जाते हैं, उन्हें सात दिनों के भीतर निर्माता कंपनी को वापस भेजा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिले में उपयोग हो रहे सभी ईवीएम व वीवीपैट 'ईसीआईएल' कंपनी द्वारा निर्मित एम3 मॉडल के हैं।

एफएलसी स्थल पर सख्त दिशा-निर्देश लागू:

एफएलसी कक्ष में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। बिना परिचय पत्र के प्रवेश नहीं मिलेगा। परिसर में धूम्रपान, गुटखा, पान मसाला, नशीले पदार्थ, सेलफोन, कैमरा और ज्वलनशील वस्तुएं लाना पूर्णतः निषिद्ध है। परिसर की स्वच्छता बनाए रखना अनिवार्य है। कूड़ादान का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाएगा। एफएलसी की समस्त प्रक्रिया इंटरनेट प्रोटोकॉल आधारित सीसीटीवी कैमरे से लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से रिकॉर्ड की जा रही है। एफएलसी के उपरांत जांच में उत्तीर्ण मशीनों की सूची 'ईएमएस 2.0' पोर्टल से डाउनलोड कर सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष/सचिव या उनके प्रतिनिधियों को प्रदान की जाएगी।

शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी संबंधित थाना/ अंचल कार्यालय में शस्त्रों का करा लें भौतिक सत्यापन : जिलाधिकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मोतिहारी। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा जिला स्क्रीन कमेटी की बैठक में जिला में पंजीकृत सभी शस्त्र अनुज्ञप्ति जो पूर्वी चंपारण जिला से निर्गत एवं बाह्य पंजी में दर्ज है कि समीक्षा की गई एवं निर्देश दिया गया कि सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी 7 अप्रैल 2025 से स्वयं उपस्थित होकर अपने शस्त्र तथा कारतूस का संबंधित थाना/अंचल कार्यालय में भौतिक सत्यापन करा लें। जिन शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अद्यतन नवीकरण नहीं कराया गया है उन्हें अभिलंब नवीकरण कराने का निर्देश दिया गया है। इस जिले में बाह्य शस्त्र अनुज्ञप्ति पंजी में दर्ज अनुज्ञप्ति धारी के द्वारा अपने शस्त्र का सत्यापन/अद्यतन नवीकरण नहीं कराया गया है, को अभिलंब सत्यापन/नवीकरण कराने का निर्देश दिया गया है। अन्य राज्य/ जिला के द्वारा निर्गत शस्त्र अनुज्ञप्ति के धारक के द्वारा इस जिले के बाह्य पंजी में इंद्राज नहीं कराया गया है, उनके द्वारा बाह्य शस्त्र अनुज्ञप्ति पंजी में दर्ज कराने तथा दर्ज नहीं करने की स्थिति में शस्त्र जमा कराने का निर्देश दिया गया है। अन्य राज्य से कितना शस्त्र अनुज्ञप्ति जारी है, उसका डेटा थानाध्यक्ष के द्वारा तैयार करने का निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया है।

पशुओं के खुरपका एवं मुंहपका रोग से बचाव के लिए एफएमडी राउंड-वी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



जहानाबाद। जहानाबाद जिला अंतर्गत श्री कृष्ण गौशाला प्रांगण में अनुमंडल पदाधिकारी अनिता कुमारी सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलन कर पशुओं को खुरपका एवं मुंहपका रोग से बचाव हेतु निःशुल्क टीकाकरण अभियान - एफ.एम.डी. राउंड-वी का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार द्वारा गौशाला के जीर्णोद्धार हेतु अनुमंडल पदाधिकारी से अनुरोध किया गया। केंद्र प्रायोजित इस टीकाकरण अभियान की अवधि 25 दिन निर्धारित की गई है, जिसके तहत गाय जाति एवं भैंस जाति के पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण घर-घर जाकर किया जाएगा। जहानाबाद जिले को कुल 2,10,900 खुराक टीका आवंटित की गई है, जिसमें से 10 प्रतिशत खुराक बूस्टर डोज़ के रूप में उन पशुओं को दी जाएगी, जिन्हें पहले ही प्राथमिक डोज़ दी जा चुकी है। यह बूस्टर डोज़ प्राथमिक डोज के एक माह के भीतर दी जानी है। बताया जाता है कि टीकाकरण से पशुओं की प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे खुरपका-मुंहपका जैसे संक्रामक एवं वायरस जनित रोगों से प्रभावी बचाव होता है। यह बीमारी हवा, धूल, मिट्टी एवं आहार के माध्यम से एक पशु से दूसरे में अत्यंत शीघ्रता से फैलती है। बीमारी गंभीर हो जाने पर पशुओं की मृत्यु तक हो सकती है या फिर दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट आती है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक एवं मानसिक क्षति होती है। अतः टीकाकरण ही सर्वोत्तम बचाव है। कार्यक्रम में गौशाला के कोषाध्यक्ष भोला प्रसाद, सहायक कुक्कुट पदाधिकारी डॉ. रानी कुमारी, भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार, डॉ. अरविंद कुमार, निजी वैक्सीनेटर एवं गौशाला के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

रोगी हित धारक मंच के सहयोग से हुई टीबी मरीजों की खोज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



मोतिहारी। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिले में यक्षमा मरीजों की खोज को लेकर स्क्रीनिंग एवं मेडिकल कैंप लगाया जा रहा है ताकि 2025 तक टीबी मुक्त अभियान को सफल बनाया जा सकें। जिसमें रोगीहित धारक मंच के सहयोग से पंचायती राज मेंबर सरपंच, मुखिया, आशा, और सीएचओ के द्वारा मुख्य भूमिका निभाते हुए लोगों क़ो जागरूक कर टीबी का जांच करवाया जा रहा है ताकि पंचायत क़ो टीवी मुक्त बनाया जा सके। आज आयुष्मान आरोग्य मंदिर बैद्यनाथपुर प्रखंड चिरैया,गांव आमगाछी में स्वास्थ्य विभाग एवं वर्ल्ड विजन संस्था के सहयोग से हेल्थ कैम्प का आयोजन हुआ जिसमें बीपी, शुगर, वजन और टीबी के संदिग्ध मरीजों की अल्ट्रा पोर्टेबल डिजटल एक्सरे मशीन से 110 लोगों की स्क्रीनिंग किया गया जिसमें 47 टीबी के संदिग्ध मरीज पाए गए है, वहीं जांच मे 14 टीबी पॉजिटिव मिले वहीं शुगर के 28, बीपी के 10 मरीज पाए गए। मौके पर कई लोगों क़ो शुगर, बीपी, दर्द, आई ड्राप, आयरन, कैल्शियम की दवाई वितरित की गई। लोगों क़ो घर - घर बुलाने मे पीएसपी सदस्य 'आशा गीता देवी व सरपंच नारद राय ने मुख्य भूमिका निभाई। एसटीएस अरविन्द कुमार ने बताया कि संदिग्ध रोगी पाये गये रोगी जिनका बलगम संग्रह कर नेट टेस्टिंग के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिरैया भेजा गया जहां टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर टीबी का मेडिसिन शुरू किया जायेगा। सीएचओ रानी चौरसिया ने लोगों क़ो कहा की नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर 12 तरह की जांच और 110 तरह की दवाई उपलब्ध है जिसका लाभ लोगों क़ो उठाना चाहिए। मौके पर सीएचओ रानी चौरसिया, एसटीएस अरविंद कुमार, एएनएम ऊषा देवी, वर्ल्ड विज़न से रंजन कुमार वर्मा, मिथलेश कुमार, सैफ अली, पीएसपी सदस्य सचिन कुमार मुखिया, सरपंच नारद राय, आशा गीता, शैल देवी उपस्थित थे।

बारात का इंतजार करते रह गए लोग, दहेज में गाड़ी न मिलने पर वर पक्ष ने शादी से किया इनकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



सिंहवाड़ा (दरभंगा)। सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के सढवाड़ा पंचायत अंतर्गत रसलपुर टोला में 23 अप्रैल की रात उस समय मातम पसर गया जब दुल्हन के दरवाजे बारात पहुंचने से ऐन वक्त पर इनकार कर दिया गया। वर पक्ष ने दहेज में चार चक्का वाहन की मांग पूरी न होने पर शादी से पीछे हटने का फैसला कर लिया, जिससे लड़की पक्ष के साथ-साथ पूरा गांव स्तब्ध रह गया। जानकारी के अनुसार, कलवाड़ा गांव निवासी नरेश यादव के पुत्र पंकज कुमार यादव की शादी रसलपुर की एक युवती से तय हुई थी। 10 मार्च 2025 को वर पक्ष की ओर से हिंदू रीति-रिवाज के साथ 'छेका' की रस्म निभाई गई थी और दोनों पक्षों ने रिश्तेदारों को निमंत्रण पत्र भी वितरित कर दिए थे। लड़की पक्ष ने जयमाल मंच, पंडाल, मरवा, लाइटिंग, बैंड-बाजा, भोजन और नाश्ते सहित तमाम तैयारियां पूरी कर रखी थीं। लेकिन शादी की तय तिथि 23 अप्रैल को बारात नहीं पहुंची। जब लड़की के पिता बारात का कारण पूछने वर के घर पहुंचे, तो पंकज के माता-पिता—नरेश यादव और रामा देवी—ने साफ तौर पर कहा कि जब तक उनके बेटे के नाम पर चार चक्का वाहन उनके दरवाजे नहीं पहुंचता, वे बारात लेकर नहीं आएंगे। पीड़िता ने नगर पुलिस अधीक्षक, दरभंगा को आवेदन देकर पूरे मामले की लिखित शिकायत की है। शिकायत में उल्लेख है कि लड़की पक्ष ने 15 अप्रैल को वर पक्ष को फोन पे के माध्यम से 50 हजार रुपये और इसके पहले 4 लाख रुपये समाज व अगुआओं के समक्ष नकद दिए थे। इस घटनाक्रम से न केवल लड़की पक्ष को लाखों की आर्थिक क्षति हुई है, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा को भी भारी आघात पहुंचा है। पीड़ित पक्ष ने सिमरी और सिंहवाड़ा थाने में भी आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पूरे मामले के ऑडियो और वीडियो फुटेज भी प्रमाण के रूप में मौजूद हैं।

स्वतंत्रता सेनानी साधु शरण सिंह के अंतिम संस्कार में जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जहानाबाद। जहानाबाद जिले के वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी साधु शरण सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को उनके पैतृक काको प्रखंड के टिमलपुर गांव में राजकीय सम्मान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, सदर विधायक सुदय यादव एवं घोसी विधायक रामबली सिंह यादव, अनुमंडल पदाधिकारी अनिता सिन्हा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सभी ने उनके राष्ट्र के प्रति योगदान एवं समाज के लिए किए गए सेवाभाव को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। स्वर्गीय साधु शरण सिंह के अंतिम संस्कार में टीमलपुर ग्रामवासी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों एवं युवाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि साधु शरण सिंह जी जनमानस में कितने लोकप्रिय थे। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से स्वतंत्रता सेनानी को राजकीय सम्मान प्रदान करते हुए गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान उनके ग्रामवासियों ने भी सज्जल नेत्रों से भावविह्वल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दौरान जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने जिला प्रशासन एवं समस्त नागरिक समाज की ओर से जिले के महान स्वतंत्रता सेनानी साधु शरण बाबू को शत-शत नमन करते हुए उनकी देशभक्ति, निष्ठा एवं त्याग की भावना को सदैव स्मरण रखने के संकल्प को दोहराया।

जहानाबाद डीएम ने किया सेवनन पंचायत सरकार भवन का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



जहानाबाद। जहानाबाद की जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा जहानाबाद सदर प्रखंड अंतर्गत सेवनन पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम पंचायत सरकार भवन का जायजा लिया गया, जहां आरटीपीएस. केंद्र सहित अन्य सभी सेवाओं से संबंधित कर्मी अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा खेद व्यक्त करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए एक दिन का वेतन कटौती करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पंचायत सरकार भवन परिसर में अनियंत्रित रूप से उगे पेड़-पौधों की स्थिति देख जिला पदाधिकारी ने मनरेगा योजना के तहत इनकी कटाई कराने एवं परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों को दिया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, सेवनन का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि उपस्थिति पंजी में अंतिम प्रविष्टि दिनांक 24 अप्रैल 2025 तक ही दर्ज की गई थी। इस लापरवाही के लिए जिला पदाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया वहीं सेंटर में शौचालय अत्यंत गंदा पाया गया, जिस पर खेद व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही मरीजों के लिए उपयोग में लाए जा रहे बिस्तरों पर बिछी चादरें भी अत्यंत मैली पाई गईं, जिसके लिए एमओआईसी, सेवनन से स्पष्टीकरण मांगा गया।

टीआइएस में समन्वयक व कप्तान का हुआ चुनाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



चकिया(पूर्वी चम्पारण)द्य शहर के साहेबगंज रोड स्थित ट्रांसेनडेंस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को स्कूल के समन्वयक व कप्तान समेत अन्य पदों का चुनाव किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने काफी उत्सुकता के साथ इस चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया। बच्चों ने अपने पसंदीदा उम्मीदवार के क्रम संख्या पर खुशी-खुशी मोहर लगाया। चुनाव स्कूल के पी. टी. आई. शिक्षक तनवीर हयात खान, उप प्रधानाध्यापक शेख अमानुल्लाह के साथ-साथ सभी वर्ग के शिक्षक की देख रख में कराई गई। मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक अखिलेश कुमार एवं विद्यालय प्रबंधन साएम नासिर ने कहा कि विद्यालय के माध्यम से हीं बच्चे आने वाले भविष्य में चुनावी अधिकार को सीखते हैं। टीआइएस के बच्चों के माध्यम से प्रतिवर्ष विद्यालय में संचालित कार्यक्रम की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए विभिन्न पदों पर चुनाव होता है। जिससे बच्चों में नेतृत्व की क्षमता विकसित हो सके।चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत विद्यालय प्रधानाध्यापक व विद्यालय प्रबंधन समिति की उपस्थिति में मतगणना का कार्य प्रारंभ हुआ। चुनाव परिणाम में स्कूल के समन्वयक आरजू इम्तियाज उप समन्वयक रिफत जाफरीन कप्तान अश्दुल्लाह जबकि उप कप्तान के पद पर हादीया हसन चुनी गई। वहीं विभिन्न पदों पर चुने उम्मीदवारों का शपथ ग्रहण विद्यालय के प्रार्थना सभा में कराई गई।

साइकिल चलाने से मिलेगी सरकारी नौकरी : सिद्धार्थ वर्मा

साइक्लिंग एसोसियन ऑफ़ बिहार के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ वर्मा ने सरकारी स्कूल के बच्चों को साइक्लिंग हेतु दिए टिप्स

उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेपुर के बच्चे भी भाग लेंगे साइक्लिंग प्रतियोगिता में, दिखाएंगे जलवा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेपुर में 'साइक्लिंग के क्षेत्र में भविष्य' पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि ० वक्ता के रूप में जिला साइक्लिंग संघ के सचिव व साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ़ बिहार के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ वर्मा ने छात्रों को किए प्रेरित। बैगलेस सुरक्षित शनिवार को बच्चों के खेल के प्रति रुचि में एक आयाम जोड़ा गया जिसमें साइक्लिंग के क्षेत्र में भविष्य पर छात्रों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में अभिभावक, बाल संसद, मीना मंच, यूथ और ईको क्लब के छात्रों ने सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक जटाशंकर प्रसाद, कंप्यूटर शिक्षक मुन्ना कुमार, एथलीट संदीप कुमार और बाल संसद प्रधानमंत्री अभिनंदन ने माला पहनाकर किया। यूथ क्लब के लड़कियों ने पुष्प वर्षा और चंदन लगाकर स्वागत की। प्रधानाध्यापक जटाशंकर प्रसाद ने स्वागत भाषण में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावक का स्वागत किए। मुख्य वक्ता श्री वर्मा ने 'साइक्लिंग के क्षेत्र में भविष्य'' पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि साइक्लिंग के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बहुत ही अच्छा कर रहे है। जरूरत है खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से तैयारी करने की, बाकी राष्ट्रीय स्तर कर मेडल लाने पर बिहार सरकार की योजना 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' से सरकारी नौकरी भी हासिल किया जा सकता है। साइकिल चलाना तो हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा है ,इसे सिर्फ एक जुनून के रूप में खेल के तरीके से चलाने लगे तो फिर जिंदगी संवर सकती है। साइक्लिंग के क्षेत्र में रुचि रखने वाले बच्चों को अपने खाने पीने पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है जिसमें चना, मूंग दलिया, दूध, केला खाने हेतु सलाह दिए। कार्यक्रम का सफल संचालन सातवीं की छात्रा कृतिका कुमारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कलाम हैप्पी क्लब के सदस्य अंजली कुमारी, अनामिका कुमारी , असुप्रिया, गोलू कुमार, सचिन कुमार आदि ने अहम योगदान दिए।

अनुपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मियों के एक दिन का वेतन स्थगित, स्पष्टीकरण की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मोतिहारी। पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत डॉ. अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत आयोजित विशेष विकास शिविर में अनुपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मियों यथा- डॉ0 रविरंजन कुमार, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी, चिरैया / मंजू कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका, तुरकौलिया/ किशुन दास, कनीय अभियंता, मनरेगा, केसरिया / अमित नारायण, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, केसरिया / श्रीमती कुमारी प्रितीलता, महिला पर्यवेक्षिका, कोटवा, पूर्वी चम्पारण/ गौरव कुमार, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, सुगौली, पूर्वी चम्पारण/ अनिल कुमार शर्मा, प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी, कोटवा, पूर्वी चम्पारण/आदिल अहमद, पंचायत तकनीकि सहायक, बंजरिया, पूर्वी चम्पारण / सज्जादुल हसन, कृषि समन्वयक, छौड़ादानो, पूर्वी चम्पारण / श्यामाकान्त प्रसाद, कृषि समन्वयक, ढ़ाका, पूर्वी चम्पारण / रविकान्त कुमार, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, ढ़ाका, पूर्वी चम्पारण/ संजीव कुमार पाण्डेय, प्रखण्ड परियोजना पदाधिकारी (जीविका) ढ़ाका, पूर्वी चम्पारण / ब्रजेश कुमार, कृषि समन्वयक, तुरकौलिया, पूर्वी चम्पारण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 01 (एक) दिन का वेतन स्थगित कर स्पष्टीकरण की गई है।

एक नजर

राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने निकाली आभार यात्रा

मोतिहारी। भारत सरकार द्वारा आम जनगणना के साथ जातीय जनगणना कराने के फैसले के बाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने राज्यव्यापी आभार यात्रा का आयोजन किया। मोतिहारी में जिलाध्यक्ष ई. रमेश पासवान के नेतृत्व में कर्पूरी स्मारक से गांधी चौक तक यात्रा निकाली गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए नारेबाजी की गई। जिलाध्यक्ष ई. रमेश पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में पार्टी लंबे समय से जातीय जनगणना की मांग कर रही थी। हाल ही में बाल्मीकिनगर में आयोजित चिंतन शिविर में भी यह प्रस्ताव पारित हुआ था। पार्टी नेता डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि जातीय जनगणना से सभी वर्गों की सटीक संख्या सामने आएगी, जिससे योजनाओं और आरक्षण के वितरण में पारदर्शिता आएगी। कार्यक्रम में रामपुकार सिन्हा, संत सिंह कुशवाहा, प्रो. सुरेंद्र कुशवाहा समेत अनेक नेता उपस्थित थे।

जन सुराज पार्टी का गांव-गांव अभियान

संग्रामपुर (पूर्वी चंपारण)। जन सुराज पार्टी द्वारा संगठन विस्तार को लेकर गांव-गांव अभियान चलाया जा रहा है। गोविंदगंज विधानसभा प्रत्याशी रविशंकर पांडेय के कार्यकर्ता दक्षिणी बरियारिया, मठिया और संग्रामपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने लोगों को पार्टी की विचारधारा और नीतियों की जानकारी दी और उन्हें मतदान के लिए जागरूक किया। इस अभियान में विजय पांडेय, वोटर पांडेय, शिव पासवान, संजय यादव, ननक राउत और टुनटुन राउत जैसे कार्यकर्ता शामिल रहे।

नेपाली मुद्रा के साथ तीन भारतीय गिरफ्तार

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। वीरगंज नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स ने 9 लाख 59 हजार नेपाली मुद्रा के साथ तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों बीआर 22 पी 8300 नंबर की स्कॉर्पियो से रक्सौल से वीरगंज जा रहे थे। डीएसपी देवेंद्र सिंह ने बताया कि वीरगंज वार्ड 16 स्थित कस्टम एरिया में वाहन की जांच के दौरान यह राशि बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों में बेतिया निवासी विजय प्रसाद (59), जौकटिया निवासी मनोज कुमार साहनी और छावनी चौक निवासी संतोष कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं। नकद राशि और वाहन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

आदापुर (पूर्वी चंपारण)। दरपा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गश्त के दौरान चोरी की बाइक और 13 लीटर अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों की पहचान टूनटून कुमार (पुत्र- जगदीश राय, जोलगवा) और रंजीत राम (पुत्र- रामाशीष राम, गुलरिया, सिमरौनगढ़) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उमाशंकर मांझी ने बताया कि बाइक की टंकी में शराब छुपाकर ले जाया जा रहा था। आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी

पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)। थाना क्षेत्र के राजेपुर नवादा पंचायत अंतर्गत शेखपुरवा बाजार में शनिवार सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालात में मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने सुबह 5 बजे शव देखकर पुलिस को सूचना दी। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष राजीव रंजन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर एफएसएल टीम को बुलाया गया। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष आंकी गई है, लेकिन पहचान नहीं हो पाई है। गर्मी के बावजूद मृतक ने स्वेटर और मफलर पहन रखा था, जिससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव को मोतिहारी सदर अस्पताल के शीतगृह में 72 घंटे के लिए रखा गया है। पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी की रिपोर्टों का मिलान कर रही है। क्षेत्र में घटना को लेकर दहशत और चर्चा का माहौल है।

रेलवे गुमटी के समीप अज्ञात युवक का मिला शव

मखदुमपुर (जहानाबाद)। पटना गया रेलखंड पर टेहटा थाना क्षेत्र के नंदनपुरा रेलवे गुमटी के समीप से पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान नही हो सकी है। इस बाबत टेहटा थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने सूचना दिया कि रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का शव पड़ा है। सूचना के आलोक में पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। साथ ही उन्होंने बताया कि शव देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि युवक ट्रेन से कहीं जा रहा था, इसी दौरान ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने में जुटी हुई है। वही खबर लिखने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।

शपथ पत्र

मैं, विराट कुमार, पुत्र NO15222109 W HAV (OPR) हवलदार (ऑप.) विजय कुमार सिंह, यूनिट 5 एफडी रेजिमेंट, निवासी-ग्राम बिशुन बिगहा, पोस्ट-दरियौरा, थाना-गुरुआ, जिला-गया, (बिहार)। शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे पिता के सेवा अभिलेख में मेरा नाम विराट कुमार दर्ज है, जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम विराट सिंह है। शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेज सही हैं। यदि किसी स्तर पर वे गलत या जाली पाए जाते हैं तो मैं दंड का भागीदार रहूंगा।

इस संबंध में नोटरी के समक्ष शपथ पत्र सं. 7646 दिनांक 26.04.2025 का दाखिल किया जा चुका है।

शपथकर्ता
विराट कुमार

शपथ पत्र

मैं, ज्योति देवी, पत्नी NO15222109 W HAV (OPR) हवलदार (ओपीआर) विजय कुमार सिंह, यूनिट 5 एफडी रेजिमेंट, निवासी- ग्राम-बिशुन बिगहा, पोस्ट- दरियौरा, थाना-गुरुआ, जिला-गया (बिहार), शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि मेरे पति के सेवा अभिलेख में मेरा नाम व जन्मतिथि ज्योति देवी, 09/04/1994 दर्ज है, जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम एवं जन्मतिथि ज्योति देवी, 10/10/1990 है।

शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि लिखी गई सारी बातें सही एवं सत्य है।

इस संबंध में नोटरी के समक्ष शपथ पत्र सं. 7644 दिनांक 26.04.2025 का दाखिल किया जा चुका है।

शपथकर्ता
ज्योति देवी

शपथ पत्र

मैं रिंकू पाण्डेय पति शांति भूषण पाण्डेय उम्र करीब 43 वर्ष, ग्राम-खरगपुरा, पो.-नटवार, थाना-बिक्रमगंज, जिला-रोहतास बिहार की निवासी हूं। शपथपूर्वक बयान करती हूं कि मैं भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी सं. 513908611 पर मेरा नाम उमा पाण्डेय दर्ज है। मेरे आधार कार्ड नं.-837607878920 पर मेरा नाम रिंकू पाण्डेय है। रिंकू पाण्डेय व उमा पाण्डेय दोनों ही नाम मेरा ही है। शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि लिखी गई सारी बातें सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-8024-दिनांक-26/04/2025 है।

शपथकर्ता
रिंकू पाण्डेय

शपथ पत्र

मैं, नागेन्द्रा देवी, निवासी-ग्राम पण्डे करमा, पोस्ट-सरवाक, तहसील-औरंगाबाद, जिला-औरंगाबाद, राज्य-बिहार (पिनः 824125), सैनिक क्रमांक 15229272, रैंक-नायक (गनर) रविकांत कुमार की माता यह घोषित करती हूं कि मैंने अपना नाम नागेन्दा देवी से बदलकर नगीना देवी कर लिया है तथा मेरी जन्मतिथि 06 जनवरी 1966 के स्थान पर अब 18 फरवरी 1966 होगी। यह परिवर्तन अभिलेखों में आवश्यकतानुसार संशोधन हेतु किया गया है।

शपथपूर्वक घोषणा करती हूं कि लिखी गई सारी बातें सही एवं सत्य है।

शपथकर्ता
नागेन्द्रा देवी

अज्ञात वाहन के धक्के से अधेड़ महिला की मौत

आक्रोशितों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन, आश्वासन के बाद हटा जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज-शिवगंज पथ के कियाखाप गांव में अज्ञात चार पहिया वाहन की चपेट में आने से कियाखाप गांव के ही छनू यादव की 55 वर्षीया पत्नी कुसुम देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वाहन चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को कियाखाप मुख्य पथ पर रखकर सड़क जाम कर दिया। इस बीच बांस-बल्ली एवं आगजनी कर लोगों ने यातायात को अवरूद्ध कर दिया। सड़क जाम होने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। ग्रामीण मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि, सड़क पर ब्रेकर


आक्रोशितों को समझाते पुलिसकर्मी

लगाने, घटनास्थल पर वरीय पदाधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलते ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उपेंद्र दास, थानाध्यक्ष शंभु कुमार, अंचल अधिकारी राम कुमार रमन, एसआई महेश कुमार, विनोद कुमार, ध्रुव कुमार, बबन जीत, मुक्तिदेव

■ प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लगी लंबी कतारें

निराला दल बल के साथ पहुंचे और ग्रामीणों एवं परिजनों समझाने-बुझाने के प्रयास में लग गए। अंचलाधिकारी राम कुमार रमन ने बताया कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा राशि, पारिवारिक लाभ की राशि एवं मुखिया गुड़िया देवी द्वारा कबीर अंत्येष्टि की राशि देने के आश्वासन दिया गया, तब सड़क से जाम हटा। पुलिस ने अंत्यपरीक्षण हेतु शव को सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज- गोह पथ के आंती मोड़ के पास नियंत्रण खोने से बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गये। घायल बन्देया थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव निवासी विदेशी पासवान के पुत्र अमरजीत कुमार, उदय पासवान के पुत्र उत्तम कुमार, नंदलाल पासवान के पुत्र श्रीकांत कुमार को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं उत्तम कुमार एवं श्रीकांत कुमार की स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल गया रेफर कर दिया गया। डॉ संतोष कुमार एवं डॉ धनन्जय कुमार ने बताया कि उत्तम एवं श्रीकांत को चेहरे तथा सर में काफी चोट है। घायल अमरजीत कुमार ने बताया कि बाइक से रफीगंज से अपने घर शेखपुरा जा रहे थे। इसी दौरान आंती मोड़ पर नियंत्रण खोने के कारण बाइक पोल में टकराते हुए खाई में गिर गयी। सूचना पाकर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और दोनों गंभीर घायलों को मगध मेडिकल ले गये।

भोजपुरी कलाकारों के भजन पर रातभर झूमते रहे श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गड़हनी (भोजपुर)। स्थानीय प्रखंड के लभुआनी में चल रहा 5 दिवसीय लभुआनी महोत्सव सह रामकथा समापन पर शनिवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। सुबह देवी मंदिर में पूजा पाठ के बाद आरती हुआ। उसके बाद भंडारा की शुरुआत की गई। जहां दूर-दराज से लोग आकर प्रसाद ग्रहण किये। महोत्सव सह रामकथा मां सिधेश्वरी लभुआनी धाम देवी मंदिर के दूसरे स्थापना दिवस पर मां सिधेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह के द्वारा आयोजित किया गया है। सभी अतिथियों को अंग वस्त्र व चुनरी देकर सम्मानित किया गया। प्रतिदिन शाम में देश के महान कथा वाचिका पंडित गौरी गौरंगी के द्वारा रामकथा का आयोजन किया गया। जिसमें जिले सहित



प्रखंड के कई गांवो से लोग कथा सुनने आते थे। बता दें कि गौरंगी जी रामकथा के साथ बहुत बढ़िया भजन भी गाती है, जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते है। वही रात रात 8 बजे के बाद भोजपुरी के कई कलाकारों के द्वारा देवी जागरण हुआ। शुक्रवार देर शाम देवी जागरण में अक्षरा सिंह, अनुपमा यादव, अल्का सिंह पहाड़िया, मनोहर सिंह सहित कई कलाकारों ने देवी जागरण में श्रोताओं को झुमाया। अनुपमा यादव व अक्षरा सिंह ने देवी जागरण में 'मां सर पे तेरा मेरा हाथ रहे, मां मुझको कभी भुलाना ना'' 'निमिया के दाढ़ मईया झुलेली झुलनवा' 'राम आएंगे तो अंगना बहारेंगे ' सहित कई देवी गीत गाकर दर्शकों से खूब तालियां बटोरी व झुमाया। शनिवार की रात भोजपुरी गायिका कल्पना पटवारी, गोलू राजा सहित कई कलाकार देवी जागरण करेंगे और रात भर श्रोताओं की झुमाएंगे।

पूर्व शिक्षिका के निधन पर विद्यालय में शोकसभा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विद्यालय में नब्बे के दशक में कुशल अध्यापिका के रूप में शिक्षण सेवा प्रदान कर चुकी अनीता सिन्हा के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया एवं एक मिनट का मौन रखकर अध्यापकों सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किए। प्रधानाध्यापक ने बताया कि जिले के चर्चित शिक्षाविद प्रो. टी एन सिन्हा की पत्नी अनीता सिन्हा का निधन अस्सी वर्ष की अवस्था में पिछले गुरुवार को हुआ था। वह अनुग्रह स्कूल में तत्कालीन हेडमास्टर रहे स्व. शिवजादिक बाबू एवं स्व. राजेंद्र बाबू के कार्यकाल में उत्कृष्ट सेवा प्रदान की



थीं। प्राचार्य उदय कुमार सिंह ने कहा कि अनुग्रह स्कूल में अध्यापन के क्रम में ही विभागीय प्रोन्नति प्राप्त कर जिला मुख्यालय स्थित गर्ल्स हाइ स्कूल में प्रकारांतर में पदस्थापित हो गई थीं जहां से वह 2006 में सेवानिवृत हो गयी थीं। प्राचार्य ने उन्हें बेहद आदर्श शिक्षिका के रूप में याद किया एवं कहा कि उनकी विनम्रता, सरलता एवं मुस्कुराता चेहरा उन्हें बच्चों से आत्मीयता के साथ कनेक्ट करता था जो बच्चों के अधिगम को प्रभावपूर्ण बनाता था।

नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार कर रहा प्रगति : डॉ. रणविजय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार के नेतृत्व में शनिवार को प्रखंड के कई गांवों में जनसंवाद यात्रा निकाली गई। इस दौरान रालोमो कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात कर एनडीए सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। डॉ. रणविजय ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार तरक्की कर रहा है। उन्होंने नीतीश कुमार को विकास पुरुष बताया और कहा कि उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में रालोमो वंचितों को उनका अधिकार दिला रहा है। यात्रा के दौरान चिरैयाताड़ की महिलाओं ने बताया कि उनके गांव में पीएम आवास योजना का सर्वे नहीं हुआ है।



रघुनाथपुर के ग्रामीणों ने सिंचाई के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाने और खुले तारों की जगह कवर तार लगाने की मांग की। शनिवार को गवसपुर, रघुनाथपुर, गहना, पहरपुरा, पुरहरा, बिरहारा, किशनपुर, शंकरपुर, रसूलपुर, गुलरिया बीघा सहित कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। यात्रा में मुखिया प्रतिनिधि नन्हका बाबू, प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिन्हा, सोनू कुमार, श्रीकांत कुमार वर्मा, संतोष शर्मा, वशिष्ठ सिंह, अरुण पटेल, नारायण शर्मा, बिजेंद्र सिंह, श्रीकांत प्रसाद, मिथिलेश शर्मा, विनय सिंह, विनोद शर्मा, जितेंद्र राम, रामबली सिंह, विद्या सिंह, बैजू लाल चौधरी, शैलेश शर्मा, गोपाल सिंह, जयप्रकाश कुमार, लाल शर्मा, राजू कुमार वर्मा, रमाकांत शर्मा और नंदकिशोर सिंह आदि शामिल रहे। यात्रा में युवाओं का खासा उत्साह दिखा।

ऋचा बनी प्रधानमंत्री तो खुशी आर्या ने संभाला शिक्षा मंत्री का जिम्मा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। राजकीय मध्य विद्यालय खड़वां में शनिवार को बाल संसद का चुनाव कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशि शेखर मिश्र द्वारा बहुत ही अच्छे ढंग से चुनाव की तैयारी करायी गई। चुनाव से पूर्व प्रधानमंत्री सहित कई अन्य पदों के लिए नामांकन कराया गया। उसके बाद छात्रों ने अपने अपने पक्ष के उम्मीदवार के लिए प्रचार किया। प्रचार के बाद मतदान हेतू मीठी कुमारी को पीठासीन पदाधिकारी नियुक्त किया गया, जिसके देख-रेख में मतदान हुआ। मतों की गिनती के बाद ऋचा कुमारी को प्रधानमंत्री, खुशी कुमारी को शिक्षा मंत्री, सागर कुमार को स्वास्थ्य मंत्री, प्रणय उर्फ बजरंगी को पुस्तकालय मंत्री बनाया गया। उसके बाद छात्रों ने नव चयनित प्रधानमंत्री एवं अन्य मंत्री को बधाई दिया। मौके पर शिक्षक निशा कुमारी गुप्ता, कमल प्रताप सिंह, अनिल कुमार पाल, निवेदिता रंजन आदि उपस्थित रहे।

संदेहास्पद स्थिति में अधेड़ की मौत

हत्या के एंगल से पुलिस कर रही मामले की जांच, संदिग्ध हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। थाना अंतर्गत बीबीपुर में 50 वर्षीय अजय सिंह की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। गांव में ही फेवर ब्लॉक प्लांट के नीचे उनका शव पाया गया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ मदनपुर अमित कुमार एवं थाना अध्यक्ष शंभू कुमार के साथ पुलिस बल की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। घटना के संबंध में



एसडीपीओ ने बताया कि रात्रि में अजय सिंह, रूपेश सिंह एवं संतू सिंह ट्रैक्टर से कहीं निकले हुए थे और फेवर ब्लॉक मालिक हरेंद्र सिंह से प्लांट में ही ट्रैक्टर लगाने को लेकर बात हुई थी लेकिन आखिरी में उनके द्वारा ट्रैक्टर वहां नहीं लगाया गया और रुपेश अपने घर पर ही ले जाकर ट्रैक्टर लगाया। जब सुबह में फेवर ब्लॉक के पास आकर लोगों ने देखा तो अजय सिंह का शव पड़ा हुआ है। देखने से प्रतीत होता है मृतक व्यक्ति के उपर हल्का ट्रैक्टर चढ़ा हुआ है और गला में तीन गमछा लपेटा गया है। एफएसएल एवं डॉग स्क्वाड की टीम घटनास्थल पर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही इस मामले में कुछ बताया जा सकता है। मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

जमीनी विवाद में मारपीट, एक घायल

रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। प्रखंड के बरुना गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में शुक्रवार की रात्रि मारपीट की घटना घटित हुई। मारपीट में बरुना गांव के जीतू शर्मा घायल हो गए। घायल को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया जहां से चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति ने इलाज के दौरान बताया कि गांव के कुछ लोगों द्वारा मेरे जमीन पर रात्रि में घर बनाने का कार्य किया जा रहा था, घटना की जानकारी डायल 112 की पुलिस को दी गई।

सात मई को विकास शिविर का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार व ग्रामीण विकास कनीय अभियंता राजीव रंजन कुमार ने विकास मित्रों के साथ बैठक की। बैठक में डा भीमराव अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत अनुसूचित जाति टोला में चलाए जा रहे कल्याण योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की गई। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अशोक ने कहा अनुसूचित जाति टोला में 7 मई को विकास शिविर का आयोजन है। कोई भी व्यक्ति लाभ से वंचित न रह जाए जिसे लेकर घर- घर



पहुंच कर जानकारी लें। मुख्य सड़क से गांव को जोड़ने की योजना, अनुसूचित जाति टोला में सामुदायिक भवन सहित 22 बिन्दुओं पर ध्यान केंद्रित करना है। जिसे लेकर सूची तैयार करें और कार्यालय को समर्पित करेंगे। बैठक में शामिल विकास मित्रों में दिलीप कुमार, प्रकाश चौधरी, प्रियंका कुमारी, संतोषी कुमारी, विदेशी चौधरी, शोभा कुमारी, मुन्नी कुमारी सहित सभी विकास मित्रों ने समय पर कार्य निष्पादन करने के लिए योजनाओं का एजेंडा तैयार किया।

विकास मित्र के निधन पर शोक सभा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। प्रखंड मुख्यालय में पूर्णिया जिला के कसबा प्रखंड के मल्हरिया पंचायत के विकास मित्र ज्योतिष ऋषि के ब्रेन हेमरेज के कारण शुक्रवार को निधन हो गया। निधन के उपरांत विकास मित्र के सदस्यों द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया और श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किया। इस मौके पर दिलकेश्वर कुमार, ब्लॉक समन्वयक अखिलेश कुमार, संजय कुमार, कमलेश कुमार, गीता कुमारी, इंदु कुमारी, जुली कुमारी, पूनम कुमारी, अलकारी कुमारी, कल्पना कुमारी, प्रमिला कुमारी के साथ विकास मित्र के सभी सदस्य शामिल रहे।

दो ट्रकों से 20 लाख का विदेशी शराब बरामद

■ एक तस्कर गिरफ्तार, दूसरा वाहन छोड़ फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उत्पाद विभाग ने 6096 पीस विदेशी शराब पकड़ा है। जिसकी कीमत 20 लाख रुपये आंका गया है। शनिवार को सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश की ओर से एक ट्रक भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर की ओर ले जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर द्वारा निरीक्षक राहुल कुमार दुबे के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। आरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रतनपुर ओवर ब्रिज के पास बक्सर-पटना फोरलेन पर एक बारह चक्का ट्रक पकड़ा गया। ट्रक की तलाशी करने पर ट्रक ड्राइवर केबिन में बने गुप्त तहखाने से अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। उत्पाद निरीक्षक राहुल दूबे ने शराब तस्कर सह वाहन चालक पप्पु साहनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित पूर्वी चंपारण जिला के केशरिया थाना क्षेत्र के डेरवा मठिया निवासी नागेंद्र साहनी का पुत्र है। वाहन से कुल 794.880 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से भोजपुर लाया जा रहा था। छापेमारी दल में उत्पाद निरीक्षक राहुल कुमार दुबे, सहायक अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार यादव एवं सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार के साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

वहीं दूसरी ओर बिहिया थाना क्षेत्र के तेघरा मोड़ से आयशर कंपनी के ट्रक को पकड़ा गया। मिनी ट्रक की जांच करने पर ट्रक के डाले में से 302.400 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया, वहीं वाहन चालक फरार हो गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से भोजपुर लाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक अजित कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अजय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक रामजी चौधरी एवं सहायक अवर निरीक्षक ममता कुमारी के साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

ग्रामीण विकास विभाग व पंचायतीराज की योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

आरा। समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी ने जिले में चल रहे डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत सभी लंबित आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने महिला संवाद के दौरान उठाई जा रही विभिन्न ग्राम संगठनों की मांगों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने जून माह के अंत तक सभी प्रखंडों में चिन्हित स्थलों पर धूसर जल प्रबंधन से संबंधित संरचनाओं के निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मॉडल महादलित टोलों के निर्माण एवं उनकी मूलभूत सुविधाओं के विकास में तेजी लाने हेतु संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी जरूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

ओबरा (औरंगाबाद)। ओबरा प्रखंड के मध्य विद्यालय उच्चतर उच्च विद्यालय गौरी सोनवर्षा में प्रधानाध्यापक रविनंदन सिंह की अध्यक्षता मे शिक्षक- अभिभावक संगोष्ठी शनिवार को आयोजित की गई। प्रधानाध्यापक रविनंदन सिंह ने सभी अभिभावकों से कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक- अभिभावक संगोष्ठी जरूरी है, क्योंकि इसी के माध्यम से आप सबों को बच्चे के शिक्षण कार्य के बारे जानकारी प्राप्त होगी। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। विद्यालय परिसर में चारदीवारी नही रहने को लेकर असंतोष जताते हुए कहा गया कि चारदीवारी बनाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को सूचना दी गई है। प्रधानाध्यापक ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता



को लेकर सरकार बच्चों को मध्याहन भोजन के साथ किताब साइकिल पोशाक उपलब्ध करा रही है, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। अभिभावकों से अनुरोध किया गया कि अपने बच्चों को पोशाक में ही विद्यालय भेजें। सरकार शिक्षा के साथ बच्चों को खेल की सामग्रियां भी उपलब्ध करा रही है, साथ ही छात्रों को बौद्धिक और मानसिक विकास हेतु परिभ्रमण सेवा भी शुरू की गई है। मौके पर शिक्षक अयोध्या कुमार यादव, अनुज कुमार, संजीव कुमार मिश्रा, शिव प्रकाश कुशवाहा, खुशबू कुमारी, किरण कुमारी, मूंजी सिंह, कमलेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, राकेश कुमार समेत समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।

सड़क दुर्घटना में सब्जी विक्रेता घायल

अंबा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता। नेशनल हाईवे 139 पर रिसियप थाना क्षेत्र के गौरा गांव के समीप शनिवार की दोपहर दो ऑटो के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में सब्जी व्यवसायी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान जम्होर थाना क्षेत्र के धर्मपुरा गांव निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया।

किसानों को फर्जी मुकदमा में फंसाना समाधान का रास्ता नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। शनिवार को हमीदनगर पुनपुन बराज पर आयोजित बैठक हंगामेदारी रही। जिलाधिकारी अपना पक्ष रख किसानों को मनाने का प्रयास कर रहे थे, वहीं किसान- सह राजद नेता सह जिप प्रतिनिधि श्याम सुंदर पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की घोषणा के साथ वार्ता शुरू करने की मांग पर किसान अड़ गये थे। अवर प्रमंडल पुनपुन बराज परियोजना के इंजीनियरों को कड़ी फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी ने नसीहत दिया कि ऐसी हरकत से अधिकारी बाज आयें। उन्होंने कहा कि किसान नेताओं को फर्जी मुकदमा में फंसाना समाधान का रास्ता नहीं है। जिलाधिकारी ने मुकदमा वापस करने का भरोसा दिलाया। जिप प्रतिनिधि श्याम सुंदर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि किसानों को अखिल भारतीय किसान सभा के साथ ही राष्ट्रीय लोक मोर्चा का भी समर्थन मिला है, इससे किसान उत्साहित हैं। किसान आज के सर्किल रेट से चार गुणा अधिक मुआवजा, त्रुटिपूर्ण भुगतान में सुधार, धमकीबाज अधिकारियों पर कार्रवाई समेत अन्य मांग पर अड़े हुए थे। किसान नेता भाकपा के अंचल सचिव अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव कामरेड सुरेश प्रसाद यादव ने किसानों को भरोसा दिलाया कि जब तक मांगों पर सरकार विचार नहीं कर लेती, तब तक परियोजना का काम बंद रहेगा।

तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोका तो मारी गोली

युवक घायल, एम्स किया गया रेफर, पुलिस कर रही जांच

गंगहर हाई स्कूल के पास अपराध की साजिश नाकाम

नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारीशरीफ। शाहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपराध की साजिश रच रहे दो युवकों को धर दबोचा। छापेमारी दियारा इलाके के गंगहारा हाई स्कूल के पास की गई, जहां ये दोनों संदिग्ध हालात में मौजूद थे। गिरफ्तार युवकों की पहचान सूरज कुमार उर्फ राजा (निवासीः गंगहारा, शाहपुर) और अजीत कुमार (निवासी खपुरी, दुल्हिन बाजार) के रूप में हुई है। इनके कब्जे से चोरी की एक बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। एएसपी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि शाहपुर पुलिस टीम वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी और साथ ही फरार अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी भी कर रही थी। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि गंगहारा हाई स्कूल के पास दो युवक बाइक के साथ आपराधिक योजना बना रहे हैं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जब वहां पहुंची तो दोनों युवक बाइक छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी में दोनों के पास से दो मोबाइल मिले, जबकि बाइक के कागजात मांगने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। बाइक की जांच में पाया गया कि वह चोरी की है और उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी। जांच में यह भी सामने आयी है कि गिरफ्तार अजीत और सूरज पर दुल्हिन बाजार और नौबतपुर थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। साथ ही अजीत का एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वह शादी समारोह के दौरान हथियार से फायरिंग करता नजर आ रहा है। दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

नवबिहार टाइम्स संवाददात

उज्ज्वल पर गोली चला दी, जो उसकी जांघ में लगी। इसके बाद हमलावर पैपुरा कला गांव की ओर भाग निकले। गोली चलने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। घायल उज्ज्वल को परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना एम्स रेफर कर दिया गया।

पालीगंज। पालीगंज थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव में शुक्रवार की देर शाम बुलेट सवार बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। घायल युवक उज्ज्वल सिंह को प्राथमिक इलाज के बाद पटना एम्स रेफर किया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

घटना उस समय हुई जब उज्ज्वल अपने घर के पास ग्रामीणों के साथ बैठा था तभी बुलेट पर सवार दो युवक तेज रफ्तार में गली से गुजर रहे थे। उज्ज्वल ने उन्हें रात में धीरे चलने के लिए टोका, जिस पर वे नाराज होकर वहां से चले गए। कुछ ही देर बाद दोनों लौटे और

पालीगंज थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

एक नजर

मृतक अशोक राय के परिजनों से मिले सांसद

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पूर्व सांसद रामकृपाल यादव व भाजपा नेता भाई सनोज यादव शनिवार को उसरी खुर्द मृतक अशोक राय के घर पहुंच कर परिजनों को सांत्वना दी. श्री यादव ने बताया कि पिछले दिनों अशोक राय अपने पुत्र की शादी की शादी का कार्ड बांटकर बिहटा से घर लौटने के दौरान ट्रक ने धक्का मारा दिया. जिससे उनकी मौत हो गई थी। भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने सीएम नीतीश कुमार व डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व परिवहन मंत्री से मांग करते हुए कहा कि मृतक अशोक राय अपने बेटे की शादी पांच मई को बरात था अपने एकलौते बेटे की सेहरा बांधने से पहले ही उनका मौत हो गयी। उन्होंने मृतक के परिजनों को परिवहन विभाग से सड़क दुघर्टना में मिलने वाली पांच लाख मुआवजा की राशि शीघ्र दिलाने के लिए संबंधित पदाधिकारियों दिशा निर्देश जारी करने की अपील किया है।

शिक्षकों ने किया संवाद कार्यक्रम

बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रखंड संसाधन केंद्र बिक्रम में शिक्षकों के विभागीय समस्याओं को लेकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रविकांत शर्मा के समक्ष शिक्षकों ने समस्याएं रखीं।लोगों प्रखंड में पदस्थापित सभी कोटि के शिक्षकों के एरीयर भुगतान,मेडिकल ग्रांट, मातृत्व/पितृत्व अवकाश भुगतान, वेतन कटौती भुगतान, सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों की टेक्निकल ज्वाइनिंग,अध्ययन अवकाश भुगतान, लंबित वेतन-कटौती भुगतान,वेतन निर्धारण आदि विभिन्न विभागीय समस्याओं को रखा। कार्यक्रम के माध्यम से सभी शिक्षकों की विभागीय समस्याओं को लेकर लिखित आवेदन जमा लिया गया। मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ बिक्रम के अध्यक्ष अजय कुमार, नीरज कुमार कमल, सचिव अश्विनी कुमार, सतीश कुमार, कुन्दन कुमार, गजेन्द्र कुमार, ध्रुव कुमार आदि उपस्थित थे।

चार वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। विभिन्न मामलों में फरार चल रहे चार वारंटी के खिलाफ न्यायालय से प्राप्त वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। लहसुना थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय द्वारा प्राप्त वारंटी में से मंगल पासवान, बेरासी पासवान, विद्या पासवान, राज किशोर पासवान, थाना कांड संख्या 335 /23 में फरार चल रहे थे, जिसे गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि यह सभी चारों किसी आपसी विवाद को लेकर आपस में मारपीट किए थे इसका मामला थाने में चल रहा था।

दो अपराधी गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। पुनपुन पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्र में छापेमारी करते हुए आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास एवं अन्य कई कांडों में फरार दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुनपुन थाना कांड संख्या 378/ 17 के तहत आर्म्स एक्ट एवं 37 बी सी उत्पाद अधिनियम के कई वर्षों से फरार चल रहे प्रथिमिकी अभियुक्त विनीत कुमार उर्फ तेतर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें पुनपुन के पुलिस पदाधिकारी शांतनु कुमार ने उसके घर से उसे गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुनपुन थाना कांड संख्या 104/ 17 धारा 30 ए बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्राथमिकी नामजद अभियुक्त धर्मेंद्र मांझी पिता चंद्र देव मांझी ग्राम नूरी चक से इस केस के अनुसंधान पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

सड़क पर बह रहा नाला का पानी

दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। छावनी परिषद प्रशासन द्वारा नाला निर्माण कार्य किये जाने के कारण मार्शल बाजार में सडक पर नाले के गंदे पानी सडक पर बह रहा है. इस नारकीय स्थिति को हर रोज इधर से गुजरने वाले स्कूली बच्चे झेल रहे हैं. हजारों की संख्या में इस रास्ते से स्कूली बच्चे और आम लोगों गुजरते हैं. स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले दस दिनों से मार्शल बाजार सडक पर नाले के गंदे पानी बह रहे है. जिससे आम लोगों इस मार्ग से पैदल चलना मुश्किल हो गया है. परिषद के प्रधान लिपिक फिरोज ने बताया कि छावनी परिषद प्रशासन द्वारा मार्शल बाजार मोड से अस्पताल मोड तक नाला का निर्माण कराया जा रहा है. जिसके कारण नाला का पानी सडक पर बह रहे है. उन्होंने बताया कि मोटर पंप से पानी का निकासी किया जा रहा है।

जाति जनगणना करने का निर्णय लंबे संघर्ष और आंदोलन की जीत : गोपाल रविदास

किसान आंदोलन की तरह वक्फ संशोधन बिल भी लेना पड़ेगा वापस

नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारीशरीफ। भाकपा (माले) के विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जाति जनगणना कराने का निर्णय जनता के लंबे संघर्ष और आंदोलन की जीत है। उन्होंने कहा कि भाकपा (माले) वर्षों से जाति जनगणना की मांग करती रही है। यह फैसला जनता के निरंतर प्रयासों और जनदबाव के चलते लिया गया है, जिससे अब विभिन्न सामाजिक वर्गों की सटीक जनसंख्या का पता चल सकेगा और आने वाले समय में जाति आधारित भागीदारी सुनिश्चित की जा सकेगी। विधायक रविदास ने आगे कहा कि जिस प्रकार केंद्र सरकार को किसान आंदोलन के

65 प्रतिशत आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

दबाव में कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था, उसी तरह वक्फ संशोधन बिल को भी रद्द करना होगा। जनता लगातार इस विधेयक के खिलाफ आंदोलित है, और सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए। श्रम दिवस पर विधायक ने भारत सरकार से मांग रखी हैं कि बिहार विधान सभा द्वारा पारित 65 प्रतिशत आरक्षण को संविधान कि 9वी अनुसूची में शामिल करे।

जाति जनगणना का फैसला दलित-पिछड़ों की ऐतिहासिक जीत

वक्फ संशोधन कानून को बताया संविधान विरोधी

नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारीशरीफ/पटना। केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने के फैसले को भाकपा (माले) के विधायक गोपाल रविदास ने दलित-पिछड़ी जनता की ऐतिहासिक जीत बताया है।

उन्होंने कहा कि यह वर्षों से उपेक्षित वर्गों की सामाजिक हिस्सेदारी तय करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसी क्रम में शनिवार को वक्फ संशोधन कानून के विरोध में भाकपा (माले) एवं इंसाफ मंच के संयुक्त तत्वावधान में पटना में विरोध मार्च निकाला गया। मार्च जीपीओ गोलंबर से शुरू होकर पटना जंक्शन होते हुए बुद्धा स्मृति पार्क तक गया। मार्च का नेतृत्व फुलवारीशरीफ के विधायक गोपाल



रविदास, बलरामपुर के विधायक व माले विधायक दल के नेता महबूब आलम, पटना महानगर सचिव अभ्युदय ने किया। मार्च के दौरान वक्फ संशोधन कानून रद्द करो, नफरत और युद्धोन्माद के खिलाफ एकजुट हो जैसे नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने जनता को जागरूक किया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाया गया वक्फ संशोधन कानून संविधान विरोधी है और अल्पसंख्यक समुदाय की संपत्तियों को हड़पने की साजिश है। उन्होंने इसे काला कानून बताया और कहा कि जैसे तीन कृषि कानूनों को सरकार को वापस लेना पड़ा, वैसे ही यह कानून भी जनदबाव में रद्द होगा। उन्होंने पहलगाम की उस घटना का भी ज़िक्र किया जिसमें कई निर्दोष नागरिकों की मौत हुई थी और सरकार आज तक केवल जाँच के नाम पर लीपापोती करती रही है।

सभा में शहीद नागरिकों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया।

इस प्रदर्शन में विधायक महबूब आलम, अभ्युदय, जीतेंद्र, शहजादे आलम, विभा गुप्ता, अनुराधा, पूनित पाठक, विनय जी, जय प्रकाश पासवान, साधू शरण, कमलेश, महताब खान, देवी लाल, प्रमोद सहित भाकपा (माले) और इंसाफ मंच के कई नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

उर्वरता जांच से ही उपज में वृद्धि संभव

मीठापुर में मिट्टी जांच प्रयोगशाला का मंत्री ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारीशरीफ। स्वस्थ धरा, खेत हरा के संकल्प को साकार करने के लिए मिट्टी और उर्वरक जांच को जरूरी बताया गया है. शनिवार को बिहार के उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना के मीठापुर स्थित रसायन भवन में संचालित मिट्टी, बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी जांच प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल भी उपस्थित रहे। मंत्री ने बताया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखना और खेती की लागत को कम करना है। उन्होंने सबसे पहले



मिट्टी जांच प्रयोगशाला का दौरा किया और जांच में प्रयुक्त उपकरणों की जानकारी ली। लाइव मिट्टी परीक्षण प्रक्रिया के दौरान उन्होंने जैविक कार्बन की पहचान में विशेष रुचि दिखाई। मंत्री ने कहा कि मिट्टी जांच के आधार पर उर्वरकों का संतुलित उपयोग कर कृषि योग्य भूमि को स्वस्थ बनाए रखना जरूरी है। इससे फसल की उपज बढ़ेगी और किसानों की लागत में भी कमी आएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जिला मुख्यालयों और प्रखंड कार्यालयों में मिट्टी की उर्वरता मैप प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिन प्रखंडों में मिट्टी में जिंक और बोरोन की कमी पाई गई है, वहां के किसानों को इसकी जानकारी दी जाए। श्री सिन्हा ने बताया कि किसानों को बेहतर सुविधा देने के लिए राज्य के 11 अनुमंडलों में नई मिट्टी जांच प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है। इससे किसानों को अपनी मिट्टी की जांच कराने में आसानी होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को सरल भाषा में मिट्टी जांच का महत्व बताया जाए।

मसौढ़ी में वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ विरोध मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। भाकपा माले के कार्यकर्ताओं ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ विरोध मार्च निकाला। यह विरोध मार्च भाकपा माले कार्यालय से निकलकर मसौढ़ी थाना होते हुए कर्पूरी चौक पर पहुंचा जहां नुक्कड़ सभा भी किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अकलू पासवान ने कहा कि मोदी सरकार वक्फ संशोधन कानून लाई है जो संविधान विरोधी है मोदी जी के शासन में रोज-रोज संविधान विरोधी हमले हो रहे हैं और नए-नए संविधान विरोधी कानून बनाकर जनता पर थोप रही है। हाल ही में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले को मोदी सरकार संप्रदायक रंग दे रही है, मोदी सरकार का कहना है कि बॉर्डर पार पाकिस्तान से आतंकवादी पहलगाम में आकर पर्यटकों से कलमा पढ़कर धर्म पूछ कर पर्यटकों को आराम से हत्या कर फरार हो जाता है उस दिन पहलगाम में हजारों पर्यटक होते हैं लेकिन सुरक्षा के नाम पर एक गार्ड भी नहीं होता है। इस मौके पर कामरेड राकेश, कामरेड प्रमोद यादव कामरेड निरंजन वर्मा, कामरेड खुर्शीद अंसारी कामरेड, जितेंद्र राम, कामरेड रामजीवन पासवान आदी रहे।

प्रदेश अध्यक्ष प्रभारी का मसौढ़ी में हुआ स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम का मसौढ़ी में कांग्रेसियों ने ढोल नगाडा के साथ भव्य फूल माला से स्वागत किया, इसके बाद अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ स्तर पर पकड़ बनाएं और विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं दरअसल शनिवार को धनरूआ प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय पाण्डेय के नेतृत्व में अध्यक्ष बिहार प्रदेश कांग्रेस राजेश कुमार राम, प्रभारी सुशील पासी पूर्व बिहार सेवा दल, अध्यक्ष अजय कुमार चौधरी, मोती लाल शर्मा, बिहार प्रदेश सेवा दल अध्यक्ष संजय यादव पटना



महानगर, अध्यक्ष शशि रंजन यादव साथ ही वरीय कांग्रेस नेता कमलदेव नारायण शुक्ला, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुमित कुमार सन्नी के दिशा निर्देशन पर धनरूआ प्रखंड क्षेत्र नदवां में सबों को अंग वस्त्र देकर फूलमाला से भव्य स्वागत किया गया। मौके पर वरीय कांग्रेस नेता अजीत सिंह, बिहार प्रदेश सहकारिता अध्यक्ष राजनंदन यादव, जिला ग्रामीण कांग्रेस पूर्व उपाध्यक्ष इन्द्रमणि देवी, महासचिव अलखनरायण पाण्डेय, उमेश चन्द्रवंशी, विकास यादव, मृत्युंजय पेरियार, सोनू चन्द्रवंशी, बीरपन चौधरी, बिहार प्रदेश ओबीसी कांग्रेस महासचिव मो अरफराज साहिल, धनरूआ प्रवक्ता अविनाश सिंह उर्फ अमीत कुमार सिद्धनाथ आदी शामिल रहे।

एक ही कमरे में चलती हैं पांच कक्षाएं

शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। बिहार में बदलते शिक्षा की तस्वीरों के बीच मसौढ़ी प्रखंड के भीमपुरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय की यह तस्वीर है, जहां पर आज भी एक ही कमरे में पांच कक्षाएं चलती हैं, जहां एक ही ब्लैक बोर्ड पर तीन शिक्षक 68 बच्चों को पढ़ाते हैं। जरा सोचिए एक कक्षा में अगर तीन शिक्षक 68 बच्चों के बीच पांच कक्षाएं चलाते हैं तो कैसे एक दूसरे कक्षा के बच्चे पढ़ते होंगे। ऐसे में न केवल पढ़ने वाले छात्र बल्कि पढ़ाने वाले शिक्षकों के बीच काफी परेशानियों का सामना



करना पड़ता होगा प्रधानाध्यापक निशा कुमारी ने बताया कि बार:बार हम अपने विद्यालय के बारे में पत्राचार करते-करते थक गए हैं कि एक ही कमरे में पठन-पाठन ठीक ढंग से नहीं हो पा रही है, एक कक्षा का टीचर जब पढ़ाना शुरू करते हैं तो दूसरे कक्षा के बच्चों को परेशानी होती हैं, और जब बरसात के दिन आता है तो यह पूरा क्लास रूम में पानी भर आता है ऐसे में बच्चे खड़े होकर भी पढ़ते हैं। गर्मी के दिनों में लू की गर्म हवाएं चलती है कि मध्याह्न भोजन के लिए बाहर नहीं बिठा पाते हैं कई बच्चे नीचे जमीन पर बोर बिछा कर पढ़ाई करते हैं, वही स्कूल में पढ़ने आ रहे बच्चों में पायल कुमारी, काजल कुमारी, दीपू कुमार, धीरज कुमार आदि छात्र-छात्राओं ने कहा कि विद्यालय हम रोज पढ़ने आते हैं लेकिन बहुत दिक्कत होती है, पढ़ने में परेशानी होती है, अब जरा सोचिए कि एक कक्षाएं में पढ़ने वाले पांच कक्षाओं के बीच क्या हालात बनते होंगे, एक तरफ जहां सरकार प्रत्येक साल शिक्षा के बजट में करोड़ों रुपया राशि का बजट रहता है। बहरहाल आज भी ग्रामीण इलाकों की तस्वीर यह सरकार को आईना दिखा रहा है कि बदलते शिक्षा के माहौल में क्या व्यवस्था है..? वही इस पूरे मामले में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि हाल के दिनों में ई शिक्षकोष पोर्टल पर विद्यालयों का भवन बनाने, बिल्डिंग दुरुस्त करने, जिर्णोद्धार को दुरुस्त करने आदि की सूचनाओं मिली है सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को शिक्षाकोष पोर्टल पर उसे अपलोड करने को कहा है। और हम भी मसौढ़ी प्रखंड के कई विद्यालयों का लगातार पत्राचार कर रहे हैं।

लोक शिकायत निष्पादन में शिथिलता बरतने को लेकर डीएम ने सीओ मसौढ़ी से पूछा स्पष्टीकरण

मामला दाखिल खारिज अस्वीकृति का

नवबिहार टाइम्स संवाददात

मसौढ़ी। पटना डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह द्वारा लोक शिकायत के निष्पादन में शिथिलता बरतने के कारण अंचल अधिकारी, मसौढ़ी से स्पष्टीकरण किया गया है। दरअसल अपीलार्थी अजीत कुमार, ग्राम-तिनेरी, मसौढ़ी के द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष लोक शिकायत निवारण हेतु द्वितीय अपील में वाद दायर किया गया है। अपीलार्थी की शिकायत दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत करने के संबंध में है। जिलाधिकारी ने सुनवाई में पाया कि लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, मसौढ़ी द्वारा इस मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गयी है। लोक शिकायत के मामले में असंवेदनशीलता प्रदर्शीत करने तथा शिकायत निवारण में लापरवाही के कारण जिलाधिकारी द्वारा लोक प्राधिकार अंचल अधिकारी, मसौढ़ी से स्पष्टीकरण करते हुए उन्हें निदेशित किया गया है कि उनके द्वारा किस प्रावधान के तहत दाखिल-खारिज अस्वीकृत की गई है।

आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का एक दिन का कटा मानदेय

मसौढ़ी। मसौढ़ी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर से विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर सेविका सहायिका के द्वारा लापरवाही देखी जा रही है। सरकार की चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले सेविका और सहायिका पर सीडीपीओ अर्चना कुमारी के द्वारा लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। ऐसे में मसौढ़ी के तुलसीचक, कोड नंबर 12 के सेविका उर्मिला देवी और सहायिका उषा देवी पर आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन में लापरवाही बरतने केंद्र पर बच्चों की ससमय नहीं पहुंचने आदी मामलों में सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने एक दिन का मानदेय काटते हुए स्पष्टीकरण किया है। इसके अलावा उनके पोषक क्षेत्र के आंगनवाड़ी सुपरवाइजर नीलू कुमारी पर भी स्पष्टीकरण करते हुए उन्हें 24 घंटे के अंदर जवाब पूछा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उक्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इसके अलावा सीडीपीओ अर्चना कुमारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका सहायिकाओं को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार ससमय के अनुसार केंद्र को चलना है इसके अलावा गांव-गांव से बच्चों को बुलाकर सरकार की दी जाने वाली तमाम योजनाओं को उन्हें लाभ पहुंचाना है लापरवाही बरतने पर कार्रवाई होगी।

पुलिस ने किया तीन चोरों को गिरफ्तार

मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जहानाबाद रोड स्थित न्यू मनीष बैटरी दुकान से बीते 1 मई को अज्ञात चोरों ने शटर उखाड़ कर 30 नया बैटरी, 10 पुराना बैटरी और 5 इनवर्टर यानी कुल 4:30 लाख की संपत्ति की चोरी कर ली गई थी। इस मामले में मनीष कुमार ने मसौढ़ी थाने में अज्ञात खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। ऐसे में बैटरी चोरी मामले में जहानाबाद के टेहटा पुलिस ने आरोपियों के घर से 10 बैटरी को बरामद किया है, वहीं उसका सीरियल नंबर मिलान करने पर कंपनी वालों ने बताया कि यह मसौढ़ी का लॉट है ऐसे में मसौढ़ी पुलिस की सूचना दी गई है। इस कांड के अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया उन तीनों चोरों को प्रोडक्शन रिमांड पर लिया जाएगा और पूछताछ की जाएगी।

राम लखन सिंह यादव कॉलेज में स्नातक नामांकन प्रक्रिया शुरू, 30 जून तक अंतिम तिथि

हेल्पलाइन नंबर किया गया जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददात

फुलवारीशरीफ। राजधानी पटना के अनीसाबाद स्थित राम लखन सिंह यादव कॉलेज में स्नातक चतुर्थ वर्षीय पाठ्यक्रम में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र प्रसाद ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के अधीन कॉलेज को कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में स्नातक प्रतिष्ठा स्तर तक राज्य सरकार से स्थायी संबद्धता प्राप्त है। प्राचार्य ने बताया कि नामांकन सत्र 2025-2029 के लिए 25 मई से प्रारंभ है और अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। नामांकन च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के तहत होगा। वहीं, नए सत्र की पढ़ाई 4 जुलाई से आरंभ की जाएगी। कॉलेज की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान राजधानी के हृदयस्थल अनीसाबाद, पटना-2 में रमणीक, शांतिपूर्ण एवं शैक्षणिक वातावरण में अवस्थित है। यहाँ अनुभवी एवं योग्य प्राध्यापक, सुव्यवस्थित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, वाई-फाई सुविधा, एनसीसी, सह-शिक्षण व्यवस्था, गर्ल्स कॉमन रूम, सुंदर तालाब, छायादार वृक्ष, खेल मैदान, गाड़ी पार्किंग, शुद्ध पेयजल और रैगिंग मुक्त वातावरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग स्वच्छ एवं सुलभ शौचालय की व्यवस्था भी सुनिश्चित है। नामांकन या अन्य जानकारी के लिए कॉलेज ने दो हेल्पलाइन नंबर 9835873086 एवं 9470079553 भी जारी किया है। प्रेस वार्ता में उप-प्राचार्य डॉ. शंकर प्रसाद साह, प्रो. अशोक यादव, डॉ. महेंद्र सिंह, प्रो. राय श्रीपाल सिंह, प्रो. अनिल कुमार, प्रो. सतेंद्र प्रसाद, प्रो. रामजीवन यादव, इंदुभूषण यादव एवं प्रो. प्रसिद्ध कुमार भी मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का एकमा में भव्य स्वागत



एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री तथा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंगल पांडे का शुक्रवार को एकमा में भव्य स्वागत किया गया। मंत्री का स्वागत पूर्व जिला पार्षद एवं भाजपा नेता रूपेश कुमार सिंह ने अंग वस्त्र भेंटकर किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मुख्य रूप से भाजपा के जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, श्री प्रकाश, अखिलेश कमलेश सिंह, दीनदयाल दुबे, श्रीराम दुबे, चंद्रशेखर सिंह, वीरेश सिंह, अजीत सिंह, रिंटू तिवारी, बच्चू सिंह आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

व्यवसाय संघ ने स्वास्थ्य मंत्री का किया भव्य स्वागत



महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। परशुराम जयंती समारोह से लौट रहे स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पांडे को महाराजगंज बीजेपी व्यवसाय संघ ने बीजेपी नेत्री सुप्रिया कुमारी के नेतृत्व में फूल का माला पहना कर भव्य स्वागत किया. अभिनंदन समारोह में भाजपा नेत्री सुप्रिया जायसवाल, मोहन पदमाकर, मुनमुन सिंह, बलिराम प्रसाद, संजीव दिनकर, रामबाबू प्रसाद, दीनदयाल प्रसाद, मनन गिरी, श्यामबाबू प्रसाद, विष्णु पदमाकर, दिलीप कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, जवाहिर प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, राजीव रंजन, गुड्डू बाबू, प्रिंस कुमार, कुश ब्याहुत, अजीत पांडे व अन्य बहुत लोग उपस्थित रहें।

सिसवन प्रखंड में किसानों के लिए कैंप आयोजित

सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। प्रखंड के घुरघाट और कचनार में शनिवार को कैंप लगाकर उन किसानों की किसान आईडी बनाई गई, जिनके नाम से जमाबंदी है। आयोजित कैंप में सिसवन अंचल अधिकारी पंकज कुमार उपस्थित रहे।अंचल अधिकारी द्वारा किसानों को सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं के लाभ के विषय में भी जानकारी दी गई। इस कैंप के माध्यम से किसानों को अपनी कृषि संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।कैंप में उपस्थित किसानों को आईडी बनाने के साथ-साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। अंचल अधिकारी ने किसानों की समस्याएं सुनीं और उन्हें समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।इस कैंप के आयोजन से किसानों को अपनी कृषि संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी और वे अपनी आय बढ़ाने के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

कांग्रेस के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। केन्द्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री एनई रेलवे मेन्स कांग्रेस द्वारा संयुक्त रूप से सीवान शाखा के पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है. इसमें शाखा अध्यक्ष दीपक यादव,उपाध्यक्ष अनिल कुमार,बबलू कुमार,हरिशंकर यादव,उपेंद्र सिंह,शाखा मंत्री यमुना प्रसाद वर्मा,सहायक मंत्री हरिशंकर यादव,संतोष यादव,राजेश श्रीवास्तव,मंजेश पांडे,संयुक्त मंत्री बृजमोहन सिंह,तुफैल खान,प्रदीप कुमार,कोषाध्यक्ष सोमैया मिश्रा,संगठन मंत्री राजेश कुमार,कार्यालय मंत्री कृष्णा यादव,प्रचार मंत्री प्रदीप पांडे, सदस्य विकास कुमार,खुर्शीद आलम,मनीष कुमार,बैद्यनाथ मंडल एवं आनंद पाठक बनाए गए हैं.विशाल कुमार सिंह सीवान शाखा के संरक्षक बनाए गए हैं.

इनरवा से दो लाख का गांजा जब्त,तस्कर गिरफ्तार

मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। इनरवा पुलिस ने शुक्रवार को गांजा के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। थानाध्यक्ष जय कुमार ने बताया कि सुचना मिली कि बाइक से मादक पदार्थ लेकर एक संदिग्ध खमियां बार्डर के रास्ते इनरवा में प्रवेश करने वाला है। पुलिस द्वारा चप्पे-चप्पे पर जाल बिछा दिया गया। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक से आता दिखाई दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि संदिग्ध की बाइक जैसे ही पास आया उसे चारों तरफ से घेर बाइक की तलाशी लेनी शुरू कर दी गई। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान बाइक की डिग्गी से 5 किलो 10 ग्राम बरामद कर उक्त संदिग्ध को दबोच लिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर गोपालपुर थाना के मलाही टोला गांव के अखिलेश कुमार बताया जाता है। जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

प्रमोद बने जदयू व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव


बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। स्थानीय नवदुर्गा ज्वेलर्स के प्रोपराईटर प्रमोद कुमार सर्राफ को जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव मनोनित किया गया है। प्रदेश जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष धनजी प्रसाद ने दिये गये पत्र में कहा है कि प्रदेश सचिव बनाये जाने के बाद से प्रकोष्ठ को मजबूति प्रदान होगा। यह मनोनयन पत्र सुबे की परिवहन मंत्री शीला मंडल व जदयू के कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ ने सौंपा। मनोनित होने के बाद श्री कुमार ने बताया कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है वे उसका पुरी तरह से पालन करने का प्रयास करेंगे। साथ हीं साथ उन्होंने इसके लिए ललन सर्राफ, धनजी प्रसाद, के प्रति आभार जताया। उनके मनोनयन पर आशुतोष तिवारी, रामचंद्र प्रसाद, कुमार नितेश , अरुण गुप्ता, शैलेंद्र कुमार पाठक, अमीत कुमार, मुकेश राय, नीरज सोनी, केशव मिश्र, जितेंद्र साह, बलराम प्रसाद आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

आरोपित किशोर को पुलिस ने भेजा बाल सुधार गृह

मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक किशोर को बाल सुरक्षा गृह भेज दिया।पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए जीएमसीएच भेजा गया। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि पीड़िता की मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद दुष्कर्म की पुष्टि हो सकेगी।पीड़िता की मां ने बताया कि एक मई को मनोज दास, संदीप दास उर्फ रंजीत दास और सियन दास ने उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण किया। मक्का के खेत में ले जाकर तीनों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। शुक्रवार को इस मामले में पंचायत बुलाई गई थी।पंचायत के दौरान दोनों पक्षों के पंचों के बीच मारपीट हो गई।दोनों पक्षों ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई।

सारण की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)

छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) सारण जिला कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक सर्किट हाउस छपरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख नौशाद ने की। बैठक में उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने देशभर में दलितों, पिछड़ों, शोषितों और अल्पसंख्यकों की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से उठाया है, उससे बहुजन समाज और अल्पसंख्यक समुदाय में उनके प्रति गहरा विश्वास जगा है। शेख नौशाद ने बताया कि बिहार प्रदेश अध्यक्ष जनाब जौहर आजाद और राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पार्टी निरंतर मजबूती की ओर बढ़ रही है। इस क्रम में सारण जिला कमिटी का विस्तार किया गया, जिसमें इम्तियाज उर्फ गुड्डू खान और गोविंदा कुमार को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने और बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही, शेख नौशाद ने ऐलान किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) सारण जिले की सभी विधानसभा सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी।



बेतिया में चलेगा विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। शहर में आये दिन जाम की समस्या को समाप्त करने, सड़क के चौड़ीकरण में बाधक बने स्थायी या अस्थायी निर्माण को हटाने का विशेष अभियान चलाया जायेगा। इसकी जानकारी जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने दी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बेतिया एवं बगहा एसपी के साथ बैठक कर इसपर रणनीति तैयार की गयी है। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने अपने कार्यक्षेत्र के सड़को की पैमाईश कराकर अतिक्रमणकारियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़को पर बेतरतीब स्थायी या अस्थायी निर्माण करानेवालो को चिन्हित कर उन्हें यथाशीघ्र अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया जा रहा है

जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने समाहरणालय के समक्ष किया प्रदर्शन

सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम से की मुलाकात, कार्रवाई का मिला भरोसा



सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार पर लगाम, शिक्षा, स्वास्थ्य की बदहाली एवं आम जन की समस्याओं को लेक शनिवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा सीवान समाहरणालय के समक्ष रोषपूर्ण प्रदर्शन किया. इससे पहले गौशाला रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय से झंडा, बैनर, मांगों की तख़्तियों के साथ जुलूस नारे लगाते हुए निकला. जुलूस यदुवंशी नगर, हॉस्पिटल रोड, दरबार सिनेमा, जेपी चौक, कचहरी रोड होते सीवान समाहरणालय पहुंचा. तैनात पुलिसकार्मियों ने समाहरणालय गेट को बंद कर दिया और आम जन की समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने नारेबाजी तेज कर दी. मौके की नजाकत को समझ सदर एसडीओ सुनील कुमार ने वार्ता की पहल की. एसडीओ के साथ कांग्रेस का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल डीएम की गैर मौजूदगी में एडीएम नवनील कुमार, डीडीसी मुकेश से मुलाकात कर 43 सूत्री मांगो का ज्ञापन सौंपा.प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. विधु शेखर पाण्डेय, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. के. एहतेशाम अहमद, प्रदुमन राय, ध्रुवलाल प्रसाद, मो. हक एवं शशि भूषण कुमार ने वार्ता में शामिल अधिकारियों से कहा कि जिले में अपराध, भ्रष्टाचार का ग्राफ बढ़ा हुआ. अपराध एवं भ्रष्टाचार का मजबूत कनेक्शन है. जिस तरीके से भूमाफिया सक्रिय हैं. वह किसी भी जमीन का दाखिल खारिज पैसे के बल पर करा लेता है.आम इंसानों का दाखिल खारिज रिजेक्ट हो जाता है. थाना, ब्लॉक से लेकर सभी कार्यालय दलालों के गिरफ्त में है और वहीं काम कराने का जरिया बनते हैं. यहीं से अपराध का मजबूत नेटवर्क बनता है.इसे तोड़ने की जरूरत है. कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सीवान शहर में कचरों के लिए बनाए गए डंपिंग यार्ड हॉस्पिटल रोड में फतेहपुर बाईपास मोड़, मालवीय चौक, चिक टोली मोड़, स्टेशन मोड़ समेत शहर के कई महत्वपूर्ण स्थानों से तत्काल हटाने, बरसात के पहले ड्रेनेज सिस्टम ठीक करवा शहर एवं जिले के विभिन्न हिस्सों में जल जमाव से मुक्ति,ग्रामीण अस्पतालों तक डॉक्टर, स्वास्थयकर्मी एवं दवा की गारंटी, स्ट्रीट लाइट, हाई मॉस्ट लाइट लगवाने,नल जल योजना का जमीनी क्रियान्वयन, एकता इंडोर स्टेडियम का जीर्णोद्धार कर शुरू करवाने, सहारा निवेशकों के रुपए की वापसी, दरौंदा- महाराजगंज रेलवे ढाला, सिसवन ढाला एवं कचहरी ढाला पर रेलवे ओवर ब्रिज या सबवे बनवाने, शताब्दी, राजधानी एवं वन्दे भारत जैसी ट्रेनों सीवान को मुहैया कराने,जिले के सभी प्रमुख बाजारों में सार्वजनिक शौचालय एवं पेयजल की उपलब्धता, घोड़पड़ास एवं वनसुअरों से किसानों की फसलों की रक्षा, इस्माइल शहीद रोड स्थित वाटर टैंक को शीघ्र चालू कर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता की मांग की. वहीं जन वितरण दुकानों में 5 किलो की जगह 4 किलो अनाज की उपलब्धता पर करवाई की मांग की. अधिकारियों ने मांगों पर कार्रवाई को लेकर संबंधित विभागों को निर्देश एवं डीएम से शीघ्र वार्ता का भरोसा दिलाया.

बाल श्रम के दोषियों के विरुद्ध करें कार्रवाई : डीएम

अधिकारियों ने बाल मजदूरी नहीं कराने की ली शपथ



बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में बाल श्रम उन्मूलन तथा किशोर श्रम निषेध एवं विनियमन हेतु गठित जिलास्तरीय टास्क फोर्स तथा जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों से कहा कि बाल श्रम उन्मूलन तथा किशोर श्रम निषेध एवं विनियमन हेतु सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। बच्चों को उक्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ ससमय मिले, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह कार्य सरकार की प्राथमिकताओं से एक है। उच्चस्तर पर लगातार समीक्षा की जा रही है। तनिक भी लापरवाही एवं कोताही नहीं करें। अपने दायित्वों का निवर्हन अच्छे तरीके से करें। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के कल्याण एवं उत्थान के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। श्रम अधीक्षक, समाज कल्याण विभाग, बाल कल्याण समिति, डीसीपीयू, शिक्षा, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा तथा अतिपिछड़ा कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर तरीके से कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि विभागीय दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि धावा दल द्वारा छापेमारी के क्रम में उत्पन्न विषम परिस्थिति से वरीय पदाधिकारियों को तुरंत सूचित करें ताकि त्वरित गति से कार्रवाई की जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि नियमित रूप से दुकान प्रतिष्ठान, कल-कारखाना, होटलों, ढ़ाबों की जांच करें। जांच के क्रम में बाल श्रमिक पाये जाते हैं तो विधिवत रूप से कार्रवाई करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों को ह्लमैं यह घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से बाल मजदूर से कोई कार्य नहीं लिया जाता है। साथ ही मैं यह भी शपथ लेता हूं कि अपने जीवन में ऐसी सेवाओं का भी उपभोग नहीं करूंगा, जिसके उत्पादन निर्माण में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बाल मजदूरों को लगाया गया हो। मैं राष्ट्र निर्माण के लिए बाल श्रम जैसी कुप्रथा को एक रूकावट मानता हूं, इसलिए मैं जीवन पर्यन्त बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु बाल श्रम जैसी कुप्रथा का सक्रिय रूप से विरोध करता रहूंगा। मैं यह भी शपथ लेता हूं कि मैं जीवन पर्यन्त बाल मजदूरी की कुप्रथा को पूर्णतया समाप्त करने हेतु सजग होकर प्रयास करता रहूंगा,ह्ल की शपथ दिलायी। मौके पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया डा. शौर्य सुमन, बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज, निदेशक, डीआरडीए, अरूण प्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी डा. विनोद कुमार, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार, श्रम अधीक्षक, विजय कुमार ठाकुर सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

दिघवारा में खेती बाड़ी कृषि क्लिनिक का शुभारंभ



दिघवारा (सारण) नवबिहार टाइम संवाददाता। किसानों के हित में बिहार सरकार द्वारा दिघवारा प्रखंड के नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सैदपुर गांव में खेतीबाड़ी कृषि क्लिनिक की शुरूआत की गई। सरकार की योजना के तहत प्रत्येक अनुमंडल में दो कृषि क्लिनिक स्थापित किए जाने हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को संयुक्त निदेशक (शस्य) राकेश रंजन ने इस क्लिनिक का उद्घाटन किया। इस क्लिनिक का संचालन कृषि स्नातक मुस्कान कुमारी की देखरेख में किया जाएगा। यह क्लिनिक किसानों को एक ही छत के नीचे मिट्टी जांच, बीज परीक्षण, कीट-व्याधि प्रबंधन, पौध संरक्षण संबंधी छिड़काव एवं उपकरणों की उपलब्धता जैसी तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराएगा। साथ ही उन्नत बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक उपलब्ध कराने के लिए क्लिनिक संचालक को आवश्यक अनुज्ञप्ति भी प्रदान की जाएगी। उद्घाटन समारोह में उपस्थित प्रमंडल के उपनिदेशक (पौधा संरक्षण) राधेश्याम कुमार ने कहा कि यह पहल किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। स्थानीय स्तर पर कीट-व्याधि की पहचान और निदान से उत्पादन और उत्पादकता दोनों में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी पवन कुमार ने कहा कि बीज विश्लेषण की सुविधा मिलने से बीज विस्थापन दर में वृद्धि होगी और किसान बेहतर फसल उत्पादन कर सकेंगे। इस अवसर पर कृषि समन्वयक संतोष कुमार सिंह, सभी किसान सलाहकार, विभागीय कर्मी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत



लहलादपुर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जनता बाजार थाना क्षेत्र के सारण गांव निवासी राजेंद्र चौहान (65) की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर वे अपने छोटे भाई की पोती के तिलक समारोह की तैयारी कर रहे थे, तभी जनता बाजारझपैगम्बरपुर मुख्य सड़क पर एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से वे सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। बाइक सवार युवक भी गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को लहलादपुर पीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। राजेंद्र चौहान की हालत चिंताजनक देख उन्हें वहां से पीएमसीएच, पटना भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक स्वयं को दाउदपुर का निवासी बिगन सिंह बता रहा था। इस हादसे से राजेंद्र चौहान के घर में तिलक समारोह की खुशियां मातम में बदल गईं। जहां एक ओर घर में मंगल गीत गूंज रहे थे, वहीं अचानक चीख-पुकार मच गई। घर आए मेहमानों के चेहरे भी गमगीन हो उठे।

चुनाव आयोग के सचिव व केरल के डिप्टी सीइओ ने की गहन जांच

एफएलसी प्रक्रिया का सौ फीसदी अनुपालन, व्यवस्था को बताया अति संतोषप्रद

के. के. सिंह सेंगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





छपरा (सारण)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) को लेकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने शनिवार को आयोग के सचिव एस. के. मिश्रा और केरल के डिप्टी चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर अमिष टी सारण पहुंचे। अधिकारियों ने एफएलसी प्रक्रिया के तकनीकी व भौतिक सभी पहलुओं की गहनता से जांच की और इसे आयोग के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत अनुपालन वाला कार्य बताया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने इंट्री गेट पर डीएफएमडी की स्थिति, मोबाइल जमा केंद्र, सुरक्षा व्यवस्था और प्रवेश रजिस्टर की जांच की। उन्होंने स्वयं लॉगबुक में एंट्री कर वहां दर्ज तिथि, समय और लोगों की संख्या का मिलान किया। निरीक्षण टीम ने एफएलसी हॉल की स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, हवा की निकासी, अग्निशमन यंत्र, पेयजल, शौचालय और खानपान की सुविधाओं को भी देखा। सीसीटीवी के कवरेज से लेकर ब्लैक स्पॉट की संभावना, पुराने फुटेज की जांच, फायर अलार्म की कार्यशीलता भी उनके निरीक्षण में शामिल रही। दोनों अधिकारियों ने मशीनों की सफाई में प्रयुक्त केमिकल की जांच कर देखा कि वह आईएसओ प्रोफाइल एल्कोहल है या नहीं। पीएफएलसी यूनिट, सिम्बल लोडिंग, मॉक वोटिंग और पर्ची की गिनती तक हर प्रक्रिया को बारीकी से देखा गया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक बटन पर छह-छह वोट डालने पर वीवीपैट में प्रिंट सही तरीके से दिख रहा है या नहीं। निरीक्षण के दौरान एफएलसी से ओके मशीनों को ईएमएस पोर्टल पर स्कैन कर उनकी स्टोरेज व्यवस्था को देखा गया। वहीं, रिजेक्टेड मशीनों को अलग वेयरहाउस में सुरक्षित रखने की प्रक्रिया भी जांची गई। रैंडम आधार पर कुछ मशीनों की भी जांच की गई। करीब तीन घंटे के निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने सारण में चल रहे एफएलसी कार्य को 'अत्यंत संतोषप्रद और सराहनीय' बताया। उन्होंने कहा कि इसकी रिपोर्ट 45 बिंदुओं पर आधारित 'एनेक्चर-14' में चुनाव आयोग को भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त सह एफएलसी निरीक्षक सुनील कुमार पांडेय, उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद इकबाल, नोडल पदाधिकारी रवि प्रकाश, डीपीआरओ रतन परवेज समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

सम्मेलन को ले विद्यालय रसोइया संघ ने निकाली रैली



बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार राज्य विधालय रसोईया यूनियन एटक के प्रथम राज्य सम्मेलन के अवसर पर बेतिया में रसोईया का विशाल रैली निकाला गया जो बेतिया के महत्वपूर्ण सडकों से होकर हरिबाटिका सिमरिखा उत्सव भवन सम्मेलन स्थल पहुंचा। वहाँ आल इंडिया मिड डे मिल फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव श्याम काले ने झडोतोलन किया तथा शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर सम्मेलन की शुरूआत की। इस अवसर पर एटक के राज्य महासचिव अजय कुमार, राज्य अध्यक्ष गजनफर नवाब, बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के राज्य महासचिव कुमार विन्देश्वर, आशा के महासचिव कौशलेन्द्र वर्मा, कामायनी गोस्वामी, ओम प्रकाश क्रांति सहित सभी लोगों ने शहीद वेदी पर माल्यार्पण किया। पं चम्पारण रसोईया यूनियन की ओर से राष्ट्रीय एवं राज्य नेताओं को शाल एवं फूल माला से सम्मानित किया गया। यह सम्मेलन दो दिनों तक चलेगा जिसमें रसोईया की समस्याओं पर मंथन कर आगे की रणनीति तय किया जायेगा। 20 मई के राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया गया। खुले अधिवेशन की अध्यक्षता जिला के किसान नेता राधामोहन यादव ने किया। चम्पारण की धरती से रसोईया के आंदोलन का शंखनाद होने जा रहा है, या तो सरकार रसोईया का मानदेय बढाये, या रसोईया सरकार बदल देगी।इस महंगाई में 1650 रुपए में दम नही, 26 हजार से कम नहीं। रैली का नेतृत्व लालबाबु राम, वीणा देवी, रंजना, लक्की, रामाश्रय हजरा, शंभु नाथ मिश्र, रामायण दास, रमावती, ऐम्बुलेंस नेता सुनील राम ने किया।

बेतिया पुलिस ने कसा अपराधियों पर नकेल

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विगत अप्रैल माह में बेतिया पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलो में आरोपितों पर नकेल कसने का काम किया है। पुलिसिया कार्रवाई में हत्याकांड में 21 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजनेमें कामयाबी हासिल की है। कुल मिलाकर अप्रैल माह में 749 आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विगत अप्रैल माह में 749 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। 21 अभियुक्तों में हत्याकांड में, लूट के मामले में एक, आर्म्स एक्ट में सात, एससी-एसटी कांड में आठ, लोकसेवक पर हमला के मामले में 14, अपहरण के कांड में 15, एनडीपीएस एक्ट में आठ, पोक्सो एक्ट में पांच, हत्या के प्रयास के मामले में 55, दंगा के मामले में दो, चोरी के कांड में 31, उत्पाद अधिनियम में 221 व अन्य कांडों में 63 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

जातीय जनगणना को लेकर रालोमो ने निकाली आभार यात्रा



सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने केंद्र सरकार द्वारा जाति जनगणना कराई जाने की घोषणा पर आभार यात्रा निकाला. यह आभार यात्रा शहर के गोपालगंज मोड़ स्थित अंबेडकर पार्क से निकलकर जेपी चौक तक पहुंचा. जहां प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद एवं आभार यात्रा का आयोजन किया गया. राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी रालोमो ने बाल्मीकि नगर में बीते दिनों राजनीतिक मंथन शिविर का आयोजन किया गया था. जिसमें 14 सूत्री प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया था.जिसमें जातीय जनगणना पूरे देश में करने की मांग को अपने एजेंट में शामिल किया था. इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री ने संज्ञान में लेकर जाति जनगणना की घोषणा की जो एक ऐतिहासिक कदम है. इस जातीय जनगणना से देश के दुबे ,कुचले, वंचित शोषित समाज को अपना हक व अधिकार मिल सकेगा. इस मौके पर अब्दुल रिजवान, ओम प्रकाश कुशवाहा ,महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ई. इंजीनियर स्मृति कुमुद, प्रदेश सचिव अभिषेक रंजन, जिला प्रवक्ता अधिवक्ता कुमार राजीव रंजन, उदय कुमार, डॉ. के कुमार ,जामदार सिंह ,हाजी अख्तर अली, बिट्टू सिंह ,सुभाष कुमार, नुरुल होदा, इरशाद जफर अहमद, किशोर सिंह, सुमित यादव, इरफान, पिंटू कुमार सहित अन्य पार्टी के सदस्य मौजूद थे.

नीट यूजी परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न करना प्राथमिकता : जिला पदाधिकारी



सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। 04 मई को जिले के कुल 10 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाले होने वाले नीट यूजी परीक्षा को लेकर शनिवार को जिला पदाधिकारी सिवान एवं पुलिस अधीक्षक सिवान के द्वारा संयुक्त रूप से परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं केंद्राधीक्षकों को डॉ अंबेडकर भवन के संवाद कक्ष में संयुक्त रूप से संबोधित किया गया।आयोजित इस परीक्षा में कुल 5446 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।जिला पदाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था रहेगी। साथ ही कड़ी निगरानी की व्यवस्था के तहत सभी परीक्षा केंद्रों पर वीडियो ग्राफी की व्यवस्था के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों एवं जैमर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। परीक्षा कक्ष, प्रवेश द्वार, और कॉरिडोर में कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा की जाएगी।प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही गश्ती दल दंडाधिकारी भी सक्रिय रहेंगे। जिला समाहरणालय में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जो परीक्षा के दौरान 24ग्7 कार्यरत रहेगा। यहां से सभी केंद्रों पर नजर रखी जाएगी तथा किसी भी प्रकार की शिकायत या समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा।वही पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों के अंदर एवं बाहर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।ताकि किसी भी प्रकार की भीड़-भाड़, अनुचित गतिविधियों से परीक्षा में बाधा उत्पन्न ना हो। परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। दिव्यांगजन परीक्षार्थियों के लिए विशे

पुनपुन बराज परियोजना : डीएम ने किसानों एवं रैयतों के साथ की वार्ता, कहा

किसानों को मिले उचित मुआवजा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। गोह प्रखंड क्षेत्र के हमीदनगर स्थित पुनपुन बैराज परियोजना कार्य में किसानों के अधिग्रहित जमीनों का मुआवजा से संबंधित विवाद को लेकर किसानों एवं रैयतों के साथ जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा वार्तालाप किया गया। जिलाधिकारी स्थलीय निरीक्षण करते हुए किसानों द्वारा मुआवजा को लेकर कार्य में बाधा डालने से संबंधित सूचना को लेकर सभी किसानों एवं रैयतों द्वारा बारी-बारी से उनकी समस्याओं का सुना गया एवं उन्हें हर संभव विधिवत उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सरकार किसानों को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने के हित में ही काम करती है। जब तक आप नहीं चाहोगे तब तक यह काम शुरू नहीं हो पाएगा। यह बैराज जो सिंचाई के लिए बन रहा है, वह किसानों एवं आम जनता के हित में बन रहा है। इसमें किसी एक व्यक्ति को फायदा नहीं होगा। यह बैराज बन जाने से पूरे आसपास के क्षेत्र के किसानों को फायदा होगा। सरकार द्वारा जो भी बड़े-बड़े कार्य किया जाता है, वह आम जनता के जनहित में जनकल्याण के लिए किया जाता है। यह बात हमें और आप सभी को समझाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम औरंगाबाद से चलकर यहां आप लोगों के समस्या को निराकरण करने के लिए पहुंचे हैं क्योंकि हमलोग सरकार के प्रतिनिधि हैं एवं जनता के प्रति उत्तरदायित्व है। हमें जो ड्यूटी निभाना है जनता के लिए वह काम हमलोग करेंगे। यह प्रोजेक्ट सरकार द्वारा जनता के लिए है जनता की जो भी समस्याएं हैं उसे हम लोग सुनते हुए उसका समाधान एवं निदान करते हुए आगे बढ़ते हैं। हम लोग भी यही चाहते हैं कि उचित मुआवजा आपको मिले। मुआवजा लेने के लिए आप लोगों को ही आगे आना होगा। जिलाधिकारी द्वारा सभी किसानों एवं रैयतों को उचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया। मौके पर औरंगाबाद अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषि राज, कार्यपालक अभियंता पुनपुन बैराज प्रमंडल एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

छत से गिरकर महिला एवं बच्ची घायल

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। मदनपुर प्रखंड के सलैया थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में छत से गिरकर एक महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान उस गांव निवासी रिंकू देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रिंकू देवी किसी काम से छत पर गई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया, फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

दूसरी ओर मदनपुर प्रखंड के बनिया पंचायत के गौरा गांव में छत से गिरकर एक पांच वर्षीया मासूम गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल मासूम की पहचान उस गांव निवासी धनंजय यादव की पुत्री काजल कुमारी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि काजल घर के छत पर खेल रही थी, इसी दौरान गिरकर घायल हो गई। इसके बाद घायल मासूम काजल का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

विवाहिता की गला दबाकर हत्या पति व अन्य आरोपित फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। दहेज को लेकर एक विवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। मामला नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के रामनगर टोले सूर्यपुरा गांव की है, जहां शादी के आठ साल बाद घरेलू विवाद व दहेज को लेकर ससुराल वालों ने 30 वर्षीया महिला की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान सत्येंद्र प्रजापत की पत्नी मंजू देवी के रूप में हुई है। मृतका का मायका मदनपुर प्रखंड के शिवगंज गांव में है। वैसे फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की भी चर्चा सुर्खियों में है। घटना शुक्रवार देर रात की है। शनिवार की सुबह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मृतका का भाई शिवगंज निवासी राजू कुमार ने बताया कि 2017 में अपनी बहन की शादी धूमधाम से की थी। शादी के बाद एक साल तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा। इसके बाद उसकी सास व पति दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे। इस दौरान कई बार मारपीट भी की गई। हालांकि कई बार मामले में भी समझौता हुआ। लेकिन इसके बावजूद कोई हल नहीं निकला और ससुराल वाले प्रताड़ित करते रहे। राजू ने बताया कि शादी के बाद मंजू निःसंतान थी, जिसको लेकर सास उस पर ताना मारती थी। उसका पति दूसरी शादी करना चाहता था। दूसरी शादी करने के लिए वह मंजू से तलाक की मांग करता था, लेकिन मंजू ने तलाक नहीं दिया। इधर, शुक्रवार की सुबह उसकी मारपीट कर हत्या कर दी गई।



मृतका की फाइल फोटो

- **शादी के आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी बच्चा नहीं होने से पति करना चाहता था दूसरी शादी**

मामले की सूचना फोन पर मिलने के बाद पहुंचा तो देखा कि उसका शव एक कमरे में रखा हुआ है। जबकि सास और उसका पति फरार है। घर में सिर्फ उसके मामा थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस को देख बहनोई का मामा फरार हो गया। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने बताया कि एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या की सूचना मिली है। शव का पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज भी हुआ है, पति व सास सहित पांच से छह लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

घर से अवैध हथियार व जिंदा कारतूस बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। एक घर से पौथू थाना की पुलिस द्वारा दोनाली बंदूक का एक बैरल एवं 15 जिंदा कारतूस को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के लट्टा गांव निवासी श्याम किशोर शर्मा के घर पर की गई जिसमें छिपाकर रखे गए अवैध हथियार व कारतूस को बरामद किया गया। जबकि श्याम किशोर शर्मा मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि सूचना मिली की एक घर में छिपाकर अवैध हथियार एवं कारतूस रखा गया है जिसके आलोक में छापेमारी के फलस्वरूप अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किया गया है। जबकि आरोपित पुलिस की भनक पाकर फरार हो गया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश पाने के लिए पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है, इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जातीय जनगणना को लेकर रालोमो ने निकाली आभार यात्रा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के निर्देश पर शनिवार को औरंगाबाद में जिला इकाई के द्वारा जाति जनगणना का आभार यात्रा शहर में निकाला गया। आभार यात्रा के माध्यम से राजनीतिक मंथन शिविर में प्रस्तावित 14 मांगों में जातिगत जनगणना पर लगी मुहर पर प्रधानमंत्री मोदी को औरंगाबाद राष्ट्रीय लोक मोर्चा के द्वारा धन्यवाद प्रकट किया गया। आभार



प्रकट करने वाले में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अशोक मेहता, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा, प्रदेश महासचिव जैनेंद्र कुशवाहा, युवा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी अमर उजाला, बलवंत कुशवाहा, कामता प्रसाद, धर्मेंद्र कुशवाहा, पप्पू कुमार सिंह, जितेंद्र कुशवाहा, महावीर प्रसाद, अवधेश प्रसाद, विनोद प्रसाद, उदय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहें।

ऑटो की टक्कर से महिला जख्मी

औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)। शहर के सिन्हा कॉलेज मोड़ के समीप ऑटो से उतरने के दौरान एक 38 वर्षीया महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान भदवा गांव निवासी दीपांजलि देवी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल महिला ने बताया कि वह भदवा बाजार से ऑटो पकड़कर किसी काम से औरंगाबाद जा रही थी। इसी दौरान सिन्हा कॉलेज मोड़ के समीप ऑटो से उतरने के दौरान उसका पैर फंस गया और वह गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया और घटना की सूचना परिजनों को दी।

अचानक उठा दर्द और शिक्षक ने विद्यालय में ही तोड़ा दम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज प्रखंड के मध्य विद्यालय भेटनिया में इसी गांव के निवासी 53 वर्षीय शिक्षक हरिनंदन प्रजापति की मौत विद्यालय में ही हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही पौथु थाना के एसआई चंदन कुमार मौके पर पहूंचे और शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सुमेर नाथ ने बताया कि प्रतिदिन की भांति शनिवार को भी शिक्षक विद्यालय गये। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में हाजिरी बनाकर बच्चों को पुस्तक वितरण कर रहे थे। करीब 12 बजे अचानक दर्द उठा, कोई कुछ समझ पाता इससे पहले शिक्षक की मौत हो गयी। घटना से पत्नी सुमित्रा देवी एवं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

- **53 वर्षीय शिक्षक हरिनंदन प्रजापति की अचानक मौत से पूरा परिवार सदमे में**

ट्रक व कार की टक्कर में आधा दर्जन लोग घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। ट्रक व कार की टक्कर में कार सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना औरंगाबाद- हरिहरगंज मुख्य पथ के एनएच 139 पर कुटुंबा प्रखंड के छक्कनबार गांव के समीप की है। घायलों में ओबरा प्रखंड के कुरमा गांव निवासी जितेंद्र पासवान की पत्नी संगीता देवी, अरविंद कुमार के पुत्र रुद्र कुमार सहित अन्य लोग शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि सभी लोग कार में सवार होकर हरिहरगंज तरफ किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान कुटुंबा प्रखंड के छक्कनबार गांव के समीप ट्रक ने कार में टक्कर मार दिया, जिससे कार सवार सभी लोग घायल हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने



दुर्घटनाग्रस्त कार

प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रेफर कर दिया, फिलहाल संगीता देवी एवं रुद्र कुमार का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

नाला विवाद में जमकर चला लाठी-डंडा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। मदनपुर थाना क्षेत्र के एरकीकला गांव में जबरन नाली बहाने से मना करने पर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडों से मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्षों से नौ लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में किया गया। चिकित्सक ने बताया कि घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया है। सभी सामान्य स्थिति में है। प्रथम पक्ष के घायलों में हलखोरी प्रजापति, रामकृत प्रजापति की पत्नी मंजु देवी, विकाश कुमार प्रजापति की पत्नी रिन्कु देवी, रामकृत प्रजापति, उमेश कुमार एवं विकाश कुमार प्रजापति शामिल हैं जबकि दूसरे पक्ष से डोमन प्रजापति, अनुज कुमार एवं जितेन्द्र कुमार शामिल हैं। बताया जाता है कि हलखोरी प्रजापति के जमीन से रामकृत प्रजापति के द्वारा जबरन नाली बहाया जा रहा था। नाली बहाने से मना करने पर नहीं माने जिसको लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गए और घायलों को इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।

मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, तीन जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। हसपुरा प्रखंड के जलपुरा गांव में दो पाटीदारों के बीच हुए एक मामली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें तीन लोग जख्मी हो गए। जानकारी के अनुसार दरवाजे के सामने कचरा फेंकने को लेकर दो पाटीदारों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में पति-पत्नी सहित तीन लोग जख्मी हो गए। जख्मियों में समता कुमार सिंह, समता कुमार सिंह की पत्नी इंदू देवी व पुत्र अंकित कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी अंकित कुमार ने बताया कि दरवाजे के बाहर पड़ोसियों द्वारा कचरा फेंका जाता है। पूर्व में कई बार कचरा फेंकने को लेकर मना किया गया, लेकिन वे लोग नहीं माने। शनिवार की सुबह पड़ोसी द्वारा कचरा फेंका जा रहा था, जब कचरा फेंकने से मना किया और इसका विरोध किया तो बहसबाजी शुरू हो गई। मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ लिया। आवेश में उन लोगों ने लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे पति-पत्नी सहित तीन लोग जख्मी हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह दोनों पक्षों को अलग किया। मिली जानकारी के अनुसार दूसरे पक्ष से भी कुछ लोग जख्मी हुए हैं। घटना के बाद परिजनों ने जख्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया, फिलहाल घटना की सूचना हसपुरा थाना की पुलिस को दी गई है।

- **गंभीर रूप से घायल लोगों को सदर अस्पताल किया रेफर**

दो बाइकों की टक्कर में तीन सवार जख्मी, रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर (औरंगाबाद)। मदनपुर थाना क्षेत्र के मिठाईयां गांव के समीप शनिवार को एनएच 19 पर सुबह में दो बाईकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन युवक घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार गया जिले के आमस थाना के मंझौलिया निवासी इंद्र यादव के पुत्र चन्दन कुमार और बीरेंद्र यादव के पुत्र अभिशेष कुमार दोनों बाइक से मदनपुर से अपने घर लौट रहे थे तभी आमस तरफ से बाइक से ही बांके बाजार थाना क्षेत्र के पिपराटांड सोनदाहा निवासी बलिन्दर मांझी के पुत्र रुस्तम कुमार मिठाईयां के पास ज्योंही पहुंचा सामने से आ रहे बाइक में टक्करा गया जिससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। चिकित्सकों ने बताया कि घायलों का प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

चोरी का आरोप लगा महिला के साथ मारपीट

- **मामले में दंपति ने थाने में दिया आवेदन**
- **थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया, जांच पड़ताल बाद की जाएगी कानूनी कार्रवाई**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गोह (औरंगाबाद)। शुक्रवार की देर शाम उपहारा थाना क्षेत्र के महदीपुर में चोरी के आरोप लगाकर महिला के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में शनिवार को केदार साव के पत्नी लीलावती देवी ने स्थानीय थाने में आवेदन दी



है। उक्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि बराबर बच्चू साव के पुत्र रामकुमार व रंजन एवं अन्य उसके परिजनों द्वारा झूठा चोरी के आरोप लगाकर मारपीट करता है। इससे पूर्व में भी कई बार मारपीट किया है। मारपीट में महिला की आंख व सिर में गंभीर चोटें आई है, जिसका इलाज गोह सीएचसी में कराया गया। मामले में थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि आवेदन मिली है, जांच पड़ताल के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मारपीट में घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। प्रखंड के हसनपुर गांव में गाली-गलौज का विरोध करने पर दो पक्षों में शुक्रवार की रात्रि मारपीट की घटना घटित हुई। मारपीट में गांव के उपेंद्र कुमार घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टर संतोष कुमार की देख-रेख में घायल का ईलाज किया गया। घायल उपेंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार को मेरे पिताजी के साथ गांव के कुछ युवकों के साथ गाली गलौज हुआ था। उसी की विरोध में आज मारपीट की घटना मेरे साथ घटित की। घटना की जानकारी मिलते ही रफीगंज पुलिस छानबीन में जुट गई।

15 मई से शुरू होगा नौ दिवसीय सतचंडी महायज्ञ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सदर प्रखंड के फेसर गांव में श्री सतचंडी महायज्ञ को लेकर ग्रामीण उत्साहित हैं। महायज्ञ दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर आयोजित की जाएंगी। जलभरी यात्रा 15 मई को गाजे-बाजे के साथ निकलेगी। यह शतचंडी महायज्ञ सभी ग्रामीण एवं आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से हो रहा है जिसकी जानकारी देते हुए पंचायत के समाजसेवी राकेश कुमार ने बताया कि यज्ञ में प्रवचनकर्ता पूज्य गोदम्बा वैष्णवी जी के मधुर वाणी से सम्पन्न होगा। जबकि महायज्ञ आचार्य श्री सत्यनारायण जी महाराज जी के तत्वाधान मे आयोजित की जाएगी। साथ ही वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला एवं रामलीला का कार्यक्रम आयोजित होगा। महायज्ञ को लेकर भव्य पंडाल एवं परिक्रमा पंडाल कार्यकर्ताओं द्वारा बनवाया जा रहा है, जो देखने के काफी सुंदर दिखेंगे। यह महायज्ञ नौ दिवसीय होगा।

- **महायज्ञ को लेकर बनाया जा रहा भव्य पंडाल**

महिला सशक्तिकरण के लिए गांव-गांव हो रहा 'महिला संवाद' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। महिला संवाद कार्यक्रम औरंगाबाद जिले के सभी 11 प्रखंडों में आयोजित किया जा रहा है जिसमें महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सदर प्रखंड के पड़रावा, हसपुरा प्रखंड के अमझर, दाऊदनगर के गोरड़ीहा, नबीनगर प्रखंड के चरण एवं मदनपुर के वार इत्यादि ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम मे सात हजार से ज्यादा महिलाएं शामिल हुई। बता दें कि महिला संवाद महिला सशक्तिकरण की दिशा में



एक पहल है जिसके माध्यम से महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी महिलाओं को दी जा रही है। ग्रामीण महिलाएं इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर रही है जिससे की आगे चलकर उसका समुचित लाभ ले पाएगी। इसके साथ ही महिलाओं से सुझाव को भी लिया जा रहा है कि व्यक्तिगत अथवा सार्वजानिक हित में और सरकार से क्या अपेक्षाएं है। उनके द्वारा बताये गये अपेक्षाएं को संकलित कर प्राथमिकता निर्धारण की जा रही है एवं उसका दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। आगे उसे जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार को भेजा जाएगा ताकि उस पर विचार कर समाधान एवं नीतिगत निर्णय लिया जा सके। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अभी तक लिए गए निर्णय एवं किए गए कार्यों की जानकारी ऑडियो विजुअल के माध्यम से सभी महिलाओं को दी जा रही है। इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण के दिशा में संचालित राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लीफ्लेट्स के माध्यम से दिया जा रहा है जिसे सभी महिलाएं पढ़कर जानकारी प्राप्त कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का महिलाओं के नाम संदेश भी सभी को दिया गया। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित महिलाएं रिंकु देवी, पारो देवी, कौशल्या देवी, पूजा देवी, खुशबु देवी एवं किस्मतिया देवी ने अपना अनुभव साझा किया की कैसे राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभ ले कर अपने परिवार के जीवन स्तर मे सुधार ला रही है और गांव के अन्य लोगों को भी प्रेरित कर रही है। रौशनी ग्राम संगठन, चरण, नबीनगर के महिला संवाद में मो. अनवर हुसैन, प्रबंधक संचार, जीविका एवं गुलाब ग्राम संगठन, ददपा, कुटुम्बा, के महिला संवाद में डॉ. चंदन कुमार, प्रशिक्षण पदाधिकारी, जीविका ने भाग लिया। उनके द्वारा महिला संवाद के बारे बताया गया की बिहार सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न विभिन्न तरह की योजना चलाई जा रही है जिसका लाभ सभी को लेना चाहिये।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269